आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 16°C | 8°C |

इनसाइड न्यूज
योगी सरकार चिकित्सा शिक्षा में देगी करीब 12 सौ नौकरियों की सौगात
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 05 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 85 www.janexpresslive.com/epaper



'मुंबई का मेयर हिंदू-मराठी होगा... 12

## काशी में वॉलीबॉल महाकुंभ: पीएम मोदी ने किया शुभारंभ, बोले, टीम फर्स्ट का संदेश देता है ये खेल, एक साथ रहें सभी

# बनारस में जोश हाई रहेगा: मोदी

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी में 72वीं नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने प्लेयर्स को काशी की कहावत सुनाई। कहा- हमारे बनारस में कहा जाता है, 'बनारस के जानय के चाहत हऊवै तो बनारस आवै के पड़ी।' यानी, बनारस को जानना है तो आपको बनारस आना पड़ेगा। आप सब अब बनारस आ गए हैं, तो बनारस को जान भी जाएंगे। मोदी ने कहा- देश के 28 राज्यों की टीमें यहां जुटी हैं। आप सभी एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बहुत सुंदर तस्वीर पेश कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बनारस का जोश हाई रहेगा। हमें बहुत गर्व होता है, जब जेन-जे को खेल के मैदान में तिरंगा फहराते देखते हैं।




### उद्घाटन समारोह का नजारा

सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम रंग-बिरंगे झंडों और बैनरों से सजा हुआ था। सुबह से ही खिलाड़ी, कोच और दर्शक जुटने लगे थे। सीएम योगी के पहुंचते ही हर-हर महादेव के नारे गूंज उठे। दोपहर 12 बजे पीएम मोदी के वर्चुअल जुड़ते ही पूरा स्टेडियम जयघोष से भर गया। पीएम ने 'नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव' कहकर सभी का अभिवादन किया।

### पीएम का संदेश: टीम फर्स्ट की भावना

पीएम मोदी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वॉलीबॉल टीमवर्क का सबसे सुंदर उदाहरण है। हर खिलाड़ी अपनी टीम के लिए खेलता है, व्यक्तिगत नहीं। यह खेल सिखाता है कि जीत अकेले की नहीं, पूरे दल की होती है। उन्होंने इसे देश की 'इंडिया फर्स्ट' भावना से जोड़ा। काशी की संस्कृति को समझने की सलाह देते हुए कहा कि यहां के दर्शक आपको भरपूर उत्साह देंगे।

### भव्य आयोजन और भागीदारी

यह पहली बार है जब काशी में इतने बड़े स्तर की वॉलीबॉल प्रतियोगिता हो रही है। देशभर से 58 से अधिक टीमें और करीब 1000 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आयोजन 4 से 11 जनवरी तक चलेगा। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भी संबोधन में खिलाड़ियों की पहचान और सरकार के खेल समर्थन पर जोर दिया। वंदे मातरम गान के साथ समारोह की शुरुआत हुई।

### चैंपियनशिप में बनारस का जोश हाई रहेगा

पीएम मोदी ने कहा- बनारस में कुश्ती, अखाड़े, नौका दौड़, कबड्डी जैसे कई खेल मशहूर हैं। बनारस ने कई राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। बीएचयू, यूपी कॉलेज, काशी विद्यापीठ जैसी संस्थाओं के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छाए रहे हैं। मुझे विश्वास है कि नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बनारस का जोश हाई रहेगा। आप सभी खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाने वाले दर्शक मिलेंगे। काशी की आतिथ्य परंपरा को जीने का अवसर भी मिलेगा।

### 'बनारस के जानय के चाहत हऊवै तो...'

पीएम मोदी ने कहा- आज यहां देश के 28 राज्यों की टीमें जुटी हैं। आप सब एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बहुत सुंदर तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। हमारे बनारस में कहा जाता है- बनारस के जानय के चाहत हऊवै तो बनारस आवै के पड़ी... आप सब अब बनारस आ गए हैं, तो बनारस को जान भी जाएंगे। हमारा बनारस खेल प्रेमियों का शहर है।

### मोदी ने हर-हर महादेव के साथ भाषण की शुरुआत की

पीएम मोदी ने हर-हर महादेव के साथ भाषण की शुरुआत की। फिर कहा- देशभर से आए सभी खिलाड़ी, काशी के मेरे परिवारजनों नमस्कार। आज काशी के सांसद के नाते आप सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी है। पीएम ने कहा- आज से काशी में नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप का शुभारंभ हो रहा है। आप सभी खिलाड़ी बहुत मेहनत के बाद नेशनल लेवल पर पहुंचे हैं। आपने मेहनत की है, आने वाले दिनों में काशी के मैदान पर उसकी परीक्षा होगी।

### 11 साल में सबने एक नए भारत को देखा

योगी ने कहा- 11 साल में सबने एक नए भारत को देखा है। भारत को बदलते देखा। पीएम मोदी ने विजन से आज हर भारतवासी उसका लाभ ले रहा। समाज के अंतिम पायदान पर भी खड़ा व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ ले रहा। हर भारतवासी ने 11 साल के अंदर एक नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। 2014 में पीएम मोदी ने 'खेलो इंडिया' की शुरुआत की। खेल अब समय बर्बादी का नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का अभिन्न हिस्सा है।

### जेन जी तिरंगा फहराते देख गर्व होता है: मोदी

पीएम मोदी ने कहा- वॉलीबॉल साधारण खेल नहीं है। नेट के इस पार-उस पार... दोनों तरफ संतुलन और सहयोग का खेल है। इस खेल में संकल्प शक्ति भी दिखती है। हम तभी सफल होते हैं, जब अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाते हैं। हमारा देश भी इसी से आगे बढ़ रहा है। स्वच्छता से डिजिटल पेमेंट, एक पेड़ मां के नाम से लेकर विकसित भारत के निर्माण तक हम देश के लिए काम कर रहे हैं। भारत की ग्रोथ और हमारी इकोनॉमी की प्रशंसा हो रही है। यह आत्मविश्वास खेल के मैदान में भी दिखता है। हम साल 2014 के बाद से देख रहे हैं कि अलग-अलग खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बढ़ रहा है। हमें बहुत गर्व होता है, जब जेन जी को खेल के मैदान में तिरंगा फहराते देखते हैं। एक समय था जब खेलों को लेकर सरकार में उदासीनता का भाव था। इसलिए खिलाड़ियों में भी अपने भविष्य को लेकर आशंका रहती थी।

### आज गांव से शहर तक खेल को बढ़ावा दिया जा रहा: योगी

योगी ने कहा- आज खेल की इस नई संस्कृति में खेलो इंडिया खेला, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेलकूद प्रतियोगिता चल रही है। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से आज गांव से शहर तक खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में 43 वर्ष बाद यह सीनियर नेशनल वॉलीबाल चैंपियनशिप वाराणसी नगर निगम की ओर से कराया जा रहा है। योगी ने कहा- ये संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में जो भी इन्फ्रास्ट्रक्चर दिख रहा है, वो पीएम मोदी के विकास के विजन को दिखाता है। यहां खिलाड़ियों को ट्रेनिंग के उद्देश्य से आज एमओयू हुआ है। आज देश स्तर पर ओलिंपिक, कामनवेल्थ गेम्स और इंटरनेशनल स्तर पर प्रतियोगिताओं में हमारा खिलाड़ी हिस्सा ले रहा है। पहले की तुलना में ज्यादा मेडल प्राप्त कर रहा है। आज इस अवसर पर देशभर की 58 टीमें, जिनमें- 30 पुरुष और 28 महिला टीमें प्रधानमंत्री की पावन धरा अविनाशी काशी में पधारे हैं। मैं उन सभी का स्वागत करता हूं।

### 11 सालों में सबने एक नए भारत को देखा

इससे पहले, सीएम योगी ने कहा- पिछले 11 सालों में सबने एक नए भारत को देखा है, भारत को बदलते देखा है। देश में एक नई खेल संस्कृति को पनपते देखा है। 2014 में पीएम मोदी ने 'खेलो इंडिया' की शुरुआत की। अब खेल समय की बर्बादी नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का अभिन्न हिस्सा है। काशी में हो रही वॉलीबॉल चैंपियनशिप में देशभर की 58 टीमें हिस्सा ले रही हैं। यूपी की ओर से पुरुष टीम के कप्तान श्रेयांस सिंह (यूपी पुलिस) हैं, जबकि महिला टीम की कप्तानी प्रियंका (यूपी पुलिस) कर रही हैं। उद्घाटन मैच यूपी और बिहार की पुरुष टीम के बीच खेला जा रहा है। यूपी को 43 साल बाद नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। इससे पहले 1984 में इसका आयोजन हुआ था। उद्घाटन से पहले खिलाड़ियों ने सिगरा स्टेडियम में मार्च पास्ट किया, जहां 'सारे जहां से अच्छा' की देशभक्ति धुन गूंजती रही।

## तीन दिन रहेंगे सांसों पर भारी: बेहद खराब श्रेणी में दिल्ली की हवा

# गुरुग्राम-ग्रेनो राजधानी से भी अधिक जहरीली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति धीमी होने के चलते फिजा एक बार फिर से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। ऐसे में रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 307 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 40 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई।



### एनसीआर में गुरुग्राम सबसे प्रदूषित

दूसरी ओर, एनसीआर में गुरुग्राम की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 333 दर्ज किया गया, यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में 316, नोएडा में 307 और गाजियाबाद में 298 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 215 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।

### वाहन से होने वाला प्रदूषण सबसे अधिक

दिल्ली में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए निर्णय सहायता प्रणाली के अनुसार, वाहन से होने वाला प्रदूषण 13.74 फीसदी रहा। इसके अलावा पेरिफेरल उद्योग से 11.53, आवासीय इलाकों से 3.40, निर्माण गतिविधियों से 1.79 और सड़क से उड़ने वाली धूल की 0.92 फीसदी की भागीदारी रही। सीपीसीबी के अनुसार, रविवार को हवा उत्तर पश्चिम दिशा से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे के गति से चली। वहीं, अनुमानित अधिकतम मिश्रण गहराई 1280 मीटर रही। इसके अलावा, वेंटिलेशन इंडेक्स 5910 मीटर प्रति वर्ग सेकंड रहा। दूसरी ओर, शाम चार बजे हवा में पीएम10 की मात्रा 233.4 और पीएम2.5 की मात्रा 135.8 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई।

### अगले तीन दिन बेहद खराब रहेगी हवा

वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बुधवार तक हवा हवा बेहद खराब श्रेणी में ही बरकरार रहेगी। इसके चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन, खांसी और सिर दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## यूपी: ठंड और कोहरे की चपेट में प्रदेश

# कई जिलों में शीतलहर और घने कोहरे की चेतावनी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में ठंड का कहर जारी है। रविवार को प्रदेश के पश्चिम व तराई के कई जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ी। कोहरे के प्रकोप के साथ गलन भरी पछुआ ने लोगों की परेशानी बढ़ाई। जिन इलाकों में धूप हुई, वहां भी गलन हावी रही। कानपुर, इटावा, बाराबंकी, शाहजहांपुर, बरेली, हरदोई आदि जिलों में रात का तापमान 5 डिग्री या इससे नीचे दर्ज हुआ। 3.2 डिग्री न्यूनतम तापमान के साथ कानपुर प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए 13 जिलों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं 22 जिलों में दिन के तापमान में भारी गिरावट



यानी शीत दिवस होने की आशंका जताई है।

### इन शहरों में चलेगी शीतलहर

वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को कानपुर और इटावा में आंशिक शीतलहर जैसे हालात होने की संभावना है। पहाड़ों से आ रही पछुआ के असर से प्रदेश भर में कई जिलों में रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट के आसार हैं।

### इन जिलों में है घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, बिजनोर मुरादाबाद, रामपुर बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में।

### शीत दिवस की संभावना

कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर व आसपास के इलाकों में।

## त्रिशूर रेलवे स्टेशन पार्किंग एरिया में लगी भीषण आग, 500 गाड़ियां जलकर खाक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। त्रिशूर

केरल के अग्निशमन एवं बचाव सेवा के अधिकारियों ने बताया कि रविवार को त्रिशूर रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया में आग भड़क उठी। इस दुर्घटना में लगभग 500 दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। अधिकारियों ने जानकारी दी कि आग सुबह करीब 6.20 बजे पेड-पार्किंग शेड में लगी और उन्हें 6.40 बजे आपातकालीन सूचना मिली।

### 500 वाहन जलकर खाक

माना जा रहा है कि बिजली की तार से निकली चिंगारी एक ढके हुए दोपहिया वाहन पर गिरी, जिससे यह हादसा हुआ। अनुमान है कि शेड में करीब 500 वाहन खड़े थे, जिनमें से अधिकतर इसकी चपेट में आ गए। इस दौरान आग बुझाने के लिए दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और सुबह करीब 7.45 बजे तक लपटों पर काबू पा लिया गया। आग को स्टेशन के प्लेटफॉर्म तक फैलने से रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए। अधिकारी ने बताया कि जिस जगह आग लगी थी, उसके पास रेलवे ट्रैक पर एक रेल इंजन खड़ा था, लेकिन रेलवे ने उसे किसी बड़े नुकसान की पुष्टि नहीं की है। वाहनों के अलावा, टिन की चादरों से बना पूरा शेड भी नष्ट हो गया।

### मामले की जांच शुरू

पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने आग के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। त्रिशूर पश्चिम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राथमिकी (एफआईआर) के मुताबिक, 500 वाहनों के साथ-साथ पार्किंग का ठेका चलाने वाली कंपनी 'अश्वथी एंटरप्राइजेज' की रसीद छापने वाली मशीन, कर्मचारियों के दो मोबाइल फोन और 10,000 रुपये नकद भी जल गए।

### हुआ जांच दल का गठन

घटना के बाद राज्य पुलिस प्रमुख रावड़ा ए चंद्रशेखर ने घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के बयानों के आधार पर शुरुआती आकलन किया गया है।

## लखनऊ सहित प्रदेश के पांच मंडलों में लगेंगे बड़े रोजगार मेले, दिग्गज 100 कंपनियां लेगीं इंटरव्यू

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

रोजगार और नौकरी से वंचित प्रदेश के युवाओं को रोजगार पाने का बढ़ा अवसर मिलने जा रहा है। 9 जनवरी से लखनऊ सहित पांच मंडलों में रोजगार की बहार बहेगी। प्रत्येक मंडलों में करीब 100 कंपनियों में 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वंय रोजगार मेले का शुभारंभ करेंगे। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निदेशक पुलकित खरे ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। कौशल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर में 9 जनवरी को मेगा रोजगार



मेले का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुभारंभ करेंगे। 6 फरवरी तक प्रत्येक पांच मंडलों में प्रस्तावित मेगा रोजगार मेले में आस-पास के जिलों के युवाओं को स्थानीय स्तर के साथ ही देश व प्रदेश में रोजगार पाने का सुनहरा मौका मिलेगा। अलीगंज राजकीय आईटीआई के प्लेसमेंट अधिकारी एमए खान ने बताया कि आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग के साथ- साथ हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक और परास्तक तक योग्यता रखने वाले युवाओं को उनकी कौशल क्षमता के आधार पर नौकरी मिलेगी। देश की नामी टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, होंडा, बजाज, पेटीएम व अन्य नामी कंपनियों में करीब 30 हजार रुपये तक वेतन पर नौकरी मिलेगी।

### इन तारीखों पर इन शहरों में लगेंगे रोजगार मेले

- 9 जनवरी - लखनऊ, कानपुर, आयोध्या, बरेली
- 16 जनवरी- मुजफ्फरनगर मेरठ, सहारनपुर,अलीगढ़,मुरादाबाद
- 23 जनवरी- झांसी, चित्रकूट आगरा
- 30 जनवरी गोरखपुर,बस्ती देवी पाटन, आजमगढ़
- 6 फरवरी- वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज

### मुख्य विकास अधिकारी की निगरानी में होगी व्यवस्था

कौशल विकास विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, रोजगार मेला के आयोजक, स्थल चयन, प्रतिभाग करने वाली नियोजक संस्थाओं एवं मेला के आयोजन पर व्यय की जाने वाली धनराशि व अन्य व्यवस्थाएं मुख्य विकास अधिकारी की निगरानी में होगी। रोजगार मेले को सफल बनाने में मंडलीय संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण, राजकीय आईटीआई, पॉलीटेक्निक व अन्य शिक्षण संस्थानों से भी सहयोग मांगा गया है।

## उत्तराखंड में धामी का अलर्ट: लैंड, लव और थूक जिहाद से देवभूमि की सुरक्षा पर ध्यान

जन एक्सप्रेस। देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को राज्य में अवैध घुसपैठ और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक अभियानों के माध्यम से उत्तराखंड की संस्कृति और अस्मिता को प्रभावित करने की कोशिशों के प्रति गंभीर चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व 'लैंड जिहाद', 'लव जिहाद' और 'थूक जिहाद' जैसे कृत्यों के जरिए देवभूमि की अस्मिता को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। सीएम ने यह बयान सशस्त्र सीमा बल के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने लैंड जिहाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए 10,000 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। धामी ने लैंड जिहाद पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए बताया कि कुछ तत्व खाली पड़ी भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार ने लैंड जिहाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए 10,000 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। यह कदम उत्तराखंड में भूमि संरक्षण और राज्य की सामाजिक संरचना की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



### अवैध घुसपैठ पर चेतावनी

धामी ने प्रदेशवासियों को अवैध घुसपैठियों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा, 'हमारे प्रदेश की डेमोग्राफी को बिगाड़ने के लिए सुनियोजित षड्यंत्र रचे जा रहे हैं, लेकिन उन्हें किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा।' सीएम ने स्पष्ट किया कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। राज्य सरकार पूरी सजगता और प्रतिबद्धता के साथ इस दिशा में कदम उठा रही है।

### निष्कर्ष

- उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का यह बयान राज्य की भूमि, संस्कृति और परिवारिक संरचना की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- लैंड जिहाद के खिलाफ 10,000 एकड़ से अधिक भूमि मुक्त।
- थूक और लव जिहाद की घटनाओं पर जनता को सतर्क रहने की चेतावनी।
- परिवार रजिस्टर और फर्जी दस्तावेजों की जांच के आदेश।
- सख्त कानूनी कार्रवाई और सीमा सुरक्षा पर जोर।
- धामी ने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड की अस्मिता, संस्कृति और सामाजिक संरचना की सुरक्षा उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

### लव जिहाद: देवभूमि की संस्कृति पर खतरा

सीएम ने थूक जिहाद और लव जिहाद की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देवभूमि की संस्कृति और स्वरूप को बिगाड़ने की कोशिशें की जा रही हैं। धामी ने कहा कि बीते साल अक्टूबर में उत्तरकाशी की एक घटना में, पब्लिक रेस्टोरेंट में थूक लगाकर रोटी बनाने की घटना सामने आई थी। इस घटना ने जनता में भारी आक्रोश पैदा किया था। लव जिहाद के मामलों की ओर इशारा करते हुए सीएम ने कहा कि ऐसे प्रयास भी राज्य की सामाजिक संरचना और परिवारिक मूल्यों को प्रभावित करने के लिए हो रहे हैं।

### परिवार रजिस्टर और कानूनी कार्रवाई

धामी ने बताया कि राज्य में परिवार रजिस्टरों की जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य अवैध रूप से रहने वाले और फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेने वाले लोगों की पहचान करना है। सीएम ने कहा, 'हमारे बच्चों को सुरक्षित, सशक्त और संस्कारित उत्तराखंड सौंपने के लिए संकल्पबद्ध हैं। देवभूमि की अस्मिता से कोई समझौता नहीं होगा। इस कदम के तहत प्रशासन अवैध कब्जों, फर्जी पहचान और दस्तावेजों की जांच में पूरी सख्ती बरत रहा है।

### सीमा सुरक्षा और सजगता

धामी ने सभी प्रदेशवासियों से अवैध घुसपैठियों से सतर्क रहने और सीमा सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सख्त और निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की है। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान पूरा दृढ़ता और सजगता के साथ जारी रहेगा।

### जनता की प्रतिक्रिया और भविष्य की रणनीति

राज्य में धामी के इस बयान के बाद जनता में मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ लोग इसे राज्य की सुरक्षा और संस्कृति की रक्षा के प्रयास के रूप में देख रहे हैं, वहीं अन्य इस पर सावधानी और संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दे रहे हैं। धामी सरकार ने स्पष्ट किया कि राज्य में अवैध घुसपैठ और भूमि अतिक्रमण रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही, सामाजिक और सांस्कृतिक संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# सावित्री बाई फुले ने देश की बेटियों को दिलाया था शिक्षा का हक: सनेही

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही के नेतृत्व में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस व माता सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन एवं डाक्टर भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से ग्राम पंचायत कोठिलिहाई तहसील मानिकपुर जनपद चित्रकूट में मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल सिंह पटेल सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक, मुख्य अतिथि सतेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि मानवेन्द्र कुमार एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने किया। डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने करवाया था, जिसमें 49 बच्चों ने प्रतिभाग किया गया था, उन 49 बच्चों में से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सील्ड, प्रमाण पत्र व पेन वितरण समारोह किया गया है, व 10 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल व प्रमाणपत्र व पेन देकर सम्मानित किया जाना सुनिश्चित किया गया था। डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उच्च कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई कक्षा 7 का छात्र अनिकेत कुमार पुत्र उदयभान स्थान, व कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई कक्षा 6 की छात्रा अल्पी देवी पुत्री अखिलेश सिंह द्वितीय स्थान व कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई कक्षा 4 की छात्रा अंशिका पुत्री नरेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया है, इन तीनों प्रतिभागी बच्चों को हमारे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि मानवेन्द्र कुमार व अध्यक्षता हीरालाल सिंह पटेल ने सील्ड व प्रमाण पत्र व एक एक पेन व देकर सम्मानित किया है। सांत्वना पुरस्कार में रागिनी, रितेश कुमार ,इशांत , निखिल वर्मा, अवनीश सिंह, मोहित सिंह, रचना देवी, विष्णु,साहिल, मानसी इन 10 बच्चों व बच्चियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया है। इन सांत्वना पुरस्कार पाने वाले बच्चों को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जानकीशरण प्रजापति, रामकुमार सर ,शत्रुघन सक्सेना, प्रियंका वर्मा, गोमती, रमा, रामसिंह पटेल, अशीष जाटव, अमित कुमार, विजय बहादुर, कुशल चैधरी, कैलाश चंद्र आदि वक्ताओं ने मेडल व प्रमाणपत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि भारत के मूल निवासियों के द्वारा 1 जनवरी 1818 ईस्वी में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया (महार रेजीमेंट) और मराठ समाज के पेशवाओं के बीच भीमाकोरे गांव में यह संघर्ष हुआ था, जिसमें बाजीराव द्वितीय के नेतृत्व में 28000 पेशवाओं की फौज तथा महार रेजीमेंट के 500 शूरवीर महापुरुषों के द्वारा संघर्ष हुआ था, जिसमें महार रेजीमेंट ने युद्ध जीत लिया था, यह विश्व का सबसे बड़ा युद्ध था जिसमें भारत देश में हजारों साल से सताए हुए, दबे, कुचले ,शोषित, वंचित समाज जातीय जुल्म को सहते हुए भारत के मूलनिवासियों ने महार रेजीमेंट में शामिल होकर पेशवाईयों को भीमा कोरेगांव में 1 जनवरी 1818 को हराकर जवाब दिया था, लेकिन इस युद्ध में यह साफ हो गया कि अगर भारत के शोषित पीड़ित वंचित समाज को संपूर्ण हक और अधिकार मिल जाए तो फिर पूरे विश्व पर अधिकार कर लेंगे, उसी समय महार रेजिमेंट को अंग्रेजों द्वारा समाप्त कर दिया, दिनेश कुमार सनेही आगे कहते है कि हमारी मांग है कि महार सूरवीरों के अदम्य साहब व रावणकौशल को देखते हुए महार रेजीमेंट को पुनः स्थापित किया जाए.. आगे दिनेश कुमार सनेही माता सावित्रीबाई फुले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहते है कि माता सावित्रीबाई फुले की जन्म जयंती एक जयंती नहीं है, यह उस क्रांति की याद है, जिसने भारत की बेटियों को पढ़ने का हक दिलाया।

# पुलिस ने जाली नोटों संग जाली नोट तस्करों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के मार्गदर्शन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर एवं एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा नकली भारतीय मुद्रा के निर्माण एवं प्रचलन में संलिप्त एक संगठित अन्तरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए भारी मात्रा में जाली करेंसी बरामद की गई है। गौरतलब हो कि पुलिस को मुखबिर के माध्यम से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कनवारा चौराहे के पास महोबा रोड की ओर से नकली भारतीय मुद्रा लेकर आ रहे हैं तथा उन्हें बाजार में खपाने की फिराक में है।सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल संदिग्धों की चेकिंग शुरु की गई।चेकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में खड़े दो व्यक्तियों से पूछताछ का प्रयास किया गया,जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए दोनों व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया।कड़ाई से पूछताछ करते हुए तलाशी लेने पर अभियुक्तों के कब्जे से जाली कुल 1,12,500 जिसमें 500 के 225 नकली भारतीय मुद्रा नोट बरामद किए गए,जिनकी जांच में तथ्य सामने आया कि सभी नकली नोटों पर एक ही सीरियल नंबर अंकित था,जिससे यह स्पष्ट हुआ कि नोट सुनियोजित रूप से तैयार किए गए थे। अभियुक्तों की तलाशी के दौरान उनके कब्जे से नकली नोट बनाने में प्रयुक्त उपकरण/सामग्री, प्रिंटर, विभिन्न रंगों की इंक बोतलें (ब्लैक, सायन, मैजेंटा), कटर, पेन, टेप, ब्रश, इमल्शन, डाई, पीवीसी शीट, विशेष प्रकार का कागज एवं अन्य तकनीकी सामग्री बरामद हुई, जिससे नकली भारतीय मुद्रा तैयार की जा रही थी।पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि वे असली ?500 के नोटों का उपयोग कर उनकी नकल तैयार करते थे तथा सुनियोजित तरीके से इन्हें बाजार में चलाने की योजना बना रहे थे।अभियुक्तों के अन्य सहयोगियों तथा गिरोह के नेटवर्क के बारे में विस्तृत जांच की जा रही है। प्रकरण के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। जनपद पुलिस आर्थिक अपराधों, जाली मुद्रा जैसे राष्ट्रविरोधी कृत्यों एवं संगठित गिरोहों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा जनपद में शांति,सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।गिरफ्तार अभियुक्तों में राजाराम पुत्र अयोध्या निवासी उदियां थाना कबरई जनपद महोबा व राहुल सिंह पुत्र राजू सिंह निवासी पिडारी थाना कबरई जनपद महोबा शामिल हैं।

# शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व चेयरमैन मालती बासू ने हजारों जरूरतमंदों को बांटें कंबल

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



रविवार को शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए जनसेवा की भावना से भारतीय जनता पार्टी के सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी एवं नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष मालती गुप्ता बासु के संयुक्त नेतृत्व में पं0 जवाहरलाल नेहरू डिग्री कॉलेज परिसर में जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम पर लगभग 1000 से अधिक जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से राहत पहुंचाने हेतु कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा की सरकार सदैव समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की चिंता करती है और इस भीषण शीत लहर में कोई भी असहाय व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो, यही इस अभियान का उद्देश्य है। नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासु ने कहा कि नगर पालिका एवं जनप्रतिनिधि मिलकर निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं तथा आगे भी जरूरतमंदों की सहायता जारी रहेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कल्लू राजपूत, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, उपजिलाधिकारी सदर नमन मेहता, तहसीलदार सदर विकास पाण्डे, नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, राजभवन उपाध्याय, ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह, सभासद संतोष राजपूत, सभासद कैलाश अनुरागी, रजत सेठ, राहुल सिंह, विनोद प्रजापति, आलोक प्रजापति सहित समस्त पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बसपाइयों ने सावित्री बाई फुले के बताये हुये रास्तों पर चलने का लिया संकल्प



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

सुमेरपुर कस्बे के त्रिवेणी मैदान में महिला सशक्तिकरण की स्तंभ कही जाने वाली सावित्री बाई फुले की 196 जयंती बहुजन समाजवादी पार्टी ने बड़े ही उत्साह के साथ मनाई, साथ ही बड़ी तादाद में मौजूद बसपाइयों ने उनके बताये हुए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुये कार्यक्रम में बोलते हुये देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जिंदगी पर रौशनी डालते हुये उन्हें महिला सशक्तिकरण का स्तंभ बताया। इस मौके पर पूर्व मंडल प्रभारी जयप्रकाश, राकेश श्रीवास, बिहारी लाल वर्मा, नाथूराम, डॉक्टर जितेंद्र सागर, सीताराम, सुमित वर्मा, हबीब अहमद, उमेश वर्मा, गोपाल वर्मा, सम्राट सागर, संतोष, रामलाल वर्मा, अरुण कुमार सहित बड़ी तादाद में बसपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो डम्परों की आपसी भिड़ंत में एक ड्राइवर की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



कानपुर सागर नैशनल हाइवे के सुमेरपुर में तेज रफ्तार दो डम्परों की आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत से 24 वर्षीय डंपर चालक रिंकू की केबिन में फंसकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि क्लीनर ने डम्पर से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इस खतरनाक सड़क हादसे में एक डम्पर बेकाबू होकर प्राईवेट क्लीनिक में जा घुसा। जिस्से मौके में अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद सुमेरपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर काफी जद्दोजहद के बाद केबिन में फंसे चालक के शव को बाहर निकालने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक हादसे की वजह जांच के बाद ही साफ हो सकेगी। बताया गया है कि कानपुर की तरफ से एक खाली डम्पर कबरई गिट्टी लोडिंग के लिये जा रहा था, जबकि दूसरा डम्पर कबरई से गिट्टी लोड करके कानपुर की तरफ जा रहा था, तभी सुमेरपुर के एक नर्सिंग होम के पास तेज रफ्तार दोनों डम्परों की आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

## कुएं में गिरने से महिला की मौत

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के बंदरी गांव की निवासी चिंता पत्नी रामरहीम रविवार को सबेरे पानी निकालने के दौरान कुएं में गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतका को मिर्गी आती थी, इसके चलते वह कुएं में गिर गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

## ग्राम प्रधान के दरवाजे पर लगाई फांसी

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के लौरी हनुमान गंज गांव में रविवार को लौरी निवासी लल्ली ने ग्राम प्रधान पुष्पलता सिंह के घर के बाहर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। अपने पुत्र राजा के साथ प्रधान के घर के बाहर पहुंचे लल्ली ने कहा कि गांव में तमाम अपात्रों को सरकारी आवास योजना का लाभ मिल गया है, किंतु उसे प्रयास के बावजूद योजना का लाभ नहीं मिला है। उसके पड़ोसी काशी को प्रधानपति ने सिफारिश करके आवास दिला दिया है और वह उसकी जमीन पर आवास बना रहा है। इसके चलते वह अपनी जान दे देगा। इसकी सूचना मिलने पर प्रधान पति अरुण सिंह मुन्ना मौक पर पहुंचे और उसे फांसी के फंदे से उतरवाकर अस्पताल पहुंचवाया। उन्होंने बताया कि गांव के कुछ लोग उन्हें फंसाने की साजिश रच रहे है। मामले की जांच कराई जानी चाहिए।

## जनस्वास्थ्य की दिशा में सराहनीय पहल

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जनपद के ग्राम मरौली स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में शनिवार को नि:शुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रामजानकी मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर नेत्र जांच कराई। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नि0प्रदेश सह संयोजक एवं स्वावलंबी भारत अभियान से जुड़े स्वतंत्र साहू (मरौली) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 15 जनवरी को बांदा में मनाया जाएगा बसपा मुखिया मायावती का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के जन्मदिवस के अवसर पर आगामी 15 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी मुखिया के जन्मदिवस को संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक संदेश के रूप में मनाने पर चर्चा की गई।

बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम मंडल मुख्यालय बांदा में मनाया जायेगा। कहा कि पार्टी मुखिया बहन मायावती का जन्मदिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में बांदा चलने तथा पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया। बसपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वह पार्टी मुखिया बहन मायावती के जन्मदिवस को सफल, प्रेरणादायक एवं संगठन को सशक्त बनाने वाला बनाएंगे। इस मौके पर बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार, मुख्य कोर्डिनेटर चित्रकूट मंडल बलदेव प्रसाद वर्मा, मान सिंह कुशवाहा, अवधेश दिनकर, रावेंद्र कुमार वर्मा, पार्टी पदाधिकारी तीरथ सिंह पटेल, शिवबाबू गर्ग, बीरन पासी, फूलचंद खंगार, सोनपाल वर्मा, भारत सिंह पटेल, प्रखर पटेल, विनय पाल, रामअभिलास पाल, ब्रह्म प्रकाश पाल, लाल सिंह पटेल, अमरेंद्र विक्रम विक्रांत यादव, सुनील पटेल, राम लखन यादव, शमशेर मौर्य, सुरेंद्र प्रजापति, अखिलेश वर्मा, रावेंद्र कुमार वर्मा, जगदीश यादव, अनिल कोल, उमाकांत त्रिपाठी, शिवऔतार त्रिपाठी, बृजमोहन वर्मा, अमरदीप कुशवाहा, फूल कुमार वर्मा, राम भजन वर्मा, संतोष कुमार वर्मा, लालजी कुशवाहा, राजकमल वर्मा, रोहित पटेल, चैतूराम वर्मा, रिंकू पटेल, शंकर बाबा, दरबारी लाल आदि मौजूद रहे।

# मऊ एसडीएम ने सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण के लिए हटवाया अतिक्रमण

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



मऊ नगर पंचायत क्षेत्र के बाजार रोड में सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण के लिए चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत रविवार को उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन के नेतृत्व में महिला पुल से बस स्टैंड तक अतिक्रमण हटवाया गया।

एसडीएम के नेतृत्व चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सड़क के बीच आए एक नीम के पेड़ को सरकारी बोली लगाकर नीलाम किया गया और फिर कटवाया गया। इसके साथ ही अन्य अतिक्रमण भी हटाए गए। एसडीएम राम ऋषि रमन ने अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लेने को कहा। चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा और इसका खर्च भी संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। एसडीएम ने कहा कि अतिक्रमण हटवाने के बाद मार्ग चैड़ीकरण का कार्य किया जाएगा, जिससे आवागमन में सुगमता होगी। क्षेत्रीय लोग प्रशासन की इस पहल से खुश हैं और इसे एक सराहनीय कार्य बता रहे हैं। इस मौके पर लेखपाल संगम पाल, मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, नगर पंचायत की टीम आदि मौजूद रहे।

# पैर की उंगलियों को मजबूत व लचीला बनाती है पादांगुल शक्ति विकासक योग क्रिया: योगाचार्य

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने पादांगुल शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि इस योग क्रिया के अभ्यास से पैरों की उंगलियां मजबूत व लचीली बनती है। योगाचार्य ने बताया कि शरीर के निचले भाग में पैर की उंगलियां महत्वपूर्ण होती हैं। जिनका मुख्य कार्य संतुलन बनाना, शरीर का भार सहना तथा चलने-दौड़ने के दौरान गति प्रदान करना है। इनके कारण स्थिरता, सही चाल और दिशा मिलती है। साथ ही पैर की उंगलिया जमीन पर पकड़ बनाते हुए आगे बढ़ने व उठने-बैठने में मदद करती हैं। यह शरीर के वजन को वितरित करके चलने के दौरान संतुलन बनाती हैं। बताया कि पैर के अंगूठे में दो हड्डियां होती हैं तथा बाकी उंगलियों में तीन-तीन हड्डियां होती है, जो मांसपेशियों से मिलकर पैर को एक लीवर की तरह काम करने में मदद करती हैं। बताया कि प्रतिदिन के कार्य आदि से पैरों की उंगलियों में दर्द की समस्या उत्पन्न होती है। इससे राहत पाने के लिए पादांगुल शक्ति विकासक योग क्रिया का अभ्यास करना चाहिए।

बताया कि यह पैरों की उंगलियों और पंजों को विकसित करने वाला सूक्ष्म योगाभ्यास है, जो पैरों को टोन और मजबूती प्रदान करता है। यह योग खिलाड़ियों जैसे एथलीटों व अधिक समय तक बैठे रहने वालों के लिए बहुत ही उपयोगी है। प्रतिदिन इस योग क्रिया का अभ्यास करने से पंजों व उंगलियां का दर्द मिटता है तथा थकान दूर होती है। बताया कि इसे करने के लिए साम्यावस्था में सीधे खड़े होते हैं तथा दोनों हाथों को कंधों की सीध में धरती के समांतर फैलाते हैं। इसके बाद पैर के पंजों की उंगलियों को उल्टा करके आपस में जुड़े हुए सांस को सामान्य रखते हुए घुटनों को बाहर की ओर मोड़ते हुए कुर्सी की तरह बैठने की स्थिति बनाते हैं तथा 10 सेकंड ठहरने के बाद उंगलियों के बल कूद कर सीधे खड़े हो जाते हैं। प्रारंभ में इसे तीन से पांच बार तक करते हैं। सावधानी के तौर पर पैरों की मोच उंगलियों की चोट की दशा में इसे विशेषज्ञ की देखरेख में करना चाहिए।

## पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे पांच युवक को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** थाना मटौंध पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब हो कि बीती देर रात्रि थाना मटौंध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर शराब के ठेका के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर छापेमारी करते हुए 05 व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। मौके से माल फड़ व तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 11300 रुपये व 02 मोटरसाइकिलों को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर दोनों मोटरसाइकिलों को सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में हरिश्चन्द्र पुत्र घनश्याम निवासी कस्बा मटौंध थाना मटौंध, रोहित पुत्र जागेश्वर निवासी कस्बा मटौध थाना मटौंध, प्रेम बाबू पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी गुरहाथोक कस्बा मटौंध थाना मटौंध, अनुराग पुत्र हिम्मत सिंह निवासी हरसिंगथोक कस्बा मटौंध थाना मटौंध,बालेन्द्र पुत्र गुलाब सिंह निवासी हरसिंहथोक कस्बा मटौंध थाना मटौंध आदि मौजूद रहे।

# डकैती व चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मारकुण्डी टीम ने डकैती व चोरी के आरोपी को 26 बकरियां व नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। मारकुण्डी थाना प्रभारी निशिकान्त राय ने बताया कि बीती 22 दिसम्बर 2025 को थाना मारकुण्डी के कुसमी गांव निवासी रामनरायण उर्फ तम्बा यादव पुत्र सुखलाल यादव ने सूचना दी कि बीती 21 दिसम्बर 2025 वह व गांव के ही बब्बू यादव पुत्र दादू भाई यादव साथ में अपनी बकरियों को बैरिहा जंगल में चराने के लिए ले गए थे। बकरियां चराने के दौरान जंगल से चार अज्ञात लोग हाथ में लाठी और कुल्हाडी लिए आए और हमला कर दिया तथा साफी से हाथ, पैर व मुंह बांधकर बकरियों को अपने साथ पहिपरवा पहाड़ की तरफ ले गए। इस सूचना पर थाना मारकुण्डी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना का शीघ्र अनावरण कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके अनुक्रम में बीते शनिवार को मारकुण्डी थाने के प्रभारी निरीक्षक सहित उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, रमेश सिंह, आरक्षी तेज सिंह, मंगला प्रसाद व मुख्य आरक्षी चालक देवीदीन द्वारा इटवा डुडैला टॉवर के पास से एक संदिग्ध को पकड़ गया। पूछताछ करने पर संदिग्ध ने बताया कि उसका नाम काऊ उर्फ नेगम अली निवासी लखनपुर थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज है।

# चिकित्सकों की कमी के कारण इलाज को दर-बदर भटक रहे मरीज

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

क्षेत्र में लगातार लाखों लोगों को स्वस्थ सुविधाएं प्रदान कर रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी में अधीक्षक के प्रयास से लगातार चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार किया हो रहा है। लेकिन बाल रोग और महिला रोग सहित अन्य से रोगों से जुड़ी बीमारियों के लिए यहां के बाशिंदों को आज भी इंतजार है। मजबूर होकर लोगो को जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। हालांकि अस्पताल में अब लोगो को हृदय से जुड़ी और अन्य जांच की व्यवस्था अब शुरुआती वर्ष में मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र में मिलेगी। सामुदायिक स्वस्थ केंद्र में वर्ष की शुरुआत से ही हृदय रोग सहित ब्लड से जुड़ी संपूर्ण जांचों की सुविधा की मिलने की शुरुआत हो गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरैनी में लगातार चिकित्सीय सुविधाओं में प्रगति हो रही है।अब तक लोगो को हृदय रोग से जुड़ी ईसीजी जांच के लिए जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता था लेकिन अब इस सुविधा की शुरुआत यही हो गई। स्वास्थ केंद्र अधीक्षक डॉ अजय विश्वकर्मा ने बताया कि अब इस वर्ष के शुरुआत से ही स्वस्थ केंद्र में ईसीजी अर्थात इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम जो हृदय की विद्युत गतिविधियों को रिकॉर्ड करने वाली मशीन जिसमें हार्ट से जुड़े मरीज की हृदय से



जुड़ी जानकारी का पता लगाने में मदद मिलेगी। इसके लिए स्टाफ नर्स राज नारायण की नियुक्त है।साथ ही बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में कंप्लीट ब्लड काउंट सीबीसी जांच की सुविधा मिलने की शुरुआत हो गई है।

जो स्वास्थ केंद्र में मौजूद लैब टेक्नीशियन लोगो के द्वारा मरीजों को जांच सुविधाएं दी जाएगी।बता दे इस समय अस्पताल में बाल रोग, आर्थो, गायन आदि की सुविधाएं अस्पताल में लोगो को नहीं मिल पा रहा। जिसके लिए लोगों को जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। अधीक्षक डा. अजय विश्वकर्मा ने बताया कि कई बार विभाग को पत्र भेजा जा चुका है। जल्द ही सुविधाएं उपलब्ध मिलने की बात कही।



### वेनेजुएला पर अमेरिका के कब्जे से भारत...

अमेरिका ने वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया। इस घटनाक्रम पर भारत सरकार ने बयान जारी कर चिंता जताई है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बदले घटनाक्रम से भारत को बड़ा फायदा हो सकता है... पढ़ें पेज 12 पर...

# योगी सरकार चिकित्सा शिक्षा में देगी करीब 12 सौ नौकरियों की सौगात

- वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य के 1112 पदों पर होगी तैनाती
- कॉलेजों में आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता फॉर्मेसी के 11 पदों पर होगी भर्ती
- योगी सरकार इस वर्ष 1,230 चयनित नर्सिंग अधिकारियों को वितरित करेगी नियुक्ति पत्र



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर करीब 1,200 से अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी की सौगात मिलेगी। योगी सरकार के इस कदम से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था भी और मजबूत होगी। वहीं, योगी सरकार जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला/पुरुष) के नियुक्ति पत्रों का वितरण करेगी। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग में खाली पदों पर नियुक्ति करने के निर्देश दिये थे ताकि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिल सके। इसी के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों का अधियाचन लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से चयन कराने के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेजों के करीब 12 सौ पदों क्रमशः सहायक आचार्य के 1,112 पदों, आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता (फार्मेसी) के 11 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नर्सिंग कैडर को सशक्त करने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला एवं पुरुष) को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इससे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### भर्ती से शोध गतिविधियों में होगा इजाफा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन को केवल डिग्री देने तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे गुणवत्ता, शोध और व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। इसी के तहत पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। जहां पहले कुछ गिने-चुने जिलों तक मेडिकल शिक्षा सीमित थी, वहीं, आज लगभग हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो चुका है। नए कॉलेजों के संचालन के लिए योग्य शिक्षकों और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। यह भर्ती उसी दिशा में बड़ा कदम है। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य और फार्मेसी प्रवक्ताओं की नियुक्ति से मेडिकल छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन, शोध गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा का स्तर राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो सकेगा। इससे भविष्य में प्रदेश को कुशल डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्वास्थ्य विशेषज्ञ मिलेंगे, जो आम जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे।

# हरदोई में किसान आंदोलन को मिली बड़ी ताकत

## सैकड़ों लोगों ने थामा भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी का दामन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ/हरदोई**




उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद की संडीला तहसील क्षेत्र में रविवार को किसान-मजदूर आंदोलन को बड़ी मजबूती मिली। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान साहिल के नेतृत्व में भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी संगठन) की सदस्यता ग्रहण की। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम लखनऊ स्थित संगठन के प्रदेश कार्यालय, दशहरी चौराहा पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संगठन में शामिल हुए सभी संघर्षशील साथियों का जोरदार स्वागत किया गया। किसानों और मजदूरों की भीड़ से साफ संकेत मिला कि ग्रामीण अंचलों में मौजूदा समस्याओं को लेकर आक्रोश बढ़ रहा है और लोग संगठित संघर्ष की राह चुन रहे हैं। इस मौके पर संयुक्त किसान मोर्चा भारत के संयोजक एवं भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव दशहरी ने कहा कि किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई अब निर्णायक मोड़ पर है। उन्होंने कहा कि जब तक शोषण, अन्याय और उपेक्षा खत्म नहीं होगी, तब तक संगठन का संघर्ष सड़क से सदन तक जारी रहेगा। पूर्व प्रधान साहिल ने कहा कि संडीला क्षेत्र के किसान-मजदूर आज अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो चुके हैं और अब किसी भी कीमत पर अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन से जुड़कर सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम के बाद संगठन कार्यालय पर नारेबाजी और एकजुटता का प्रदर्शन हुआ, जिससे यह साफ हो गया कि आने वाले दिनों में हरदोई समेत आसपास के जिलों में किसान-मजदूर आंदोलन और तेज होने वाला है।

# कस्बे से लेकर गांवों तक झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार, जिम्मेदार मौन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज करा कर लोग पड़ रहे बीमार

डॉक्टर धरती के भगवान कहे जाते हैं कोई भी बीमारी होने पर डॉक्टर ही याद आते है और विश्वास होता है कि डॉक्टर के पास जाएंगे तो ठीक हो जाएंगे, लेकिन जब डॉक्टर को ही पूर्ण जानकारी न हो तो निश्चित ही इलाज करवाने में डर लगेगा। लखनऊ के बीकेटी व माल सहित पूरे तहसील क्षेत्र में तो झोला छाप डॉक्टरों की भरमार हैं। बता दें कि माल बीकेटी में कई जगह झोलाछाप डॉक्टरों का मकड़जाल फैला हुआ है वहीं इटौंजा, महोना, महिगवां, अमानीगंज, केसरमऊ चौराहा, सरैया मोड़, अमानीगंज रोड़ ऐसे कई अवैध क्लीनिक चल रहे हैं। जगह-जगह यहां झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक खुले हुए व बाइकों में बैग टांगकर बेखौफ इलाज के नाम पर ठगी करते नजर आते हैं। हर गली मुहल्लों में झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक मिल जाएंगे। जहां बिना कोई डिग्री लिए फर्जी डॉक्टर बनकर मरीजों को इलाज के नाम पर रकम ऐंठने व उनके जीवन से खिलवाड़ करते बड़ी आसानी से फूस के बने छप्परों के नीचे बोतले टंगी देखने को मिल जाएंगे यह किसी किराए की दुकान में दवाई रजिस्टर पेन व अन्य डॉक्टर की सामान रखकर इलाज करते नजर आएंगे, लेकिन चल रहे ऐसे क्लीनिकों पर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ती है। आए दिन ऐसे मामले प्रकाश में आते हैं कि मामूली बीमारी को भी ये लोग गंभीर बनाकर अपने से निजी अस्पतालों में भर्ती करवाकर मोटा कमीशन भी लेते हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो जब भी इन झोला-छाप डॉक्टरों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है तो लिखा पढ़ी कर लौट आती हैं। बाद में मोटी रकम लेकर मामला रफा-दफा कर पुनः मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का लाइसेंस दे दिया जाता है। एक ऐसा ही मामला कई-बार देखने को मिलता है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## किसानों की आवाज़ को नई ताक़त: आशीष कुमार सिंह बने भारतीय किसान मजदूर यूनियन-दशहरी के मीडिया प्रभारी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



किसानों और खेत मजदूरों के मुद्दों को मजबूती से उठाने के लिए भारतीय किसान मजदूर यूनियन-दशहरी ने संगठनात्मक मोर्चे पर बड़ा दांव चला है। यूनियन ने आशीष कुमार सिंह को लखनऊ मंडल का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह मनोनयन 4 जनवरी 2026 को दशहरी चौराहा स्थित प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव की संस्तुति पर किया गया। यूनियन की ओर से जारी आदेश में साफ कहा गया है कि आशीष कुमार सिंह संगठन की विचारधारा और संविधान के अनुरूप रहते हुए किसानों की जमीनी समस्याओं, शोषण और प्रशासनिक लापरवाही को मीडिया से लेकर शासन के गलियारों तक पूरी ताक़त से उठाएंगे। नेतृत्व का मानना है कि इस नियुक्ति से किसान मुद्दों को नई धार मिलेगी और सत्ता पर जवाबदेही का दबाव भी बढ़ेगा। यूनियन ने दो टूक चेतावनी दी है कि कोई भी पदाधिकारी यदि असंवैधानिक या गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो उसकी जिम्मेदारी संगठन की नहीं होगी और उसे स्वतः पदमुक्त माना जाएगा। इस फैसले के बाद संगठन से जुड़े किसानों और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। संकेत साफ हैं—अब किसानों की आवाज़ न दबेगी, न टलेगी, बल्कि हर मंच पर मजबूती से उठेगी।

# काकोरी कांड में पुलिस की भूमिका संदिग्ध: 5 घंटे तक उजड़ती रही फसल, नहीं हुई कोई गिरफ्तारी



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

काकोरी के ग्राम बड़ागांव में किसान की 60 साल पुरानी खेती को रौंदने का मामला अब प्रशासनिक लापरवाही और पुलिस की संदिग्ध चुप्पी का प्रतीक बनता जा रहा है। दिनदहाड़े करीब पांच घंटे तक खेत में जेसीबी और ट्रैक्टर चलते रहे, खड़ी फसल तबाह होती रही, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस दबंगों को रोकने में पूरी तरह विफल रही। पीड़ित प्रशांत अग्रवाल का कहना है कि सुबह करीब साढ़े दस बजे घटना शुरू हुई थी। 112 पर सूचना देने के बाद पुलिस मौके पर जरूर पहुंची, लेकिन न तो भीड़ को हटाया गया, न ही जेसीबी-ट्रैक्टर जब्त किए गए और न ही किसी आरोपी को हिरासत में लिया गया। शाम साढ़े तीन बजे तक खेत पूरी तरह उजड़ चुका था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस हमले में करीब 50 अधिवक्ताओं के शामिल होने का आरोप है, जिससे आम जनता में यह संदेश गया कि कानून के रखवाले ही कानून को कुचलने उतर आए। पीड़ित के अनुसार जिस भूमि पर कब्जे की कोशिश की गई, वह 1969 के पारिवारिक समझौते के तहत वैध रूप से उनके पिता के नाम दर्ज है और दशकों से निर्विवाद रही है। इसके बावजूद दबंगों ने कानून को हाथ में लेकर फसल नष्ट कर दी, जिससे किसान परिवार की आजीविका पर सीधा हमला हुआ है। अब बड़ा सवाल यह है कि जब घटना स्थल पर पुलिस मौजूद थी, तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या दबंगों को किसी राजनीतिक या प्रशासनिक संरक्षण का भरोसा था? और क्या किसान की मेहनत की कीमत सिर्फ एक प्रार्थना पत्र तक सिमट कर रह जाएगी?

### 'जानमाल का खतरा'

पीड़ित ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि उसे जानमाल का खतरा है और यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके लिए नामजद आरोपी जिम्मेदार होंगे। बावजूद इसके, अभी तक न एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि है और न ही किसी गिरफ्तारी की।
काकोरी की यह घटना केवल एक किसान की फसल उजड़ने की नहीं, बल्कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर उठता बड़ा सवाल है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और पुलिस विभाग इस मामले में न्याय के साथ खड़े होते हैं या दबंगों के आगे एक बार फिर बौने साबित होते हैं।

# अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं बांटे गए कंबल, ज़रूरतमंद बुजुर्ग शर्दी से परेशान

- गरीब बच्चे व बुजुर्ग हाड़कंपाती ठंड में आग के सहारे जीने को मजबूर
- दर्जनों गांव में कंबर वितरित न होने से बुजुर्गों का जीवन बेहाल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



राजधानी लखनऊ सहित समूचे सूबे में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कड़ाके की ठंड बढ़ गयी है। दिसंबर की शुरुआत से ही तापमान में गिरावट शुरू हो गयी थी। पिछले तीन-चार दिनों से ठंड में अचानक बढ़ोतरी हुई है। इस कड़कड़ाती ठंड से बच्चे, बुजुगों और बीमार लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। खासकर गरीब और असहायों पर अधिक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सुबह-शाम आग तापकर ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से अभी तक क्षेत्र में कंबल और अलाव की व्यवस्था नहीं करने पर सवाल उठ रहे हैं। जरूरतमंदों ने गांवों में ठंड से बचने के लिए कंबल वितरण करवाए जाने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। इटौंजा व बीकेटी क्षेत्र के सुभाषनगर, अरिगंवा, कुंडापुर, चांदपुर,मोहम्मदपुर गढ़ी, बगहा, खानीपुर, बरगदी, कठवारा मल्लाहनखेड़ा,लासा,अकडरिया कलां, शिवपुरी सहित अन्य कई गांवों के गरीबों का कहना है, कि ठंड तेज होने के बावजूद भी गांवों में अभी तक राहत कार्य शुरू नहीं होना चिंता का विषय है। सुबह और शाम में ठिठुरन बढ़ गयी है। ठंड से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लेकिन अभी तक गरीबों के बीच कंबल वितरण नहीं किया गया है। इन गांवों के ग्रामीणों का यह भी कहना है, कि क्षेत्र में कड़कड़ाती ठंड शुरू हो चुकी है। फिर भी प्रशासन, सांसद और विधायक जरूरतमंदों के प्रति गंभीर नहीं है। बसेना,खेरिया, मल्लाहनखेड़ा, अहमदपुर खेड़ा,शिवपुरी सहित अन्य कई गांवों के लोगों का कहना है, कि क्षेत्र में कड़ाके की ठंड शुरू हो गयी है। लोग ठंड से ठिठुरने लगे हैं, पर प्रशासनिक स्तर पर अभी तक न तो कंबल का वितरण किया गया है और न ही अलाव की व्यवस्था करायी गयी है। अभी तक किसी तरह की पहल नहीं होने से लोगों में आक्रोश है।

# माघ मेले में प्रवाहित हो रही भक्ति, संस्कृति और संगीत की त्रिवेणी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ/प्रयागराज**

- माघ मेला क्षेत्र में शास्त्रीय और लोक संगीत की प्रस्तुतियों का मंचन, उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग का आयोजन
- 04 जनवरी से 30 जनवरी तक चलने वाले कला संगम कार्यक्रम में 120 से अधिक कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परम्परा, सांस्कृतिक विविधता और प्रशासनिक दक्षता का सजीव उदाहरण है। इसी की झलक देखने को मिल रही है माघ मेला क्षेत्र में कला संगम कार्यक्रम में जिसका आगाज शनिवार से हो गया। उत्तर प्रदेश के संस्कृति विभाग की तरफ से इसका आयोजन हो रहा है। प्रयागराज के संगम तट पर शुरू हुए माघ मेले में भारतीय संस्कृति और कलाओं का भी संगम हो रहा है। मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में रविवार से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की शुरुआत हो गई है। कार्यक्रम के पहले दिन का प्रथम कार्यक्रम उदय चन्द्र परदेशी एवं टीम द्वारा देवी लोकगीत की प्रस्तुति से हुआ। लोक गायिका मालिनी अवस्थी के भजनों की प्रस्तुति से श्रोता भाव विभोर हो गए । कार्यक्रम में वाराणसी से आए राम जनम की टीम का शंख वादन ने भी लोगों को रोमांचित किया। संगीता मिश्रा ने लोक गायन में अपनी प्रस्तुति दी तो वहीं लखनऊ से आए वरुण मिश्रा की शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति का भी श्रोताओं ने रसास्वादन किया। लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्यों का भी पहले दिन संगम देखने को मिला। कीर्ति श्रीवास्तव के लोक नृत्य डेढ़इया और नीता जोशी के कथक नृत्य की जबरदस्त जुगलबंदी देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन आभा मधुर ने किया।

### 120 से अधिक लोक और शास्त्रीय कलाकार 20 दिन देंगे प्रस्तुतियां

कला संगम के पहले दिन दिन कुल 6 प्रस्तुतियां हुई । माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि मेला क्षेत्र में 4 जनवरी से 30 जनवरी तक इनकी प्रस्तुतियां होंगे। इस आयोजन में 120 से अधिक लोक एवं शास्त्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस 20 दिवसीय आयोजन को उत्तर प्रदेश का संस्कृति विभाग आयोजित कर रहा है।

## लखनऊ में 'समरस मैराथन' 11 को,तैयारियों की हुई समीक्षा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में 'समरस मैराथन' का 11 जनवरी को आयोजन होगा। आयोजन को लेकर कुड़ियाघाट ग्रीन कॉरिडोर रोड पर प्रशासन और आयोजन समिति के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। यह 5 किलोमीटर की दौड़ होगी, जिसमें देशभर से पुरुष एवं महिला धावक भाग ले सकेंगे। अब तक 500 से अधिक पंजीकरण पूरे हो चुके हैं, जिनमें युवक और युवतियां शामिल हैं। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी धावक हिस्सा ले सकता है। मैराथन में खिलाड़ियों की रिपोर्टिंग सुबह 6 बजे तथा दौड़ सुबह 7बजे से प्रारंभ होगी। आयोजन स्थल कुड़ियाघाट ग्रीन कॉरिडोर रोड, घंटाघर, लखनऊ निर्धारित किया गया है।

# झांसी सीजीएसटी रिश्वत कांड में बड़ी कार्रवाई

## महिला अफसर समेत तीन अधिकारी निलंबित, विभागीय जांच शुरू

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

यूपी के झांसी में सीजीएसटी रिश्वत कांड से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। 70 लाख रुपये की घूस लेने के आरोप में महिला आईआरएस अफसर सहित तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी को सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि सुपरिटेंडेंट अनिल तिवारी और अजय शर्मा पर भी गाज गिरी है। तीनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, मामला 23 करोड़ रुपये के टैक्स निर्धारण से जुड़ा है। आरोप है कि इस बड़ी टैक्स देनदारी को मात्र 1.5 करोड़ रुपये में निपटाने की डील तय की गई थी। इसी सौदे के तहत 70 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप अधिकारियों पर लगा है। शिकायत के आधार पर केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने कार्रवाई करते हुए सुपरिटेंडेंट अनिल तिवारी और अजय शर्मा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। सीबीआई की कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तर पर रिपोर्ट भेजी गई, जिसके बाद डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी को भी निलंबित कर दिया गया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान पूरे टैक्स निर्धारण, फाइल मूवमेंट और संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। इस प्रकरण ने कर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीजीएसटी विभाग ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और कानून के तहत कड़ी कार्रवाई जारी।

# भू-स्वामित्व नामांतरण व लैंड यूज़ चेंज प्रक्रिया होगी आसान

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक प्रदेश सरकार ने भूमि संबंधी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी, तेज और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भू स्वामित्व में नामांतरण की धारा-34 और लैंड यूज चेंज की धारा 80 की प्रक्रिया काडिजिटल सरलीकरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र एनआईसी द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रक्रिया को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। प्रक्रिया को फरवरी 2026 तक पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। यूपी सरकार की इस पहल से प्रदेश के लाखों किसानों, भू-मालिकों और उद्योगपतियों को अनावश्यक कागजी कार्रवाई से मुक्ति मिलेगी, साथ ही डिजिटल तकनीक के माध्यम से कार्रवाई तेज और अधिक पारदर्शी हो सकेगी। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भूमिसंबंधी प्रशासनिक प्रक्रिया का डिजिटलाइजेशन और सरलीकरण किया जा रहा है। भू-संपत्ति हस्तांतरण के दौरान नामों के बदलाव की धारा-34 के तहत नामांतरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाया जा रहा है। खसरा खतौनी विवरण, मालिकाना हक के प्रमाण और अन्य अभिलेख ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिए एक ही बार में संकलित की जाएंगी। ऑनलाइन अपलोड होते ही डिजिटल डेटा फ्लो के जरिए अभिलेखों की जांच की जाएगी। इस प्रक्रिया में पारंपरिक रूप से कई स्तरों पर फॉर्म भरने, दस्तावेज जमा करने और लेखपाल की आख्या की प्रतीक्षा में लगने वाले समय में कमी आएगी। कार्यप्रणाली आमजन के लिए अधिक सरल और पारदर्शी हो सकेगी।



कृषि भूमि को गैर-कृषि या औद्योगिक उपयोग में बदलने से संबंधित धारा 80 के अंतर्गत लैंड यूज चेंज प्रक्रिया।का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। प्रक्रिया में पहले आवेदन, अनुमोदन और अभिलेख अपडेट के लिए बार-बार दौड़-भाग करनी पड़ती थी। अब जानकारियां जैसे भूमि का खसरा-खतौनी विवरण, मौजूदा उपयोग की स्थिति और आसपास के क्षेत्र की जानकारी ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में एक बार में ली जाएगीं। अनावश्यक औपचारिकताओं को हटाकर डिजिटल जांच की व्यवस्था की गई है, जिससे लेखपाल द्वारा बार-बार रिपोर्टिंग की जरूरत समाप्त हो जाएगी। विभाग ने आवेदन फॉर्म, आख्या रिपोर्ट्स और सर्टिफिकेट के सरल प्रारूप का परीक्षण पूरा कर लिया है। नोटिस अब पारंपरिक डाक के बजाय ऑनलाइन पोर्टल, एसएमएस या व्हाट्सएप से प्रेषित किए जाएंगे। आवेदक को तत्काल सूचना मिले सकेगी, लेखपाल की आख्या की आवश्यकता को न्यूनतम किया जाएगा। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग से आवश्यक एपीआई एकीकरण किया जा रहा है, जो डेटा फ्लो को अधिक प्रभावी बनाएगा। प्रक्रिया के तहत नामांतरण प्रमाणपत्र, लैंड यूज चेंज सर्टिफिकेट कुछ ही दिनों में ऑनलाइन उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में चल रही भू-प्रशासन में डिजिटल पहल से न केवल समय की बचत होगी बल्कि संपत्ति की खरीद बिक्री में होने वाले अपराध, भ्रष्टाचार पर लगाम लग सकेगी। लैंड यूज़ चेंज प्रक्रिया में सुधार और सरलीकरण से ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश में वृद्धि होगी,जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

## 7 जनवरी से लखनऊ दर्शन के लिए चलेगी डबल डेकर सिटी बस: जयवीर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस के दो सफल मॉक ड्रिल पूरे कर लिए हैं। 7 जनवरी से नियमित सिटी टूर शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सुबह के टूर का मॉक ड्रिल 3 जनवरी को और शाम के टूर का मॉक ड्रिल 4 जनवरी को किया गया। यह पहल शहरवासियों और पर्यटकों के लिए सुव्यवस्थित और पर्यावरण अनुकूल दर्शनीय यात्रा अनुभव की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।एलिवेटेड सिटी टूर के रूप में तैयार की गई लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस यात्रियों को शहर की ऐतिहासिक विरासत और रोज़मर्रा की शहरी ज़िंदगी का नया और करीब से अनुभव कराएगी। मॉक ड्रिल के दौरान बस कोठी हयात बख्श, राजभवन और जीपीओ जैसे प्रमुख इलाकों से होकर गुज़री, जबकि रूट पर पहला प्रमुख ठहराव विधान सभा भवन रहा। गाइडेड टूर और चुने हुए स्थलों के माध्यम से शहर भ्रमण की इस व्यवस्था को प्रतिभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।सुबह के मॉक ड्रिल में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, वन विभाग, रोडवेज विभाग और नगर निगम के अधिकारी, इंजीनियरिंग के छात्र तथा टूर-ट्रैवल एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। छात्रों ने बताया कि इस अनुभव से उनके ज्ञान और समझ में बढ़ोतरी हुई, वहीं टूर और ट्रैवल क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इसे पर्यटकों के लिए एक सशक्त और आकर्षक नया सिटी प्रोडक्ट बताया।शाम का मॉक ड्रिल शाम 4 बजे शुरू हुआ, जिसमें कहीं अधिक और विविध वर्ग की भागीदारी देखने को मिली। 45 यात्री शामिल रहे।

# खून का खेल, साजिश का जाल: बहू-पोता बने कातिल, प्रधान प्रत्याशी ने रची हत्या की साजिश

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र से सामने आया एक हत्याकांड न केवल पारिवारिक रिश्तों को शर्मसार करता है, बल्कि राजनीति और कानून के दुरुपयोग की खौफनाक तस्वीर भी पेश करता है। जमीनी विवाद की आग में झुलसती एक बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए मृतका की बहू, पोते और एक प्रधान प्रत्याशी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला पूरे नेवाज गांव का है, जहां बुजुर्ग महिला शिवपता को सुनियोजित साजिश के तहत खेत की ओर बुलाया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि वहां पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने यूकेलिप्टस, बांस के डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर महिला को अधमरा कर दिया। गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाई गई शिवपता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक ने खुलासा करते हुए बताया कि हत्या की पटकथा मृतका की बहू सुनीता और प्रधान प्रत्याशी मोईन ने मिलकर लिखी थी। उद्देश्य था, जमीनी विवाद का बदला लेना और विरोधियों को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजना। इस साजिश में सुनीता का बेटा बृजेश और मोईन का करीबी दोस्त संतोष भी शामिल हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों की योजना थी कि घटना को एससी-एसटी एक्ट का रूप देकर वर्तमान ग्राम प्रधान के पति को कानूनी जाल में फंसाया जाए। इसी मकसद से पुलिस को गुमराह करने के लिए मनगढ़ंत कहानी गढ़ी गई और खुद बहू ने थाने में तहरीर देकर निर्दोषों पर आरोप लगाए। हालांकि पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और तकनीकी साक्ष्यों के जरिए इस झूठ की परतें उधेड़ दीं। रविवार को चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही हत्या की पूरी साजिश बेनकाब हो गई।यह मामला न सिर्फ एक बुजुर्ग महिला की नृशंस हत्या का है, बल्कि कानून और सामाजिक व्यवस्था के दुरुपयोग की चेतावनी भी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## शहर के मेन इलाके में लगी प्रदर्शनी, यातायात जाम

**अमेठी।** इन दिनों आदर्श नगर पंचायत कार्यालय के ठीक पीछे स्थानीय राम लीला मैदान में अमेठी महोत्सव की प्रदर्शनी लगी है। राम लीला मैदान अमेठी अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि ने राम लीला मैदान की भूमि को भाडे पर दी है। मैदान मे तो प्रदर्शनी लगी है। लेकिन राम लीला मैदान से होकर गुजरने वाली सड़क मार्ग ब्लाक तिराहे से अन्तू रोड को जोड़ती है। इस सड़क के किनारे बाये और दाये बाईक, ई-रिक्शा,ठेला खोमच्चा आइस्क्रीम की दुकान सज जाती है। जिससे रोड जाम हो जाता है। जिससे लोगो को परेशानी हो रही है। प्रदर्शनी स्थल पर सुरक्षा के नाम पर पुलिस के जवान दिखाई नही देते है। प्रदर्शनी प्रबन्धक मेवा लाल के मोबाइल नंबर पर बात करने का प्रयास किया गया। लेकिन बात नही हो सकी। वो मोबाइल चार्ज पर लगाकर कही चले गये। यह बात मोबाइल फोन उठाने वाले ने कही है। नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल होगी।

# पत्रकार ने विधायक पर धमकी देने का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में पत्रकारिता की स्वतंत्रता और सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश पासी पर अमेठी के पत्रकार धर्मेंद्र यादव ने धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पत्रकार ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो सार्वजनिक किया है, जिससे मामला चर्चा में आ गया है। पत्रकार का आरोप है कि एक समाचार से संबंधित वीडियो को लेकर विधायक सुरेश पासी ने उनसे वीडियो डिलीट करने का दबाव बनाया। आरोप है कि बातचीत के दौरान विधायक द्वारा **ठीक कर देने** जैसी भाषा का प्रयोग किया गया,जिसे पत्रकार ने धमकी के रूप में बताया है।इस पूरे प्रकरण को लेकर पत्रकार ने अपनी बात सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक की।

इस मामले पर जब जन एक्सप्रेस समाचार पत्र जनप्रतिनिधि ने पत्रकार धर्मेंद्र यादव से बातचीत की,तो उन्होंने बताया कि उनके पास इस कथित धमकी से जुड़ी ऑडियो क्लिप सबूत के रूप में मौजूद है। पत्रकार का कहना है कि यह ऑडियो उसी बातचीत का हिस्सा है, जिसमें उनसे वीडियो हटाने को कहा गया था।

धर्मेंद्र यादव ने आगे बताया कि उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित विभागों को ट्विटर एक्स के माध्यम से टैग कर पूरी जानकारी साझा की है, ताकि निष्पक्ष जांच हो सके और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।सोशल मीडिया पर वीडियो और बयान सामने आने के बाद पत्रकार जगत में हलचल मच गई है। कई लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर दबाव और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ मान रहे हैं। वहीं आम जनता के बीच भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज हो गई है।फिलहाल इस पूरे मामले में विधायक सुरेश पासी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। धर्मेंद्र ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# महानिदेशक परिवार कल्याण ने महिला चिकित्सालय व सीएससी बछरावां का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ0 पवन कुमार अरुण द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां व जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया।

महानिदेशक डॉ0 पवन कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के निरीक्षण के दौरान हृदय रोगियों को दी जा रही स्टेमी की सुविधा की प्रशंसा की और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दी जा रही अन्य सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया तथा साफ-सफाई रखने की विशेष निर्देश दिए। अधीक्षिका सामुदायिक स्वास्थ्य बछरावां डॉ अर्पिता श्रीवास्तव से मरीज को दी जा रही स्वास्थ्य संबंधित व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा पूरे अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं को देखा गया तथा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। इसके उपरांत महानिदेशक द्वारा महिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एस0एन0सी0यू0, लेबर रूम, ओ0टी0टी0, महिला वार्डो का निरीक्षण किया तथा मरीजों से अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। अधीक्षक जिला महिला अस्पताल को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं का लाभ अस्पताल आ रहे मरीजों को प्रदान किया जाए और बाहर से जांच या दवाएं खरीदने हेतु किसी भी कीमत पर न लिखा जाए।

अस्पताल में भर्ती मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। अस्पताल की साफ सफाई उपकरणों की क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी0एस0 अस्थाना, डा निर्मला साहू, अधीक्षक डा मृणालनी, अस्पताल मैनेजर डॉ प्रभात मिश्रा, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश यादव, एआरओ छत्रसाल मिश्र, बृजेश सहित समस्त सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा।

## नए साल के जश्न में 5.82 करोड़ की शराब पी गए लोग

**रायबरेली।** नए साल के जश्न में रायबरेली के पियक्कड़ों ने इस बार सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। जाम छलकाने का ऐसा खुमार चढ़ा कि महज एक दिन में ही जिले में करीब 5.82 करोड़ रुपये की शराब गटक ली गई। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में करीब पौने दो करोड़ रुपये ज्यादा है। बढ़ी हुई बिक्री का सीधा फायदा सरकारी खजाने को हुआ और आबकारी विभाग मालामाल हो गया। बता दें कि 31 दिसंबर की रात से लेकर एक जनवरी की देर शाम तक जिले भर की शराब दुकानों पर जबरदस्त भीड़ नजर आई। कहीं लंबी कतारें लगी रहीं तो कहीं स्टॉक खत्म होने की नौबत आ गई। लोगों ने जमकर शराब की खरीदारी की। शहरी इलाकों से लेकर कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों तक शराब की दुकानों पर देर रात तक खरीददारी चलती रही। नए साल के स्वागत में लोगों ने जश्न के साथ जाम भी खूब छलकाए। आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वर्ष नए साल के मौके पर शराब की बिक्री करीब चार करोड़ रुपये रही थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा बढ़कर 5.82 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

# सफाई: डीएम की अगुवाई में चलाया गया प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर पुलिस ने रविवार को **प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान: एक महत्वपूर्ण पहल** प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा थाना परिसर, आवासीय परिसर व आसपास साफ-सफाई किया गया ।भारत सरकार द्वारा प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत देश को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल की गई है। इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना है जिसके क्रम में जिलाधिकारी विपिन जैन व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा थाना को0 नगर व थाना को0 देहात क्षेत्रांतर्गत कचहरी के आवासीपर परिसर व भगौतीगंज चौराहा पर साफ-सफाई कर आमजन के स्वच्छता का संदेश दिया गया। प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के मुख्य बिंदुओं में एक बार उपयोग वाले प्लास्टिक के उत्पादों पर प्रतिबंध लगाना, प्लास्टिक कचरे का उचित निस्तारण, प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देना, लोगों को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना प्रमुख हैं । प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में बदलाव लाना होगा। कपड़े के बैग का उपयोग करने से हम प्लास्टिक के थैले का उपयोग कम कर सकते हैं।

प्लास्टिक कचरे का उचित निपटान करने से हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। दूसरों को प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के बारे में जागरूक करने से हम इस अभियान को सफल बना सकते हैं। अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व उपजिलाधिकारी सदर, प्रभारी निरी थाना कोतवाली नगर व देहात तथा रिक्रूट कांस्टेबल सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष द्वारा भी थाना स्थानीय पर नियुक्त कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने थाना परिसर व आसपास में साफ-सफाई किया गया।

# जीएमपीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री ने ग्रहण किया पद

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में रविवार को सभी पैथी से जुड़े चिकित्सको के संगठन ग्रेजुएट मेडिकल प्रेक्टिशनर एसोसिएशन (जी0एम0पी0ए0) के वार्षिक पद ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय होटल के सभागार मे अध्यक्ष डा0 प्रांजल त्रिपाठी, सचिव डा0 अफजाल अहमद खान, कोषाध्यक्ष डा कुलदीप विश्वकर्मा के सफल संयोजन मे किया गया।

जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को जीएमपीए एसोसिएशन अध्यक्ष डा0 प्रांजल त्रिपाठी ने सभी का स्वागत करते हुए वर्ष पर्यंत किए गये विभिन्न कार्यक्रमो की विस्तृत चर्चा की। सचिव डॉक्टर अफ़ज़ाल अहमद खान के सफल संचालन में वर्ष 2026 के अध्यक्ष डा0 ए0के0 भट्ट, सचिव डा0 विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डा0 रिषी राज सिंह को एसोसिएशन का कार्य भार ग्रहण कराया गया। 1986 मे एसोसिएशन की स्थापना के समय के संस्थापक सदस्य डा0 देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, डा0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, डा0 प्रदीप कुमार व डा0 एन0के0 पांडे को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 मे विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओं मे उपलब्धि प्राप्त करने वाले डा0 नेहा श्रीवास्तव, डा0 सौमित्र प्रकाश, डा0 शगुन सिंह, इंजीनियर अना खान, डॉ आरिश खान, अर्पिता त्रिपाठी, फरान कय्यूम, अनमया पांडेय, डा0 अनस खान तथा डा0साकिब रहमान को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे बच्चो ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमे अनुषा गुप्ता, अतीक्षा सिंह, मारवी गुप्ता, अहमद आतिफ, शिक्षा श्रीवास्तव, अना खान, अनमया पांडेय, अर्पिता त्रिपाठी, अशहाज कय्यूम, सृष्टी श्रीवास्तव, मिष्ठी ने मनमोहक नृत्य, गायन का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम को सफल संयोजन मे डा0 राकेश चन्द्रा, डॉ अशोक सिंह, डा0 सौरभ सिंह, डा0 सतीश सिंह, डॉ अखिलेश उपाध्याय, डॉ विजय पांडे, डॉ ज़ुबैर अहमद, डॉ एच. एस .मिश्रा, डॉ अब्दुल मन्नान, डा.मनीष सिंह, डा0 अब्दुल कय्यूम, डॉक्टर आतिफ रहमान, डॉ जाहिद खान, डॉ असलम, डा0 इश्तियाक खान, डॉ हिफजुर्रहमान एवं डॉ अभिषेक श्रीवास्तव विशेष योगदान रहा है।

## हरि कथा और सेवा-यही जीवन का सार: डॉ. गोपाल शरण जी महाराज



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मथुरा-वृंदावन धाम से पधारे डॉ. गोपाल शरण जी महाराज के मुख से प्रवाहित हो रही भगवद् कथा में मातृभूमि सेवा मिशन (अध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान), हरियाणा (भारत) के संस्थापक आदरणीय डॉ. प्रकाश मिश्रा जी का सादर आगमन हुआ। यह पावन संगम भक्ति, अध्यात्म और सेवा भावना का अनुपम उदाहरण है। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुजनों ने इस आध्यात्मिक क्षण का लाभ लेकर अपने जीवन को संस्कारों से ओत-प्रोत किया। हरि नाम, हरि कथा और सेवा-यही जीवन का सार है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान हिंसक झड़प: युवक गंभीर रूप से घायल, एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद अमेठी के तिलोई तहसील अंतर्गत थाना इन्हौना क्षेत्र में आयोजित एक क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान हुआ विवाद हिंसक झड़प में तब्दील हो गया।इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मामले में कई नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भीखीपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर टूर्नामेंट कमेटी द्वारा समझौता कराने का प्रयास किया गया,जिसमें पीड़ित पक्ष भी शामिल था।लेकिन आरोप है कि आरोपी पक्ष उग्र हो गया और उन्होंने बैट व स्टंप से हमला कर दिया।एफआई आर में आरोप लगाया गया है,कि हमलावरों ने फरहत हुसैन पर बेरहमी से हमला किया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के अनुसार फरहत हुसैन की हालत इतनी नाजुक है कि वह अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं।पीड़ित पक्ष ने इस घटना के लिए आरोपियों के साथ-साथ टूर्नामेंट प्रबंधन की लापरवाही को भी जिम्मेदार ठहराया है।पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना इन्हौना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस का कहना है कि एफआईआर में दर्ज धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और आरोपियों की भूमिका की गहन जांच की जा रही है।घटना में शामिल लोगों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है,ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर आशा कर्मियों की राज्यव्यापी हड़ताल 22वें दिन भी रही जारी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा और अन्य पदाधिकारियों ने अमावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हड़ताल में शामिल आशा कर्मियों का उनके अनवरत जारी धरने पर पहुंचकर हौसला बढ़ाया।

आशा कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में आशा कर्मी अपने सवालों को लेकर 15 दिसंबर से हड़ताल पर हैं। अब तक सरकार आशा कर्मियों को अनसुना करती रही है, जिसकी वजह से हड़ताल में जाना पड़ा। हमारे आंदोलन का ही दबाव है कि 2024-2025 के लंबित भुगतान जारी करने का आदेश किया गया किंतु यह तो सरसरी तौर पर रोज ही उठने वाला सवाल था।

असली सवाल तो दूसरे हैं, जिन्हें हल किए बिना आंदोलन समाप्त नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि डराने, धमकाने, दमन और उत्पीड़न के जरिए आंदोलन को दबाने की कोशिश बेकार साबित होगी और हमारे पारिश्रमिक का 2019 से लेकर अब तक का अकल्पनीय हिस्सा बकाया है, उसकी अदायगी के साथ 45/46 वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिशो को लागू कर कर्मचारी के रूप में वर्गीकृत किए जाने, न्यूनतम वेतन, ग्रेजुडटी, ईपीएफ, ईएसआई, मातृत्व अवकाश के राष्ट्रीय और त्यौहारी अवकाश अनुमन्य करते हुए सेवा पंजिका निर्मित करने की मांगो को पूरा करने की तरफ सरकार को बढ़ना होगा।

उन्होंने सभी आशा और संगिनी कर्मियों का आह्वान किया कि इस ऐतिहासिक लड़ाई को कमजोर करने से सत्ता और प्रबंधन के कुछ खास करीबी लोगों का ही हित लाभ होगा, इसलिए वे ऐसे तत्वों के निहितार्थ को समझते हुए अपनी लड़ाई को मजबूत कर जीत सुनिश्चित कर उम्मीद की एक खिड़की खोलने में जुटें।

जिला उपाध्यक्ष, सह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावा अध्यक्ष साहिरा बानो ने कहा कि हड़ताल को मजबूती से लागू करने में सभी आशा कर्मियों को एकजुट होने की जरूरत है। मजबूत एकता और संघर्ष के जरिए ही जीत हासिल हो सकती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन के आह्वान को दृढ़ता से लागू किया जाएगा और आगामी 9 जनवरी को मंडलायुक्त कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन में शानदार भागेदारी होगी। उन्होंने सभी को अपने हितों के लिए लड़ाई में डटे रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी के डराने,धमकाने और बहकाने से विचलित होने के बजाय आंदोलन को मजबूत करने की जिम्मेदारी उठाने का वक्त है।

## पुलिस जवान को ट्रक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

**रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीखेड़ा गांव के पास बांदा बहराइच राजमार्ग पर बीते शनिवार की देर रात लखनऊ से नेट की परीक्षा देकर लौट रहे एक पुलिस जवान को ट्रक ने टक्कर मार दी.जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. जहां परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है.

शिवगढ़ थाना क्षेत्र के निहाल खेड़ा मजरे रानीखेड़ा गांव के रहने वाले पुलिस जवान शिवनारायण जो वर्ष 2019 बैच के सिपाही थे. वह वर्तमान समय में जनपद जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 पुलिस में तैनात थे. अपनी बाइक से नेट की परीक्षा देकर वापस अपने गांव लौट रहे थे. जैसे ही वह रानीखेड़ा गांव के पास पहुंचे तभी अत्यधिक कोहरा होने के कारण एक ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. वहीं टक्कर लगते ही उक्त पुलिस जवान सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया.

आसपास मौजूद राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा की तैयारी को लेकर आवश्यक बैठक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत द्वारा आयोजित गुरु गोरख स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 का आयोजन 6, 7 एवं 8 फरवरी को किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को जिले में एक समन्वय बैठक आहूत की गई ।

बैठक में यात्रा के सफल संचालन एवं चिकित्सा सेवाओं की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई।

जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को आयोजित बैठक में अवध प्रांत के श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष प्रोफेसर एम.एल.बी. भट्ट, निदेशक कल्याण सिंह कैंसर संस्थान, लखनऊ, प्रो. राजेश चतुर्वेदी प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज बलरामपुर, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन और अवध प्रांत लखनऊ से डॉ. तावसी, डॉ. अभिषेक, गोंडा विभाग के विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन बलरामपुर के जिलाध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, सचिव डॉ. विकल्प मिश्रा, यात्रा के जिला संयोजक राम कृपाल, सहसंयोजक शैलेंद्र, जिला प्रचारक जितेंद्र कुमार, जिला कार्यवाह किरीट मणि, विभाग सेवा प्रमुख श्याम सुंदर, विभाग प्रचार प्रमुख मनीष एवं जिला प्रचार प्रमुख मोहनीश सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से सीमावर्ती गांवों में आयोजित होने वाले मेडिकल कैंपों पर चर्चा की गई।

गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष ने बताया कि मेडिकल टीम स्थानीय लोगों के घरों पर रहकर अपनी सेवाएं देंगे। इन कैंप में लोगों के सीमावर्ती विकास खंडों पचपेड़वा, गैसड़ी, तुलसीपुर, हरैया सतघरवा क्षेत्र के 70 ग्राम पंचायतों में कैंप लगाया जाएगा। शिविरों में थारू जनजाति सहित अन्य लोगों का निःशुल्क जांच इलाज एवं दवा की वितरित की जाएगी।

जिसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क उपचार किया जाएगा। उन्होंने प्रो. राजेश चतुर्वेदी प्राचार्य और सीएमओ डॉ मुकेश रस्तोगी को गुरु गोरख स्वास्थ्य सेवा यात्रा का संरक्षक घोषित किया गया है। जिला प्रचारक जितेंद्र कुमार ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि यात्रा के दौरान स्थानीय ग्रामीणों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को प्रत्यक्ष स्वास्थ्य लाभ मिल सके। आयोजन को जनसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया है।

# बिल्हौर में 112 कॉल पर पहुंची पुलिस

## घर में घुसने और धमकी के आरोप में युवक का शांति भंग में चालान

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



**बिल्हौर।** थाना बिल्हौर क्षेत्र के ग्राम ददारपुर कटहा में शुक्रवार को 112 डायल पर मिली सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले में अब पीड़ित बताए जा रहे युवक के परिजनों ने पूरे प्रकरण को झूठा और साजिशन बताया है, जिससे मामला चर्चा में आ गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी रोशनी पत्नी चंद्रपाल ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी कि उनके गांव का ही रहने वाला सरवन पुत्र स्व. सुखवासी उम्र करीब 46 वर्ष उनके घर में घुस आया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के अनुसार, आरोपी सरवन ने पुलिस के सामने ही रोशनी को 'बाद में देख लेने' की धमकी दी।पुलिस द्वारा समझाने के बावजूद वह नहीं माना और उग्र होकर फसाद पर आमादा हो गया।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बिल्हौर पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सरवन का चालान धारा 170 बीएनएस के अंतर्गत कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। परिजनों का पलटवारः 'झूठे मामले में फंसाया गया ,वहीं, सरवन के परिजनों ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कुछ वर्ष पूर्व सरवन के साथ चंद्रपाल, चंद्रशेखर और रोशनी द्वारा मारपीट की गई थी,इस दौरान उसका हाथ टूट गया था व गम्भीर घायल हुआ था।जिसमें सरवन की शिकायत पर पुलिस ने कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था जिसके बाद से उस पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा था। परिजनों का दावा है कि जब सरवन ने समझौता करने से इनकार किया, तो उसे झूठे आरोपों में फंसाने की साजिश रची गई।मामले में एक तरफ पुलिस शांति भंग की कार्रवाई को सही ठहरा रही है, तो दूसरी ओर परिजनों के आरोपों ने पूरे प्रकरण को विवादास्पद बना दिया है।

# पुलिस की सक्रियता से सुरक्षित मिला लापता बालक

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम रतनपुर से लापता हुआ आठ वर्षीय बालक पुलिस की तत्परता से कुछ ही घंटों में सकुशल बरामद कर लिया गया। बच्चे के मिलने से परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्राम रतनपुर निवासी सर्वेश मिश्र का आठ वर्षीय पुत्र गगन मिश्र गुरुवार दिन में घर से क्रिकेट खेलने के लिए निकला था। खेल समाप्त होने के बाद परिवार का एक सदस्य उसे घर छोड़ गया, लेकिन वह घर के अंदर न जाकर दोबारा खेलने चला गया। काफी देर तक जब बच्चा वापस नहीं लौटा तो परिजन चिंतित हो उठे। परिजनों द्वारा तलाश के बावजूद जब बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला तो गगन के चाचा संदीप मिश्र ने घाटमपुर थाने में गुमशुदगी की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उपनिरीक्षक धनंजय सिंह को मामले की जिम्मेदारी सौंपी गई। थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ऐसआई अरुण कुमार, एसआई रजनीश कुमार, ऐसआई सतेंद्र दांगी ने मेहनत से गांव व आसपास के इलाकों में सघन खोजबीन अभियान चलाया गया। कई घंटों की मेहनत के बाद रात करीब साढ़े बारह बजे गुमशुदा बालक गगन मिश्र सुरक्षित अवस्था में मिल गया। पुलिस ने बच्चे को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बालक के सकुशल मिलने पर परिवारजनों ने पुलिस की तत्परता और कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# कानपुर के मोतीझील में सरस मेले का शुभारंभ, पुरस्कार प्राप्त समूह बने आकर्षण

- 6 जनवरी तक चलेगा सरस मेला, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया शुभारंभ
- अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए 60 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने लगाए स्टॉल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



योगी सरकार की महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने की नीति को ज़मीनी स्तर पर उतारते हुए रविवार को मोतीझील लॉन-2 में सरस आजीविका मेला-2026 का शुभारंभ किया गया। 6 जनवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया। यह मेला ग्रामीण महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मेला प्रतिदिन 11 बजे से शाम 7 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा। कानपुर नगर से 29 तथा मंडल के अन्य पांच जनपदों से 31 स्टाल लगाए गए हैं। 60 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री कर रही हैं।

मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सौंदर्य एवं सुगंध उत्पाद, पारंपरिक परिधान, हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, सखी लेदर उत्पाद, जैविक पौध एवं कृषि उत्पाद, स्वच्छता समाधान, सरस स्वाद और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। मेले के शुभारंभ के दौरान विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि समरसता भारतीय सांस्कृतिक मूल स्वभाव है। इस तरह के आयोजनों से पारंपरिक खान-पान, हस्तशिल्प और रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने में मदद मिलती है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं में आत्मविश्वास और अपनी पहचान बनाने की ललक दिखाई दे रही है।

वहीं, प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि स्वदेशी अपनाओ का मंत्र ही विकसित भारत की नींव है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर ही आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### इन स्वयं सहायता समूहों को मिला सम्मान

इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित भी किया गया। इसमें जमदानी साड़ी एवं सूट उत्पाद से जुड़ी उज्जवला महिला स्वयं सहायता समूह की सीमा देवी, मसाला उत्पाद से संबंधित मां दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह की ऋतु, मिलेट्स उत्पादों से जुड़े आत्मनिर्भर स्वयं सहायता समूह की संगीता सिंह, बुटीक एवं गारमेंट क्षेत्र से किरण स्वयं सहायता समूह की आकांक्षा रजिया तथा घरेलू सजावटी हस्तशिल्प निर्माण से जुड़े मानसी स्वयं सहायता समूह की मीरा देवी शामिल रहीं।

### ख़ास हैं ये समूह और इनके उत्पाद

कानपुर देहात की मानसी समूह की मीरा देवी के घरेलू सजावटी उत्पाद और वैष्णवी समूह की सुधा देवी के मसालों ने भी मेले में पहचान बनाई है। कन्नौज की गौरीशंकर समूह की तारावती द्वारा प्रस्तुत गुलाब जल व सुगंधित उत्पाद तथा पार्वती समूह की राधिका की फूलबत्ती को पुरस्कार मिल चुका है और इन स्टॉलों पर लगातार भीड़ देखी जा रही है। औरैया की विकास समूह की रीमा के सौंदर्य व सुगंधित उत्पाद तथा गंगा देवी समूह की मेनका के आंवला उत्पाद भी खास मांग में हैं। वहीं फर्रुखाबाद की जनहित समूह की मंजू के फिनायल-हैंडवॉश और जय भोले समूह की अल्का पाल की साड़ी-सूट व दुपट्टा भी पुरस्कार प्राप्त उत्पादों में शामिल हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार के निर्देश पर मेले में महिलाओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं को सीधा बाजार मिलता है और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

# अंग्रेज़ी नववर्ष 2026 पर मैत्री क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन



- एमएलसी अरुण पाठक के नेतृत्व में बी.पी.एम.जी. इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

**बिल्हौर।** अंग्रेज़ी नववर्ष 2026 के उपलक्ष्य में रविवार को बी.पी.एम.जी. इंटर कॉलेज परिसर में एक मैत्री क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सदस्य विधान परिषद (एमएलसी) कानपुर-उन्नाव स्नातक निर्वाचन क्षेत्र अरुण पाठक के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित सभी अतिथियों एवं सहभागियों का गुलाब के पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात सभी ने एक-दूसरे को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। मैत्री क्रिकेट मैच के माध्यम से आपसी सौहार्द, खेल भावना एवं सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश दिया गया। मैच के उपरांत एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थितजनों का कुशल-क्षेम जाना गया। बैठक के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी विचार-विमर्श हुआ और सामाजिक एकता को और मजबूत करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर चोखा-बाटी एवं जलपान की उत्तम व्यवस्था भी की गई, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। पूरा कार्यक्रम उत्साह, आत्मीयता और आपसी भाईचारे के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनोज पांडेय, श्याम जी कटियार, अजीत सिंह, राजेंद्र कटियार, राजू दुबे, गीता गुप्ता, जे.पी. कटियार, ऋषि गुप्ता, अतुल कुमार शुक्ला (अधिवक्ता), कार्तिकेय शंकर दीक्षित, नरेंद्र प्रताप सिंह, अनुराग शुक्ला, सौरभ शर्मा, अंजू त्रिपाठी, गौरव तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# सांसद ने जिम लगाकर नए वर्ष का दिया उपहार

जन एक्सप्रेस। सीतापुर



मिश्रित क्षेत्र के चैथी बार के सांसद अशोक रावत लगातार क्षेत्र के विकास में तत्परता दिखा रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण मिश्रिख ब्लाक की ग्राम पंचायत मानपुर के मजरा कादी नगर में स्थित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क में ओपन जिम लगवा कर नव वर्ष की लोगों को सौगात दी है। गौर तलब हो कि अभी पिछले वर्ष ही कादीनगर में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की स्मृति में एक पार्क का निर्माण किया जा चुका है ।इसके पहले तेलियानी से कादीनगर के लिए हाटमिक्स चैडी रोड का भी निर्माण हो चुका है ।क्षेत्र में शैक्षिक विकास के लिए इंटर कॉलेज की स्थापना हेतु अपने स्तर से शासन प्रशासन से पूरा सहयोग करवा कर स्थानीय सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज की स्थापना करवाने में विशेष सहयोग दिया। क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर दौड़ी है। ओपन जिम लग जाने से ग्राम वासियों के साथ-साथ क्षेत्र वासियों को भी अपनी सेहत सुधारने का अवसर मिलेगा । गांव के बच्चे, बूढ़े ,नौजवान सभी इस बात को लेकर खुश हैं और सभी अपने चहेते सांसद को हृदय से धन्यवाद भी देते नजर आए और उनका आभार भी प्रकट किया ।ओपन जिम के लिए स्थानीय स्तर पर समाजसेवी देवेंद्र ठाकुर एडवोकेट के द्वारा बड़े स्तर पर प्रयास किया गया जिसके फलस्वरूप स आज ओपन जिम लग चुका है ।इस अवसर पर प्रधान सरोज कश्यप ,ममता विश्वकर्मा, अमित यादव, पूर्व प्रधान रामनरेश आजाद,प्रधान राजा राम अर्कवंशी, मुन्नालाल , रामकुमार गौतम, सुनील कुमार,सुनैना समेत बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### क्राइम ब्रांच अधिकारी बन खाते से उड़ाए 40 हजार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। साइबर ठगों की ठगी थमने का नाम नहीं ले रही है। डिजिटल इंडिया के दौर में शातिर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। ताजा मामला हनुमंत विहार थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर फोन करने वाले ठगों ने ओटीपी हासिल कर खाते से 40 हजार रुपये उड़ा लिए। पीड़ित हरिशंकर के अनुसार, वह केशव नगर, ब्लॉक थाना हनुमंत विहार के निवासी हैं। घटना के समय उनकी बेटी मोबाइल चला रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए खाते से जुड़ी जानकारी मांगी और जांच का हवाला देते हुए ओटीपी साझा करने को कहा। झांसे में आकर ओटीपी बताते ही खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए गए। ।पैसे कटने का मैसेज आते ही परिजन सकते में आ गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी साइबर सेल और हनुमंत विहार थाने को दी है। वही थाना प्रभारी हनुमंत विहार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और कॉल डिटेल्स व बैंक लेनदेन की पड़ताल की जा रही है।

### नाबालिग किशोरी सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर। थाना बिल्हौर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पीड़िता को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बिल्हौर पर दिनांक शनिवार को परिजन की तहरीर पर उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया ।जिसके बाद सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के कुशल निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने अथक प्रयास करते हुए 24 घंटे के भीतर राणा पुल कट चौकी उत्तरीपुरा थाना बिल्हौर के पास से पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया ।इस दौरान पुलिस ने आरोपी अभिषेक थाना बिल्हौर उम्र करीब 19 वर्ष, को गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेजा गया।

### अहंकार प्रभु का भोजन पंडित आचार्य श्री कृष्ण द्विवेदी

जन एक्सप्रेस। बिठूर। ब्रह्मावर्त क्षेत्र के बैकुंठपुर में स्थित नेशनल आइडियल स्कूल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कन्नौज जनपद से पधारे कथा व्यास आचार्य पंडित श्री कृष्ण द्विवेदी ने ध्रुव चरित्र की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा नव द्वार वाले इस शरीर रूपी मकान में रहने आई जीव आत्मा बुद्धि नमक पूजनीय स्त्री से विवाह किया। उन्होंने अभी बताया की काम, क्रोध, लोभ ,मोह, मद, मत्सर, 6 पुत्र उत्पन्न किए। 100 वर्षों तक मकान शरीर का सुख भोक्ता रहा। उन्होंने आगे कथा में बताया कि क्रोध हमेशा बुद्धि को क्षीण कर देता है। जिससे जीव की सोने की शक्ति समाप्त हो जाती है। अहंकार ईश्वर का भजन है।

# खाफा प्रधान रामप्यारी व सचिव शीलम ने उड़ाई आदेशो की धज्जियां




जन एक्सप्रेस। सीतापुर

विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत खाफा में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान रामप्यारी ने पंचायत सचिव शीलम के साथ सांठगांठ कर ग्राम निधि और मनरेगा योजना के तहत आने वाली विकास मद की धनराशि का दुरुपयोग किया है।सूत्रों की मॉने तो सरकार द्वारा भेजी गई विकास कार्यों की राशि पारदर्शिता के स्थान पर परिजनों और परिचितों में बांटी गई। प्रधान पर आरोप है कि उन्होंने ग्राम निधि से भुगतान अपने पति सत्यप्रकाश पुत्र टहलू, परिवारीजन कमलेश पुत्र टहलू, गिरिजादयाल पुत्र टहलू, तथा अन्य रिश्तेदार शिवनंदन आदि के नाम पर निकालकर सरकारी धन को निजी हितों के लिए उपयोग किया।सचिव व प्रधान की ऐसी अनियमितताओं के चलते ग्राम पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हुए हैं और वास्तविक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया। बताते चले कि अप्रैल 2022 में जारी शासनादेश की मॉने तो प्रधान अपने परिवारीजन व नाते रिश्तदारों के नाम ग्राम निधि से भुगताम नही कर सकते है जारी आदेशो में साफ तौर पर सर्बधितो को आदेश दिया गया था बावजूद इसके सचिव शीलम के द्वारा लगातार प्रधान के परिवारीजनों के नाम भुगतान कर आदेशो की घज्जिया उड़ाई गयी है सचिव में कमलेश पुत्र टहलू के नाम पर लगभग डेढ़ लाख रुपये का भुगतान किया है, जिसमे वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 54706 रूपये, वित्तिय वर्ष 2024-25 में लगभग 55926 रूपये, वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 30 हजार रुपये का भुगतान किया गया है, शिवनन्दन के नाम पर आदेश आने से अभी तक लगभग 1 लाख रुपये व गिरिजादयाल के नाम पर लगभग 25 हजार रुपये का भुगतान कर फर्जीवाडा किया गया है वही प्रधान के पति सत्यप्रकाश के नाम पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 70 हजार रुपये व वित्तीय वर्ष 2022-23 में 90 हजार रूपये का भुगतान कर सरकारी धन का बंदरबाँट किया गया है। उक्त प्रकरण के सम्बंध में जब ग्राम पंचायत सचिव शीलम से जानकारी का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा फोन नही उठाया गया।

### पढा लिखा एलएलबी हू मुख्यमंत्री तक को दे दूंगा हिसाब-प्रधानपति

जब उक्त प्रकरण के सम्बंध में ग्राम प्रधान से जानकारी का प्रयास किया गया तो प्रधान के पति सत्यप्रकाश ने बताया कि मैं ऐसे किसी आदेश को नही मानता हूँ, जो परिवारीजनों को काम करने से रोके व ग्राम पंचायत से भुगतान न दिया सके प्रधान हम हुए है हमारे घरवाले नही हुए है मेरे भाई कमलेश 25 साल से मनरेगा मजदूरी करते है अब भी कर रहे है, और हम भुगतान देंगे लेकिन जब शासनादेश की बात कही तो बताया कि कोई भी हमसे हिसाब ले ले हम पढ़े लिखे एलएलबी प्रधान है मुख्यमंत्री तक : को हिसाब दे दूंगा।

# बिल्हौर सीएचसी में वर्षों से भ्रष्टाचार और गबन का गंभीर आरोप

- आशा बहुओं से अभद्रता, सरकारी योजनाओं में भारी अनियमितता विधायक व सांसद से त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



**बिल्हौर।** बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़े सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिल्हौर में बीते कई वर्षों से कथित रूप से जारी भ्रष्टाचार, सरकारी धन के गबन तथा महिला स्वास्थ्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है। समाजसेवी अजय कान्त बाजपेयी ने इस संबंध में विधायक बिल्हौर राहुल बच्चा से भेंट कर एक विस्तृत शिकायत पत्र/ज्ञापन सौंपते हुए स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं तथा तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार पिछले लगभग 7-8 वर्षों से माताओं एवं अन्य लाभार्थियों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता राशि का समुचित भुगतान नहीं किया जा रहा है। जननी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जैसी महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में बड़े स्तर पर अनियमितता और धन के गबन के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के प्रमुख बिंदु , प्रसव के बाद माताओं को मिलने वाली ?1400 की सरकारी सहायता राशि का भुगतान न होना। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत मिलने वाली ?5000-?6000 की धनराशि में कथित गोलमाल। आशा बहुओं के साथ अभद्रता, मानसिक उत्पीड़न और अपमानजनक व्यवहार। प्रसव के दौरान नर्सिंग स्टाफ द्वारा परिजनों से ?2000 से ?4000 तक की कथित अवैध वसूली। इलाज के नाम पर मरीजों को बाहर से दवाइयाँ एवं सामान मंगवाने के लिए मजबूर किया जाना। जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में महीनों से लेकर वर्षों तक की देरी। जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर अवैध धन की मांग। शिकायत में संविदा कर्मचारी मृदुल मिश्रा को इन कथित अनियमितताओं का मुख्य आरोपी बताते हुए उनके विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। समाजसेवी अजय कान्त बाजपेयी का कहना है कि उनके पास सभी आरोपों से संबंधित प्रमाणिक शिकायतें एवं साक्ष्य उपलब्ध हैं। जनप्रतिनिधियों से संपर्क और कार्रवाई की पहल इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के अन्य गणमान्य पदाधिकारियों के माध्यम से लोकसभा मिश्रिख के सांसद अशोक रावत को संबोधित शिकायत पत्र/ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेयी के माध्यम से सांसद तक पहुँचाने का आग्रह किया गया। इसके पश्चात सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेयी से टेलीफोनिक वार्ता कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़ी समस्त समस्याओं से अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने सांसद को संबोधित पत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिसे सौंप दिया गया है। प्रमुख मांगें पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध तत्काल पुलिस एफआईआर दर्ज की जाए। आरोपी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाए। लाभार्थियों एवं आशा बहुओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। समाजसेवी अजय कान्त बाजपेयी ने स्पष्ट कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनका संघर्ष आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से विधायक एवं सांसद से आग्रह किया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में हुए अथवा हो रहे भ्रष्टाचार, माताओं-बहनों के अधिकारों के हनन तथा सरकारी योजनाओं में हुई अनियमितताओं पर निष्पक्षता के साथ दोषियों के विरुद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए, जिससे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनविश्वास बहाल हो सकें।

# बिठूर के महाकालेश्वर मंदिर में शिवरात्रि के दिन निकलने वाली शिव बारात को लेकर पहली बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





**बिठूर।** बिठूर के सुप्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में हर वर्ष शिवरात्रि के दिन शिव बारात निकाली जाती है। इस बारात में क्षेत्र के हजारों महिलाएं पुरुष व बच्चे शामिल होते हैं। इस बार भी शिवरात्रि के दिन शिव बारात निकाली जानी है जिसको लेकर बीते दिन रविवार को बिठूर के महाकालेश्वर मंदिर में महाकालेश्वर भक्त मंडली द्वारा कार्यक्रम व्यवस्था के मद्देनजर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कार्यक्रम को सुरक्षित संपन्न कराए जाने को लेकर के सभी पहलुओं पर गहनता से चर्चा हुई। इस बैठक में महाकालेश्वर भक्त मंडली के पदाधिकारी के अलावा सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारी ने और सदस्यों ने अपने-अपने मत रखें। कार्यक्रम 15 फरवरी को आयोजित किया जाना है। हर वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष इस कार्यक्रम को और भव्यता के साथ आयोजित किया जाना है। इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम में आने वाली महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा अहम रहा।

# सोशल मीडिया विवाद में युवक को जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

- अभद्र टिप्पणी, धर्म व देश विरोधी पोस्ट का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**बिल्हौर।** बिल्हौर के अरौल थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के कथित दुरुपयोग का एक गंभीर मामला सामने आया है। रौंगांव गांव निवासी विजय कुमार ने अपने ही गांव के एक युवक पर फेसबुक के माध्यम से लगातार गाली-गलौज, अभद्र टिप्पणियां करने तथा देश और धर्म विरोधी पोस्ट साझा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।शिकायतकर्ता विजय कुमार के अनुसार, गांव निवासी चांद खान लंबे समय से मोबाइल फोन और फेसबुक के जरिए हिंदू धर्म एवं देवी-देवताओं के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणियां और गाली-गलौज कर रहा है। इन गतिविधियों से न केवल उनकी मानसिक शांति भंग हुई है, बल्कि गांव में भी तनावपूर्ण माहौल उत्पन्न हो गया है।विजय कुमार का आरोप है कि चांद खान सोशल मीडिया पर देशविरोधी, भड़काऊ और समाज में द्वेष फैलाने वाली पोस्ट व टिप्पणियां भी करता है। जब उन्होंने उसे ऐसी हरकतों से बाज आने की समझाइश दी, तो आरोपी और अधिक आक्रामक हो गया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के अनुसार, धमकी से जुड़े वीडियो और मैसेज उनके पास मौजूद हैं, हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

पीड़ित ने मकनपुर चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि धमकी के बाद से उनका परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में है।इस संबंध में अरौल थाना प्रभारी जनार्दन सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी प्राप्त हुई है। चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा द्वारा प्रकरण की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी युवक को चौकी बुलाकर पूछताछ शुरू कर दी है तथा सोशल मीडिया पोस्ट, कॉल डिटेल सहित अन्य साक्ष्यों की जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# समुद्र की गहराइयों से उठती नारी शक्ति की गूंज

**राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा कारवार स्थित आईएनएस कदंब नौसैनिक अड्डे से प्रारंभ हुई, जो भारत के समुद्री सामर्थ्य का केंद्र बन चुका है। 'प्रोजेक्ट सीबर्ड' के तहत विकसित यह अड्डा 45 वर्ग किलोमीटर में फैला विशाल सामरिक बेस है। पूर्ण निर्माण के बाद यह स्वेज नहर के पूर्व में पृथ्वी का सबसे बड़ा नौसैनिक अड्डा होगा, जहां 50 से अधिक युद्धपोतों को रखने की क्षमता होगी। यह आधार केवल एक सैन्य सुविधा नहीं बल्कि भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टि का प्रतीक है। यहां से भारत न केवल अपने समुद्री तट की सुरक्षा करता है।**

*भारत के सैन्य इतिहास में कुछ क्षण केवल घटनाएं नहीं, राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक बन जाते हैं। पिछले दिनों जब भारत की सर्वोच्च कमांडर और राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मु ने भारतीय नौसेना की अत्याधुनिक पनडुब्बी 'आईएनएस वाघशीर' पर सवार होकर समुद्र की गहराइयों में प्रवेश किया, वह क्षण भारत के सैन्य इतिहास में प्रतीकात्मक मील का पत्थर बन गया। उनकी यह यात्रा केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं थी बल्कि यह भारत की समुद्री शक्ति, रक्षा आत्मनिर्भरता, महिला नेतृत्व और हिंद महासागर क्षेत्र में देश की निर्णायक भूमिका का सशक्त प्रदर्शन थी। राष्ट्रपति मुर्मु न केवल भारत की पहली महिला राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने पनडुब्बी यात्रा की बल्कि इसका गहरा प्रतीकात्मक अर्थ यह है कि भारत अब तकनीकी, रणनीतिक और नेतृत्व, तीनों स्तरों पर नया आत्मविश्वास अर्जित कर चुका है। लगभग 19 वर्ष पहले फरवरी 2006 में राष्ट्रपति 'मिसाइल मैन' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने आईएनएस सिंधु रक्षक में समुद्री यात्रा की थी। तब से लेकर अब तक भारत का रक्षा परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। जो राष्ट्र तब विदेशी प्रणालियों पर निर्भर था, वह आज आत्मनिर्भरता और उन्नत तकनीकी क्षमता के साथ समुद्र की गहराइयों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यह यात्रा इस ऐतिहासिक निरंतरता को नया आयाम देती है। यह केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं बल्कि भारतीय राष्ट्रपति की एक सक्रिय, संलग्न और रणनीतिक भूमिका का प्रतीक है, जहां सर्वोच्च नेतृत्व स्वयं उन चुनौतियों और अवसरों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करता है, जिनसे हमारे सशस्त्र बल प्रतिदिन जूझते हैं। 'आईएनएस वाघशीर' प्रोजेक्ट-75 स्कॉर्पीन कार्यक्रम की छठी और अंतिम पनडुब्बी है, जो भारतीय नौसेना में जनवरी 2025 में शामिल हुई थी। इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने फ्रांस की कंपनी 'नेवल ग्रुप' के तकनीकी सहयोग से किया। यह सहयोग अब केवल तकनीक हस्तांतरण का मॉडल नहीं रहा बल्कि 'मेक इन इंडिया' की वास्तविक सफलता का उदाहरण बन चुका है। भारत आज न केवल जटिल नौसेना प्रणालियों को जोड़ने में सक्षम है बल्कि उनमें नवाचार करने की दिशा में भी अग्रसर है। तकनीकी रूप से वाघशीर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में गिनी जाती है। लगभग 67 मीटर लंबी और 1,565 टन वजनी यह पनडुब्बी 350 मीटर तक गोता लगाने और पानी के नीचे 37 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने में सक्षम है। आईएनएस वाघशीर का उन्नत स्टील्थ डिजाइन इसे दुश्मन के सोनार और रडार से लगभग अदृश्य बनाता है। वायर-गाइडेड टॉरपीडो और एंटी-शिप मिसाइलें इसे दुश्मन के किसी भी युद्धपोत को ध्वस्त करने की क्षमता देती हैं। उच्च-संवेदनशील सोनार और रडार प्रणालियां इस पनडुब्बी को खुफिया जानकारी, निगरानी और विशेष अभियानों के लिए आदर्श प्लेटफॉर्म बनाती हैं। 50 दिनों तक समुद्र में तैनाती की क्षमता से यह लंबी अवधि के मिशन संचालित कर सकती है। सबसे भविष्यवादी तत्व इसकी मॉड्युलर संरचना है, जो इसे आने वाले वर्षों में 'एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन' प्रणाली से लैस करने की सुविधा प्रदान करेगी। इस तकनीक के जोड़ने के बाद वाघशीर को सतह पर आए बिना लंबे समय तक गहराइयों में तैनात किया जा सकेगा, जिससे इसकी स्टील्थ और मारक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**औद्योगिक क्षेत्र के अर्थ दोहन की ऐसी ही लापरवाहियों के चलते मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लगे स्टील संयंत्र रोजाना करीब 60 टन दूषित मलबा नदियों में बहा कर उन्हें जहरीला तो बना ही रहे हैं, मनुष्य-मवेशी व अन्य जलीय जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा भी बना रहे हैं। दरअसल, इन स्टील संयंत्रों में लोहे के तार व चद्दरों को जंग से छुटकारा दिलाने के लिये 32 प्रतिशत सान्द्रता वाले हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का इस्तेमाल किया जाता है। तारों और चद्दरों को तेजाब से भरी बड़ी-बड़ी हौदियों में तब तक बार-बार डुबोया जाता है, जब तक ये जंग से मुक्त नहीं हो जातीं। बाद में बेकार तेजाब के मलबे को चामला नदी से जुड़े नालों में बहा दिया जाता है।**



प्रमोद भार्गव

**जो जीव-जंतुओं को हानि तो पहुंचाता ही है यदि इस जल का उपयोग सिंचाई के लिये किया जाता है तो यह फसलों को भी पर्याप्त नुकसान पहुंचाता है। पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की पंद्रह औद्योगिक इकाइयां हैं। अकेले मालवा क्षेत्र और इंदौर के आसपास ऐसी दस इकाइयां है, जो खराब तेजाब आसपास की नदियों में बह रही हैं। ये छोटी नदी और नाले आगे जाकर नर्मदा में मिलते हैं। साफ है, नर्मदा के जल को दूषित करने के एक नहीं अनेक कारण हैं।**

# इंदौर : स्वच्छता की चादर से ढंकी गंदगी

इंदौर मध्य प्रदेश ही नहीं देश के स्वच्छतम शहरों की श्रेणी में रहा है लेकिन अब इसकी आई सच्चाई ने उजागर कर दिया कि इस महानगर की गंदगी को स्वच्छता की चादर से ढंक दिया गया था। जिससे इंदौर को देशव्यापी स्वच्छता का खिताब मिलता रहे। अब दूषित पेयजल से हुई 10 से ज्यादा लोगों की मौत ने झूठ से पर्दा उठा दिया है। स्वच्छता के कथित मानकों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लेकिन इन सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर हम अपने नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने में क्यों असफल हो रहे हैं। मानव शरीर के लिए शुद्ध पेयजल पहली जरूरत है। क्योंकि हम बिना भोजन के जीवित रह सकते हैं लेकिन जल के बिना जीवन कतई संभव नहीं है। मानव शरीर में 70 प्रतिशत जल की उपलब्धता है। भागीरथपुरा में नर्मदा नदी से पाइपलाइन के जरिए आने वाले जल में शौचालय का दूषित पानी लंबे समय से मिलता रहा। बस्ती के लोग इस पानी को यह मानकर पीते रहे कि नगर निगम द्वारा पिलाया जाने वाला शुद्धता के मानकों पर खरा होगा ही। लेकिन धरती के नीचे बह रहा सीवर का मल नर्मदा के जल में पाइप लाइन फूट जाने से घुलता रहा। लोगों को जब पानी में गंदगी का अहसास हुआ तो शिकायत भी की गई। लेकिन निगम और जिला प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। जब 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और करीब 1000 लोग अस्पतालों में भर्ती हुए, तब प्रशासन जागा और नागरिकों द्वारा बताए स्थल की खुदाई की। तब जाकर पता चला कि सीवर और पेयजल की लाइनें फूट जाने से नर्मदा के जल में गंदगी डेढ़ वर्ष से मिल रही थी। इस कारण लोगों की प्रतिरोधात्मक क्षमता घटती गई और बीमारी एवं मौत कहर बनकर टूट पड़े। अब कुछ कर्मचारियों को निलंबित करके प्रशासन मामले को ठंडा करना चाहता है लेकिन निलंबन कोई सजा नहीं है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के इसी निर्वाचन क्षेत्र से चुने जाते हैं और पेयजल की आपूर्ति करने वाला विभाग भी उन्हीं के अधीन है। अतएव जब जिम्मेबार मंत्री से इस जानलेवा लापरवाही से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने बौखलाकर अपा खो दिया और बोले, ये सब फोकट के सवाल हैं, इन्हें मत पूछिए। यह उनकी संवेदनहीनता दर्शाने वाला उत्तर था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जब उनकी थू-थू हुई तो उन्होंने खेद जताकर मुक्ति पा ली। लेकिन साफ है, भाजपा सरकार के मंत्री इस हद तक मद में चूर हो गए हैं कि उन्हें अपने उत्तरदायित्वों का उचित ख्याल तक नहीं रहता। यदि रहता तो कैलाश विजयवर्गीय को एहसास होता कि इस तरह की लापरवाही का उपचार महज सरकारी खानापूर्ति न होकर सजगता के साथ समस्या का हल खोजना था। दूषित पेयजल कांड के चलते इंदौर नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र भार्गव तो इतने विचलित हुए कि जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने उनके निर्देश को महत्व नहीं दिया तो



**नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पेयजल पीने के लिए अभिशप्त हैं।**

उन्होंने यहां तक कह दिया कि अधिकारी सुनते नहीं है, इसलिए ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था में काम करना मुझ जैसे व्यक्ति के लिए संभव नहीं है, अधिकारी बातचीत करने तक को तैयार नहीं हैं। इस संदेश को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दीजिए। भार्गव कलेक्टर शिवम वर्मा पर भी नाराज हुए। दरअसल, भार्गव ने मौतों का सिलसिला शुरू होने से पहले कलेक्टर को कहा था कि भागीरथपुरा से उल्टी-दस्त की शिकायतें आ रही हैं। शुद्ध पानी की कमी शरीर में ऐसी बीमारियों को पैदा करने का सबब बनता है कि समय पर उपचार नहीं हुआ तो मौत निश्चित है। इस दूषित जल के कारण उल्टी-दस्त, डायरिया, टाइफाइड और हेपेटाइटिस भी जैसी बीमारियां पेट में जन्म ले लेती हैं। यही हश्र भागीरथपुरा में रहने वाले लोगों का हुआ। यदि इंदौर को लगातार कई साल तक स्वच्छता के तमगे नहीं मिले हो तो शायद इन मौतों की देश-परदेश के मीडिया में चर्चा भी नहीं हुई होती। लेकिन कार्यपालिका और विधायिका तमगों के लिए किस तरह गंदगी पर चादर बिछाती है, यह हकीकत इंदौर में हुई इन मौतों ने सामने ला दी है। दरअसल, नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के दावे चाहे जितने किए जाएं, ये हकीकत से बहुत दूर है। इसीलिए भारत में जल जनित बीमारियों की बहुलता पूरे साल बनी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया के पौने दो अरब लोग दूषित पेयजल पीने के लिए अभिशप्त हैं। दुनियाभर में हर साल 50 लाख से ज्यादा लोग दूषित पानी पीकर असमय मौत के शिकार हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में ज्यादातर नगरीय निकायों की हालात बहुत खराब है। कोई भी निकाय यह दावा नहीं कर सकता कि वह शुद्ध पानी पिला रहा है। ज्यादातर नगरीय निकायों में मानकों के मुताबिक पानी की गुणवत्ता की जांच ही नहीं होती। यह लापरवाही तब से और ज्यादा बरती जाने लगी हैं, जब से आरओ और बोतलबंद पानी की सुविधा सक्षम लोगों के लिए उपलब्ध हो गई है। मध्यप्रदेश में बारहमासी नदियां होने के कारण पानी की कोई कमी नहीं है। पानी बरसता भी खूब है। इन्हीं नदियों पर बने बांधों से ज्यादातर नगरों में लोगों को पेयजल मुहैया कराया जाता है। लेकिन हम अपने इस प्राकृतिक वरदान को तात्कालिक लाभ के चलते अभिशाप में बदलने में लगे हुए हैं। औद्योगिक क्षेत्र के अर्थ दोहन की ऐसी ही लापरवाहियों के चलते मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र में लगे स्टील संयंत्र रोजाना करीब 60 टन दूषित मलबा नदियों में बहा कर उन्हें जहरीला तो बना ही रहे हैं, मनुष्य-मवेशी व अन्य जलीय जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा भी बना रहे हैं। दरअसल, इन स्टील संयंत्रों में लोहे के तार व चद्दरों को जंग से छुटकारा दिलाने के लिये 32 प्रतिशत सान्द्रता वाले हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का इस्तेमाल किया जाता है। तारों और चद्दरों को तेजाब से भरी बड़ी-बड़ी हौदियों में तब तक बार-बार डुबोया जाता है, जब तक ये जंग से मुक्त नहीं हो जातीं। बाद में बेकार तेजाब के मलबे की चामला नदी से जुड़े नालों में बहा दिया जाता है। इस कारण नदी का पानी प्रदूषित होता है, जो जीव-जंतुओं को हानि तो पहुंचाता ही है यदि इस जल का उपयोग सिंचाई के लिये किया जाता है तो यह फसलों को भी पर्याप्त नुकसान पहुंचाता है। पूरे मध्यप्रदेश में इस तरह की पंद्रह औद्योगिक इकाइयां हैं। अकेले मालवा क्षेत्र और इंदौर के आसपास ऐसी दस इकाइयां है, जो खराब तेजाब आसपास की नदियों में बहा रही हैं। ये छोटी नदी और नाले आगे जाकर नर्मदा में मिलते हैं। साफ है, नर्मदा के जल को दूषित करने के एक नहीं अनेक कारण हैं, जिनका समाधान प्रदेश की भाजपा सरकार पिछले 20 साल से नहीं खोज पाई है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 09:59 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 13:26 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | विष्कंभ, 22:51 तक |
| सूर्योदयः | 07:13 |
| सूर्यास्तः | 17:32 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 08:31-09:48 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:02-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### बन रही रणनीति !

*बागीयों को टिकट नहीं ।*
*हो ऐसा प्रयास ।।*
*है आया आदेश ।*
*समय चल रहा खास ।।*
*बन रही रणनीति ।*
*आ गई वो बेला ।।*
*अपने-अपने स्तर पर ।*
*कर रहे सब खेला ।।*
*बड़ी है लड़ाई ।*
*और प्रतिष्ठा प्रश्न ।।*
*सबकी अपनी कोशिश है ।*
*हो हमारा जश्न ।।*
*दो दो हाथ करने को ।*
*हैं सारे तैयार ।।*
*करनी जीत दर्ज़ ।*
*रह कर होशियार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# नारियल तेल और एलोवेरा जेल को मिलाकर तैयार करे कोल्ड क्रीम

**सर्दियों** में ज्यादातर लोग स्किन के ड्राई होने और इसके रूखेपन जैसी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। ऐसे में सर्दियों में स्किन को मॉइस्चराइज रखने के लिए अक्सर लोगों को हेल्दी डाइट लेने और स्किन केयर पर ध्यान देने की सलाह दी जाती है। ऐसे में स्किन को अंदर से मॉइस्चराइज रखने के लिए एलोवेरा जेल और नारियल तेल से घर पर कोल्ड क्रीम को बनाया जा सकता है, जिससे स्किन हेल्दी रहती है। ड्राई स्किन की समस्या से राहत पाने के लिए घर पर पोषक तत्वों से युक्त कोल्ड क्रीम को घर पर बनाया जा सकता है। इसके लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल में 1 चम्मच नारियल तेल को अच्छे से मिलाकर एक पेस्ट बना लें। अब इसको एयरटाइट कंटेनर में स्टोर कर लें। आप चाहें तो इसमें लैवेंडर या कैमोमाइल या रोज ऑयल जैसे किसी भी एसेंशियल ऑयल की 2-3 बूंदों को भी डाला जा सकता है। अब इसको साफ चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन को हेल्दी रखने में मदद मिलती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, एलोवेरा जेल में अच्छी मात्रा में विटामिन-ई, सी और ए जैसे पोषक तत्व होते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। वहीं, नारियल तेल में अच्छी मात्रा में



एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल के गुण होते हैं और इसमें अच्छी मात्रा में ओमेगा-3 फैटी एसिड जैसे हेल्दी फैट्स होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्किन को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**स्किन को हाइड्रेट और मॉइस्चराइज रखें:** नारियल तेल और एलोवेरा जेल की कोल्ड क्रीम में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और मॉइस्चराइजिंग के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्किन को गहराई से पोषण देने और मॉइस्चराइज करने में मदद मिलती है। इससे स्किन हेल्दी और ग्लोइंग रहती है।

**स्किन को हील करेः** इस कोल्ड क्रीम में हीलिंग प्रॉपर्टिज होती हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्किन की जलन को कम करने, सूजन को कम करने, एक्ने की समस्या से राहत देने, टैनिंग को कम करने और स्किन को नेचुरल रूप से हील करने में मदद मिलती है। ये स्किन के लिए फायदेमंद है।

**स्किन सेल्स का बचाव करेः** इस कोल्ड क्रीम में अच्छी मात्रा में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्किन के सेल्स को नेचुरल रूप से रिपेयर करने, इसका डैमेज से बचाव करने और स्किन को हेल्दी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**स्किन का एजिंग से बचाव करेः** इस कोल्ड क्रीम में अच्छी मात्रा में विटामिन-ई और एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण होते हैं। इसका इस्तेमाल करने से स्किन को नेचुरल रूप से यंग बनाएं रखने में मदद मिलती है, जिससे झुर्रियों और फाइन लाइन्स जैसे एजिंग के लक्षणों को कम करने, स्किन को हेल्दी, ग्लोइंग और शाइनी बनाए रखने में मदद मिलती है।

**ड्राई स्किन से राहत देः** सर्दियों में अक्सर लोग ड्राई स्किन की समस्या से परेशान रहते हैं। ऐसे में नारियल तेल और एलोवेरा जेल से बनी कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्राइनेस को कम करने और स्किन को नेचुरली सॉफ्ट बनाए रखने में मदद मिलती है। ये स्किन के लिए फायदेमंद है।

### एक्सप्रेस विशेष

# दृष्टिहीनों की शिक्षा में ब्रेल लिपि की भूमिका



योगेश कुमार गोयल

**अब ब्रेल लिपि कम्प्यूटर तक भी पहुंच गई है। ब्रेल लिपि वाले ऐसे कम्प्यूटर में गोल व उभरे हुए बिन्दु होते हैं और कम्प्यूटरों में यह तकनीक उपलब्ध होने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि अब दृष्टिहीन व्यक्ति भी तकनीकी रूप से मजबूत हो रहे हैं।**

**पाठ्य पुस्तकों के अलावा रामायण, महाभारत जैसे ग्रंथ भी छपते हैं। भारत सरकार द्वारा 4 जनवरी 2009 को लुई ब्रेल के जन्म को 200 वर्ष पूरे होने पर उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया गया था। 43 वर्ष की आयु में 6 जनवरी 1852 को लुई ब्रेल का निधन हो गया लेकिन उनकी खोजी ब्रेल लिपि ने आज विश्वभर में दृष्टिहीनों तथा आंशिक रूप से नेत्रहीनों की जिंदगी को बहुत आसान बना दिया है।**

**ब्रेल लिपि** नेत्र विकारों वाले व्यक्तियों और दृष्टि विकलांग लोगों के लिए पढ़ने और लिखने की स्पर्शनीय प्रणाली है, जिसकी खोज 4 जनवरी 1809 को फ्रांस के कूपवरे में जन्मे लुई ब्रेल ने महज 15 वर्ष की आयु में की थी। संचार के साधन के रूप में ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में विश्वभर में जागरूकता फैलाने, दृष्टि-बाधित लोगों को उनके अधिकार प्रदान करने और ब्रेल लिपि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 4 जनवरी को ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल के जन्मदिवस को 'विश्व ब्रेल दिवस' मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के 'विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेन्शन' में ब्रेल लिपि को संचार के एक साधन के रूप में उद्धृत किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन 'यूनेस्को' ने वर्ष 1949 में ब्रेल लिपि में एकरूपता लाने के उद्देश्य से समस्याओं पर ध्यान देने वाला एक सर्वेक्षण आगे बढ़ाने की पहल की थी। लुई ब्रेल ने केवल तीन साल की उम्र में ही एक दुर्घटना के कारण अपनी दोनों आंखों की रोशनी खो दी थी। आंखें संक्रमित होने के कारण उनकी आंखों की दृष्टि पूरी तरह चली गई थी लेकिन दृष्टिहीनता के बावजूद उन्होंने न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया बल्कि छात्रवृत्ति पर 'रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ' चले गए। 1821 में फ्रांसीसी सेना के एक कैप्टन चार्ल्स बार्बियर लुई ब्रेल के स्कूल के दौरे पर आए थे, जिन्होंने सेना के लिए एक विशेष क्रिप्टोग्राफी लिपि का विकास किया था, जिसकी मदद से सैनिक रात के अंधेरे में भी संदेशों को पढ़ सकते हैं। चार्ल्स ने स्कूल में बच्चों के साथ 'नाइट राइटिंग' नामक यही तकनीक साझा की, जिसका उपयोग सैनिक दुश्मनों से बचने के लिए किया करते थे। इसके तहत वे उभरे हुए बिन्दुओं में गुप्त संदेशों का आदान-प्रदान करते थे किन्तु उनका यह कोड बहुत जटिल था। ब्रेल ने इसी आइडिया के आधार पर अपनी लिपि पर कार्य शुरू किया और 'रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ' में अध्ययन के दौरान ही उन्होंने 1824 में अपनी लिपि को तैयार कर लिया, जो काफी सरल थी। इसी लिपि को ब्रेल लिपि के नाम से जाना गया और सरल लिपि की खोज के बाद दुनियाभर में नेत्रहीन या आंशिक रूप से नेत्रहीन लोगों की जिंदगी काफी हद तक आसान हो गई। अपने इसी आविष्कार के कारण लुई ब्रेल दुनियाभर में दृष्टिबाधित लोगों के लिए मसीहा बन गए। ब्रेल लिपि कोई भाषा नहीं है बल्कि एक तरह का कोड है। यह ऐसी लिपि है, जिसे एक विशेष प्रकार के उभरे कागज पर लिखा जाता है और इसमें उभरे हुए बिन्दुओं की श्रृंखला पर उंगलियां रखकर या उन्हें उंगलियों से छूकर पढ़ा जाता है। ब्रेल लिपि को टाइपराइटर जैसी दिखने वाली एक मशीन 'ब्रेलराइटर' के जरिये लिखा जा सकता है या पेंसिल जैसी नुकीली चीज 'स्टायलस' और ब्रेल स्लेट 'पट्ट' का इस्तेमाल करके कागज पर बिन्दु उकेरकर लिखा जा सकता है। ब्रेल में उभरे हुए बिन्दुओं को 'सेल' के नाम से जाना जाता है। 1 से 6 बिन्दुओं की यह एक व्यवस्था या प्रणाली होती है, जिसमें बिन्दु अक्षर, संख्या और संगीत व गणितीय चिन्हों के संकेतकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ब्रेल लिपि के अंतर्गत उभरे हुए बिन्दुओं से एक कोड बनाया जाता है, जिसमें 6 बिन्दुओं की तीन पंक्तियां होती हैं और इन्हीं में इस पूरे सिस्टम का कोड छिपा होता है। चार्ल्स बार्बियर की शुरुआती कूट लिपि 12 बिन्दुओं पर आधारित थी, जिन्हें 66 की पंक्तियों में रखा जाता था। तब इसमें विराम, संख्या और गणितीय चिन्ह मौजूद नहीं थे। लुई ब्रेल ने इसमें सुधार करते हुए 12 की जगह 6 बिन्दुओं का उपयोग कर 64 अक्षर और चिह्न का आविष्कार किया, जिसमें उन्होंने विराम चिन्ह, संख्या और संगीत के नोटेशन लिखने के लिए भी जरूरी चिह्न उपलब्ध कराए। ब्रेल ने हालांकि 1824 में पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने कार्य को प्रस्तुत किया था लेकिन ब्रेल लिपि प्रणाली को 1829 में पहली बार प्रकाशित कराया।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# श्री गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर पूरनपुर में भव्य नगर कीर्तन



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर पूरनपुर नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरबाणी की मधुर ध्वनि और गुरु महिमा के उद्घोष से संपूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। नगर कीर्तन में रागी जत्थों द्वारा गुरु की महिमा का भावपूर्ण बखान किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर नजर आए। नगर कीर्तन के स्वागत में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई, वहीं गुरुद्वारों में गुरु का दीवान सजाकर अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के साथ-साथ दूर-दराज और आसपास के क्षेत्रों से आई संगत ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को लेकर नगर एवं ग्रामीण अंचलों के सभी गुरुद्वारों को पहले से ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रविवार को आयोजित भव्य नगर कीर्तन ब्लॉक रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से प्रारंभ हुआ, जो कोतवाली रोड, स्टेशन रोड और माधोटांडा रोड होते हुए पुनः गुरुद्वारे पर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन के दौरान मार्ग के दोनों ओर खड़े श्रद्धालुओं ने गुरु के पावन दरबार का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान नगर कीर्तन में शामिल रागी जत्थों ने कीर्तन और पारंपरिक करतब प्रस्तुत कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। हेड ग्रंथि द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के त्याग, शौर्य और मानवता के संदेश का विस्तार से बखान किया गया।नगर कीर्तन के आगे-आगे चल रही संगत द्वारा झाड़ू लगाकर और पानी का छिड़काव कर मार्ग को पवित्र किया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। पूरे मार्ग में 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। नगर कीर्तन में समाज के सभी वर्गों के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेका और सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर नगर कीर्तन में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, हंसराज गुलाटी, समाजसेवी अशोक खंडेलवाल, संदीप खंडेलवाल, विजय पाल 'विक्की', संजय, आशीष सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सेवा और सम्मान ही उनकी राजनीति की पहचान है : राजकुमार 'राजू'

नगर कीर्तन में समाजवादी पार्टी ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' एवं सपा नेता राजकुमार 'राजू' विशेष रूप से मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी की ओर से नगर कीर्तन में शामिल श्रद्धालुओं एवं संगत के लिए जलपान की व्यवस्था की गई तथा पंच प्यारों को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मास्टर



गुरुदयाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव, लखविंदर सिंह पन्नू सहित बड़ी संख्या में सपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि नगर कीर्तन जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करते हैं। समाजवादी पार्टी गंगा-जमुनी तहजीब और सर्वधर्म समभाव की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। वहीं सपा नेता राजकुमार 'राजू' ने कहा कि सेवा और सम्मान ही उनकी राजनीति की पहचान है और पंच प्यारों का सम्मान कर उन्हें गर्व की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज के हर वर्ग, हर धर्म और हर समुदाय के साथ मजबूती से खड़ी है। नगर कीर्तन में समाजवादी पार्टी की सहभागिता को श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने सराहा और इसे सामाजिक एकता, भाईचारे और सौहार्द का सशक्त संदेश बताया। कुल मिलाकर श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आयोजित नगर कीर्तन ने पूरनपुर में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

# भ्रष्टाचार के विरोध में ग्रामीण की अनोखी पहल, 234 किमी पैदल लखनऊ तक यात्रा

- ग्राम प्रधान पर पद के दुरुपयोग व सरकारी भूमि कब्जे का आरोप, कार्रवाई न होने से आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद पीलीभीत में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में एक ग्रामीण ने मुख्यमंत्री कार्यालय, लखनऊ तक 234 किलोमीटर पैदल यात्रा शुरू कर दी है। यह यात्रा बीसलपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत उगनपुर मरारी के मजरा बसरा निवासी अतुल कुमार मिश्रा द्वारा शुरू की गई, जिसने प्रशासनिक महकमे में हलचल मचा दी है। अतुल कुमार मिश्रा ने ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी संसाधनों की खुली लूट की है। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान ने खेलकूद के लिए आरक्षित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का




निर्माण करा लिया, जो नियमों और प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अलावा मिश्रा ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'अमृत सरोवर' में कथित भ्रष्टाचार का भी उल्लेख किया। उनके अनुसार बसरा गांव में इस योजना के नाम पर कागजों में लाखों रुपये खर्च दिखाए गए, जबकि वास्तविकता में सरोवर की स्थिति गंदगी और अव्यवस्था की वजह से बेहद खराब है। उन्होंने इसे ही 'नरक



सरोवर' तक कह डाला। अतुल कुमार मिश्रा ने स्थानीय गौशाला की दुर्दशा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि गौशाला में न तो पशुओं के लिए पर्याप्त चारा उपलब्ध है और न ही बुनियादी सुविधाएं। इस वजह से पशुओं का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस पूरे मुद्दे पर उन्होंने न्याय के लिए सभी संभव प्रयास किए। मुख्यमंत्री पोर्टल पर बार-बार शिकायतें दर्ज कराईं, खंड विकास अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को साक्ष्यों के साथ अवगत कराया, लेकिन जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति हुई और कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अतुल कुमार मिश्रा ने कहा, 'जब अधिकारियों ने मेरी बात नहीं सुनी, तो मेरे पास सीधे मुख्यमंत्री जी तक जाकर समस्या बताने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा। इसलिए मैंने 234 किलोमीटर पैदल चलकर लखनऊ पहुंचने का निर्णय लिया। मैं वहां जाकर दिखाऊंगा कि जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं।' इस अनोखी पहल की खबर से जिले के प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। अब सबकी निगाहें इस बात पर हैं कि मिश्रा की इस पैदल यात्रा के बाद शासन स्तर से क्या कार्रवाई होती है और आरोपों की निष्पक्ष जांच कब तक सुनिश्चित की जाती है।

## तार फेंसिंग न होने से जंगल से निकल रहे वन्य जीव, किसानों की फसलें हो रहीं बर्बाद

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

जंगल से सटे क्षेत्रों में तार फेंसिंग जैसी सुरक्षा योजनाओं पर अमल न होने से वन्य जीवों का आबादी और कृषि क्षेत्रों की ओर रुख लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका सीधा असर किसानों की फसलों पर पड़ रहा है। जंगल से निकलकर जंगली जानवर गेहूं, गन्ना, सरसों समेत अन्य खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे काश्तकारों की मेहनत और पूंजी दोनों बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जनपद के जंगलों को टाइगर रिजर्व में शामिल किए जाने का उद्देश्य वन्य जीवों और जैव विविधता का संरक्षण था, लेकिन इसके साथ-साथ जंगल से सटे गांवों को मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा उपायों पर विभागीय स्तर पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। घुंघचाई क्षेत्र के अंतर्गत दियूरियाकला रेंज और मंडनपुर जंगल के किनारे तार फेंसिंग जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर अब तक कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हो सका है। इन दिनों किसानों की फसलें पूरी तरह खड़ी हैं, लेकिन जंगल से निकलकर जंगली सूअर, नीलगाय और अन्य वन्य जीव फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। मजबूरी में किसान भीषण ठंड के बीच खेतों के किनारे झोपड़ियां डालकर रात-रात भर फसलों की रखवाली करने को विवश हैं। कई किसान अपने ही कपड़े और प्लास्टिक खेतों के चारों ओर लगाकर किसी तरह फसल बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार वन विभाग को मांग पत्र सौंपे गए और तार फेंसिंग जैसी योजनाओं पर शीघ्र कार्य कराने की मांग की गई, लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे किसानों में वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। काश्तकारों का कहना है कि यदि शीघ्र ही सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

## युवक का आम के बाग में फंदे पर लटका मिला शव, गांव में मचा कोहराम

- डांट के बाद घर से निकला था युवक, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

कोतवाली क्षेत्र के गांव बिलहरी रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव गांव के दक्षिण दिशा में स्थित आम के बाग में सहतूत के पेड़ से फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान वीरु (19) पुत्र गंगाराम के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक वीरु के पिता गंगाराम मूल रूप से कस्बा भीरा, जनपद लखीमपुर खीरी के निवासी हैं, जो वर्षों पहले अपने ननिहाल गांव बिलहरी आकर रहने लगे थे। वीरु अपने पिता के साथ ही बिलहरी में रहता था और ट्रक पर हेल्पर के रूप में कार्य करता था। बताया गया कि वह ट्रक से छुट्टी लेकर रविवार को घर आया था और अपने भाई के पास भीरा जाने की बात कह रहा था। पिता गंगाराम ने उससे पहले खाना खाकर जाने को कहा, लेकिन जल्दबाजी में मना करने पर पिता ने उसे डांट दिया। डांट से आहत वीरु बैग लेकर घर से निकल गया। कुछ समय बाद ग्रामीणों ने उसका शव गांव के पास आम के बाग में पेड़ से लटका देखा, जबकि उसका बैग पास ही पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रोते-बिलखते बेसुध हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाल पवन कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। वीरु के पिता ने पुलिस को डांटने की बात बताई। पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने दिवंगत विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल को अर्पित की श्रद्धांजलि

- फरीदपुर में शोकाकुल परिवार से भेंट कर व्यक्त की संवेदनाएं

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



रविवार को महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने जनपद बरेली के फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र में दिवंगत विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के आवास पहुंचकर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने शोकाकुल परिवार से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की और कठिन समय में परिवार को धैर्य व संबल रखने की प्रेरणा दी। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. श्याम बिहारी लाल एक सरल, सौम्य और जनसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किया और जनता की समस्याओं के समाधान को हमेशा प्राथमिकता दी। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे फरीदपुर क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत विधायक के सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्याम बिहारी लाल ने जनहित से जुड़े मुद्दों को सदैव प्रमुखता दी और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किया। उनका व्यक्तित्व युवाओं और आने वाले नेताओं के लिए प्रेरणास्रोत रहा है।स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें और परिवार को इस कठिन समय में शक्ति दें।

### मौन रखकर दी गई अंतिम श्रद्धांजलि

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर प्रार्थना की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

## भ्रष्टाचार के विरोध में ग्रामीण की अनोखी पहल, 234 किमी पैदल लखनऊ तक यात्रा

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में एक ग्रामीण ने मुख्यमंत्री कार्यालय, लखनऊ तक 234 किलोमीटर पैदल यात्रा शुरू कर दी है। यह यात्रा बीसलपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत उगनपुर मरारी के मजरा बसरा निवासी अतुल कुमार मिश्रा द्वारा शुरू की गई, जिसने प्रशासनिक महकमे में हलचल मचा दी है। अतुल कुमार मिश्रा ने ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर सरकारी संसाधनों की खुली लूट की है। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान ने खेलकूद के लिए आरक्षित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया, जो नियमों और प्रक्रिया का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके अलावा मिश्रा ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'अमृत सरोवर' में कथित भ्रष्टाचार का भी उल्लेख किया।

## उत्तराखंड में मुख्यमंत्री ने पीलीभीत के एसएसबी अधिकारियों और जवानों को किया सम्मानित

- पुष्कर सिंह धामी ने सीमांत सुरक्षा और राष्ट्र सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया सम्मान

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



अर्पित फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित एक गरिमामय सम्मान समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सशस्त्र सीमा बल (स्स्क्र), पीलीभीत के उप-महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा सहित बल के अधिकारियों और जवानों को उनके वर्ष 2025 के दौरान किए गए उत्कृष्ट और अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्यमंत्री ने स्स्क्र के जांबाज़ अधिकारियों और जवानों को राष्ट्र सेवा, सीमांत क्षेत्रों की सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। इसी अवसर पर उप-महानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा को मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्स्क्र देश की सुरक्षा व्यवस्था की सशक्त रीढ़ है। उन्होंने बल के अधिकारियों और जवानों के साहस, सेवा भावना और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमाओं की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और जनसेवा में स्स्क्र का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने बल के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी तैनाती क्षेत्र उनके निवास क्षेत्र के पास होने के कारण उनका स्स्क्र से विशेष लगाव और आत्मीय संबंध रहा है। समारोह में उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद पवन बंसल, स्स्क्र के डीआईजी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, अर्पित फाउंडेशन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में वीर जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र सेवा, सीमाओं की सुरक्षा और जनहित में स्स्क्रद्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना के साथ किया गया और सभी सम्मानित अधिकारियों एवं जवानों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# नई बस्ती में 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम : मंत्री संजय गंगवार ने सुनी जनता की समस्याएं, मौके पर दिए समाधान के निर्देश

- बिना मंच और औपचारिकता के आमजन से सीधे संवाद, मंदिर निर्माण और बिजली सुरक्षा पर उठाया जोर

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



रविवार सुबह शहर के नई बस्ती चौराहे पर उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम आयोजित कर जनता के साथ संवाद की नई मिसाल पेश की। इस कार्यक्रम में मंत्री ने बिना मंच और औपचारिकता के आम लोगों के बीच बैठकर चाय के साथ जनता की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देकर त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने वर्षों पुराने मंदिर के भव्य पुनर्निर्माण की मांग रखी। इस पर मंत्री संजय सिंह गंगवार ने आपसी सहयोग से चंदा एकत्र करने का सुझाव देते हुए घोषणा की कि वे स्वयं एक माह का वेतन मंदिर निर्माण के लिए समर्पित करेंगे। उनकी इस घोषणा पर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ स्वागत किया। नई बस्ती क्षेत्र में झूलते बिजली के तारों की समस्या भी सामने आई। लोगों ने बताया कि नीचे लटकते तार किसी भी समय हादसे का कारण बन सकते हैं। मंत्री ने तत्काल अधिशासी अभियंता से फोन पर संपर्क कर समस्या के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए और कहा कि जनसुरक्षा से जुड़ी लापरवाही किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी। 'चाय पर चर्चा' के दौरान बिजली आपूर्ति, पेयजल संकट, जर्जर सड़कें, जलभराव सहित नगर की अन्य बुनियादी समस्याएं भी उठाई गईं। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार की 'संवाद से सेवा' नीति के तहत सभी समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य, इंद्रेश चौहान, दीपु कश्यप, अनिल अग्रवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने मंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण आत्मीय और संवादात्मक बना रहा। राजनीतिक दृष्टि से इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आमजन से सीधे संवाद के जरिए मंत्री संजय सिंह गंगवार ने न केवल जनसंपर्क को मजबूती दी, बल्कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों का संकेत भी दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य, देव प्रकाश, राहुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अश्विनी अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विनीत गुप्ता, चैतन्य गंगवार, सभासद राकेश मौर्य, रिंकू सिंह चौहान, बबलू सिंह चौहान, अमरीश शर्मा अंबू, देवी सिंह एडवोकेट, सभासद रिंकू लोधी, रूपेंद्र गंगवार, सुधीर शर्मा, रामप्रताप सिंह, भीम सिंह चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी, युवा और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह: पीलीभीत में प्रशासन सख्त, दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर संयुक्त निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

- ब्लिंकर लाइट, स्पीड ब्रेकर व चेतावनी बोर्ड के निर्देश, डग्गामार वाहनों पर बड़ी कार्रवाई

जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और जनहानि को न्यूनतम करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रशासन पूरी तरह सक्रिय दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के आदेशों का अनुपालन करते हुए पुलिस, परिवहन विभाग और संबंधित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जहां एक ओर दुर्घटना बाहुल्य स्थलों का संयुक्त निरीक्षण कर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आमजन और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को पुलिस उपाधीक्षक यातायात विधि भूषण मौर्य, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं थानाध्यक्ष जहानाबाद द्वारा पीलीभीत-सितारगंज मार्ग का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुर्घटना आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर निसरा मोड़, बहेड़ी मोड़ और बिसेन मोड़ को दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया। इन स्थानों पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एनएचएआई के साइट इंजीनियर को ब्लिंकर लाइट लगाने, लिंक मार्गों पर स्पीड ब्रेकर स्थापित करने तथा चेतावनी संकेत बोर्डों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ओवरस्पीडिंग को नियंत्रित करने के उद्देश्य से इन क्षेत्रों में पुलिस बैरियर लगाकर सघन चेकिंग और चालान कार्रवाई बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग



पर थानाध्यक्ष बरखेड़ा के साथ किए गए निरीक्षण के दौरान ज्योरहा कल्यानपुर और पतरसिया को अधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया, जहां नियमित पुलिस चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। वहीं पीलीभीत-पूरनपुर मार्ग पर बिठौरा कलां और मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए अस्थाई डिवाइडर लगाने, ब्लिंकर लाइट स्थापित करने तथा स्पीड लिमिट से संबंधित चेतावनी बोर्ड लगाए जाने के निर्देश एनएच पीडब्ल्यूडी को दिए गए। निरीक्षण के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई भी की गई। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर चल रहे एक टेंपो को सीज किया गया, जबकि फिटनेस समाप्त होने और कर जमा न किए जाने के




बावजूद संचालित एक अन्य वाहन को भी सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त दो अन्य वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। इसके बाद तीनों प्रमुख मार्गों के चौराहों पर व्यावसायिक वाहन चालकों को एकत्र कर उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति उनकी जिम्मेदारी का बोध कराया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। रविवार को डिग्री कॉलेज चौराहे पर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान यात्री कर/मालकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी और यातायात पुलिस निरीक्षक राघवेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद रहे। बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने की अनिवार्यता और उसके जीवनरक्षक महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में सिर पर लगने वाली चोट सबसे अधिक जानलेवा होती है और हेलमेट ही ऐसा सुरक्षा कवच है जो गंभीर क्षति से बचा सकता है। दोपहिया वाहन चालकों से अपील की गई कि वे स्वयं के साथ पीछे बैठी सवारी को भी हेलमेट अवश्य पहनाएं। एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा माह के पहले चरण में जागरूकता पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जबकि आगामी चरण में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। इसी अभियान के तहत डग्गामार वाहनों के खिलाफ भी विशेष कार्रवाई की गई। जनपद के प्रमुख मार्गों, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान 158 वाहन चालकों के चालान किए गए, जिन पर कुल 1 लाख 42 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। इसके साथ ही 35 डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई भी की गई और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कुल मिलाकर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पीलीभीत में प्रशासन की यह संयुक्त पहल निरीक्षण, प्रवर्तन और जनजागरूकता—तीनों स्तरों पर प्रभावी रूप से दिखाई दी। यह प्रयास तभी पूर्ण रूप से सफल माने जाएंगे, जब वाहन चालक इन नियमों को केवल अभियान तक सीमित न रखकर उन्हें अपनी दैनिक आदत में शामिल करेंगे, ताकि सड़कें वास्तव में सुरक्षित बन सकें।

# निर्माणाधीन बाईपास पर सीमेंट के स्लैब से दबा मिला किशोर का शव

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



शहर कोतवाली क्षेत्र के बाबा मंदिर, चौहान थोक निवासी 15 वर्षीय किशोर आयुष गुप्ता उर्फ उमंग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से जनपद में सनसनी फैल गई। किशोर शनिवार सुबह करीब 9 बजे से लापता था, जिसकी परिजन लगातार तलाश कर रहे थे। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और परिजनों द्वारा संयुक्त रूप से किशोर की तलाश शुरू की गई।

रविवार दोपहर करीब 2 बजे आयुष का शव बावन रोड स्थित निर्माणाधीन बाईपास के पास मिला। शव सीमेंट के भारी स्लैब के नीचे दबा हुआ पाया गया, जिससे घटना की गंभीरता और रहस्यमय स्थिति सामने आई। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए और परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने किशोर की हत्या कर शव छिपाए जाने की आशंका जताई है। सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की गुमशुदगी की सूचना पुलिस को रविवार सुबह ही मिली थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने बताया कि बावन रोड स्थित निर्माणाधीन बाईपास पर सीमेंट स्लैब के नीचे दबा एक किशोर का शव मिला है। शव की पहचान आयुष गुप्ता के रूप में हुई है, जो शनिवार से लापता था। उन्होंने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी पैनल के साथ कराया जा रहा है, ताकि मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सके। मामले के खुलासे के लिए पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

## एसपी के आदेश पर पति सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दज

**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।** दहेज में मोटर साइकिल व दो लाख रुपए की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट, प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न और विवाहिता को घर से निकालने की प्राथमिकी दर्ज की हैं। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुरसा थाना क्षेत्र के गांव म्योनी की रहने वाली सोनी यादव पत्नी भूपेंद्र उर्फ डेनिश पुत्री देशराज ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसका विवाह 01 जनवरी को हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहलनपुर मजरा अलीगंज ननखेरिया गांव निवासी आलोक के पुत्र भूपेंद्र उर्फ डेनिश के साथ हुआ था। पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देकर मुझे ससुराल विदा किया था। विवाह के बाद से ही पति भूपेंद्र, ससुर आलोक, सास साधना समेत चार लोग अतिरिक्त दहेज में मोटर साइकिल और दो लाख रूपये की मांग शुरू कर प्रताड़ित करने लगे।आरोप है कि करीब एक सप्ताह पूर्व सभी आरोपियों ने विवाहिता को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर मायके छोड़ आए। आरोपी अतिरिक्त दहेज की मांग ना पूरी होने तक विदा ना कराने के बात को लेकर गाली गलौज करते हुए जान माल की धमकी देकर मौके से चले आए।

# किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



पिहानी थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

पिहानी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि किशोरी से छेड़छाड़ का आरोपी जंगल के रास्ते हसैयामऊ मोड़ की तरफ जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। आरोपी को आता देख पुलिस ने जब उसे रोकने का इशारा किया तो आरोपी भागने लगा और अपने आप को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की, जिसमें आरोपी बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल आरोपी ने अपना नाम मुनेन्द्र पुत्र राम स्वरूप, निवासी ग्राम अकोहरा, थाना पिहानी जनपद हरदोई बताया। पुलिस ने घायलावस्था में उसे उपचार के लिए सीएचसी पिहानी में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस और 01 खोखा कारतूस बरामद किया।

इसके साथ ही यह पता चला कि आरोपी पहले भी स्थानीय स्तर पर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त रहा है।गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल, उपनिरीक्षक मुकुट सिंह यादव, सूर्यमणि यादव, हे0का0 मो0 कलीम सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने कहा कि यह कार्रवाई जनपद में अपराध की रोकथाम और नाबालिगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। इस मुठभेड़ और गिरफ्तारी से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना की है।

## चकबंदी अधिकारियों सहित आठ पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

सिकंदरपुर नरकतरा में चकबंदी विवाद और धमकियों की वजह से परेशान होकर राजकुमार उर्फ राजू द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। घटना के चौबीस दिन बाद उप संचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी एवं लेखपाल सहित आठ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। यह केस मृतक के पिता की तहरीर पर दर्ज किया गया। पिता कल्लू पुत्र सीताराम ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके बेटे राजू उर्फ राजकुमार को कुछ ग्रामीणों और चकबंदी अधिकारियों की कथित मिलीभगत से मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया गया। कल्लू ने बताया कि यह विवाद लंबे समय से चकबंदी को लेकर चल रहा था। उनके अनुसार चकबंदी कानूनगो वीरपाल, सहायक चकबंदी अधिकारी उत्तम और डी.डी.सी. ज्ञानेश त्रिपाठी ने पहले दो बार गलत चक काटने के बाद तीसरा चक उनके विरोधियों को आवंटित कर दिया। जब राजू उसे जोतने गया, तो आरोप है कि विपक्षियों ने उसका ट्रैक्टर रोक लिया और गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी।

पिता ने कहा इस घटना के बाद राजू मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। कई बार समझाने के बावजूद वह तनाव से उबर नहीं पाया। 20 दिसंबर को अचानक वह घर से कहीं चला गया और बाद में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के माध्यम से पता चला कि उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर चकबंदी अधिकारियों और विपक्षियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की त्वरित और गहन जांच की जा रही है।

# कोतवाली देहात पुलिस ने 25-25 हजार के तीन इनामी बदमाश किये गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



एसपी अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराधों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने संगठित गिरोह बनाकर चोरी और नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि इन तीनों अभियुक्तों पर एसपी हरदोई द्वारा 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। ,ास जानकारी के अनुसार बीती 01 जनवरी को कोतवाली देहात में अभियुक्त सोनू, सागर, गौतम और उनके एक अन्य साथी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोप है कि ये सभी आर्थिक एवं भौतिक लाभ के उद्देश्य से संगठित गिरोह बनाकर समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त थे और चोरी व नकबजनी जैसे अपराधों को अंजाम दे रहे थे। इनके आपराधिक कृत्यों को देखते हुए इनके विरुद्ध 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी।गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्त एक ही गांव ग्राम ओमननगर, कोतवाली देहात के निवासी बताए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में सोनू पुत्र रामबाबू, सागर पुत्र छुन्ना तथा गौतम पुत्र मनोज शामिल हैं।कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक एवं उनकी टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए तीनों इनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में शामिल एक अन्य फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और शीघ्र ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने बुजुर्ग महिला की हत्या का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

**हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम बलेहरा में 30/31 की रात में बुजुर्ग महिला की हत्या उसके परिवार के युवक ने ही की थी। मांगने पर रुपए न मिलने से नाराज होकर उसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना का अनावरण कर आरोपी को जेल भेज दिया।

31 दिसम्बर को अतुल सिंह पुत्र रनवीर सिंह निवासी ग्राम महदोईया थाना रहीमाबाद लखनऊ पश्चिमी (कमिश्नरेट लखनऊ) द्वारा थाना बेहटा गोकुल पर तहरीर दी गयी कि उनकी सौतेली माता सावित्री देवी की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तार से गला कस कर हत्या कर दी है। इस संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना बेहटा गोकुल पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।एसपी अशोक कुमार मीणा द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र खुलासे का निर्देश दिया। इस सिलसिले में स्वाट/सर्विलांस एवं एसओजी टीम को लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त संदीप सिंह उर्फ शैलू पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम बलेहरा थाना बेहटा गोकुल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतका व अभियुक्त एक ही परिवार के थे। संदीप सिंह, मृतका के घर पर घरेलू कार्य करता था। अभियुक्त द्वारा सावित्री देवी से कुछ रुपये मांगे गये जिसे सावित्री देवी द्वारा मना कर दिया गया। अभियुक्त द्वारा इसी बात से क्षुब्ध होकर प्रेस के तार से सावित्री देवी का गला कस कर हत्या कर दी।

# ठंड के मौसम में कंबल वितरण जरूरतमंदों के लिए संजीवनी का काम करते हैं: विधायक

**जन एक्सप्रेस । रामपुरा (जालौन)**



कड़ाके की ठंड को देखते हुए माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकासखंड रामपुरा की ग्राम पंचायत टीहर, धर्मपुरा जागीर एवं ग्राम पंचायत झरेला में संपन्न हुआ, जहां तीन सौ से अधिक गरीब, असहाय, वृद्धजनों एवं महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष साफ नजर आया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने कहा कि गरीब, कमजोर और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही डबल इंजन की सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ के मंत्र पर कार्य कर रही है तथा राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विधायक ने कहा कि ठंड के मौसम में कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए संजीवनी का कार्य करते हैं और जनप्रतिनिधियों का यह सामाजिक दायित्व है कि वे हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहें।

विधायक निरंजन ने रामपुरा क्षेत्र में कराए गए सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास की गति और तेज की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहेंगे। कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, रामपुरा मंडल अध्यक्ष संतोष प्रजापत, उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के सदस्य नरेंद्र प्रजापत, जिला मंत्री ज्योतिष सिंह कुरोंती, नायब तहसीलदार भुवेंद्र सिंह एवं वैभव गुप्ता, ग्राम प्रधान टीहर प्रदीप गौरव, ग्राम प्रधान धर्मपुरा जागीर अवनीश कुमार, ग्राम प्रधान झरेला भगवान दास प्रजापत सहित अजय पुरवार, शिवकुमार सिंह गौर, रविंद्र दीक्षित, जितेंद्र त्रिपाठी, मनोज तिवारी, सुनीत चतुर्वेदी, नंदन सिंह सेंगर, अक्षय दुबे, शिवकुमार याज्ञिक, ब्रह्म प्रकाश कढ़ोरे, जिला कार्यकारिणी महिला मोर्चा की सदस्य श्रीमती मधु भदौरिया, महिला मोर्चा संयोजक निर्मला देवी, जॉनी गुप्ता, राजेंद्र सोनी बॉबी, रमाकांत सोनी, जगबीर सिंह सेंगर, हृदेश सिंह लोधीपुरा, बंटी चंसौलिया सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पड़री में रावण वध के साथ अधर्म का अंत, जयश्री राम जयघोष से गुंजायमान हुआ क्षेत्र

**कोंच (जालौन)।** ग्राम पड़री में श्री जय माँ दुर्गा रामलीला समिति के तत्वावधान में श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित की जा रही रामलीला के मंच पर शनिवार की रात धर्म की विजय का शंखनाद हुआ। लीला के क्रम में शुक्रवार रात्रि में रावण वध एवं भगवान श्री राम के राज्याभिषेक का अत्यंत मनमोहक और भव्य मंचन किया गया। जैसे ही रणभूमि में प्रभु श्री राम के तीक्ष्ण बाणों से अहंकारी रावण के प्राण पखेरू उड़े, वैसे ही उपस्थित जनसमूह ने गगनभेदी जयघोष के साथ अधर्म के अंत का स्वागत किया। लीला के दौरान कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और सशक्त अभिनय कौशल का प्रदर्शन राम का अभिनय सुनील लक्ष्मण का अभिनय सीपू पारासर, करते हुए दर्शकों को अंत तक बाँधे रखा। रावण वध के पूर्व राम-रावण संवाद और युद्ध के दृश्यों ने पंडाल में सजीव दृश्य उत्पन्न कर दिया, जिसे देख दर्शक भाव-विभोर हो उठे। कलाकारों के भावपूर्ण अभिनय ने रामायण के आदर्शों को जीवंत कर दिया। रावण वध के पश्चात अयोध्या वापसी और भगवान श्री राम के राज्याभिषेक की लीला दिखाई गई।

# जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करना ही बाबू जी को सच्ची श्रद्धांजलि: स्वतंत्र देव

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



बुंदेलखण्ड महापरिषद के संस्थापक श्रद्धेय सुदर्शन सिंह जादौन 'बाबू जी' की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर अनुरागिनी संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन ग्राम टिमरों स्थित सुदर्शन पुस्तकालय एवं वाचनालय परिसर में ग्राम विकास मेला एवं गौ-आधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास, प्राकृतिक खेती, गौ-संरक्षण एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सुदर्शन सिंह जादौन ने बुंदेलखण्ड के सामाजिक उत्थान के लिए जो विचार दिए, यह आयोजन उन्हीं विचारों को आगे बढ़ाने का सार्थक प्रयास है। ग्राम विकास और गौ-आधारित कृषि पर केंद्रित यह पहल ग्रामीण समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर गौ-आधारित कृषि प्रशिक्षण आयोजित करना समय की आवश्यकता है। इससे किसानों की लागत कम होती है और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि ग्राम विकास मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हुई, जिससे जनसमुदाय को सीधा लाभ मिला। उन्होंने आयोजन समिति को इस जनहितकारी पहल के लिए बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का कार्य करते हैं। विभागीय स्टॉल ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुए हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों की सहभागिता से आयोजित ग्राम विकास मेला प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। इससे योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचता है। विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने कहा कि सुदर्शन सिंह जादौन की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम उनके सामाजिक मूल्यों को जीवंत रखने का सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहाँ किसानों, महिलाओं एवं ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी, परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## ख्वाजा गरीब नवाज ने हिंदुस्तान में अमन का पैगाम दिया

**कालपी (जालौन)।** रविवार को हिन्दुस्तान के महान सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज अजमेरी का जन्म दिन कालपी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मौलानाओं ने तकरीर करते हुए उनके बताये रास्ते पर चलने का आव्हान किया। उस्मानिया मस्जिद भट्टीपुरा कालपी के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जोहर की नमाज के बाद 14 रजब की तारीख को हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के यौमे विलादत के मौके पर फातिहा ख्वानी की गयी। उस्मानिया मस्जिद के इमाम हाफिज अतहर बरकाती की निगरानी में फातिहा का प्रोग्राम हुआ। अकबरी मस्जिद के इमाम हाफिज शान निजामी साहब ने ख्वाजा गरीब नवाज की जिंदगी के बारे में बताया ख्वाजा गरीब नवाज हिंदुस्तान में अमन का पैगाम दिया। मोहब्बत का पैगाम दिया। हाफिज अब्दुल कादिर, हाफिज निजाम, मौलाना मुस्तकीम ने नात पढ़ी। यह महफिल ख्वाजा छठी शरीफ टीम के तत्वावधान में आयोजित हुई। महफिल मे जब्बार खान, मंटू खान, अनस खान चिश्ती, काशिफ चिश्ती, फैजान बरकाती, हसनैन बरकाती, अयान स्माइली, हमजा खान, अयान खान, फैजान खान, मुन्ना बाबू चिश्ती, सैयद बदरुल हसन आदि ने हिस्सा लिया।

## नियम विरुद्ध हुए समायोजन निरस्त हो अन्यथा होगा आंदोलन: विद्या सागर

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विद्या सागर मिश्र, जिला मंत्री नरेश निरजन ने प्रेस को दी विज्ञप्ति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा जनपद में नियम विरुद्ध हुए समायोजन शीघ्र निरस्त करे अन्यथा होगा आंदोलन जिसकी सारी जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग की होगी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस समायोजन में आरटीई के नियमों का खुला उलंघन हुआ था विभागीय निर्देशो का अनुपालन नही हुआ कही वरिष्ठ अध्यापक उठाये गए कही कनिष्ठ अध्यापक उठाये गए, अध्यापकों के बिना बिकल्प पत्र भरे यू डायस से सीधे आईडी चेंज कर दी गयी। छात्राअंकन का कोई ध्यान नही दिया गया। समायोजन के नाम पर ऐसा खेल खेला जा रहा ह किसी के समझ मे नही आ रहा ह इसके पूर्व समायोजन 2.0 में जहां मानक के अनुरूप अध्यापक उन विद्यालयों में आये थे अब समायोजन 3.0 में उन्ही विद्यालयों के अध्यापकों को हटाया गया। बल्कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन से मिलकर हो रहे समायोजन 3.0 पर लिखित आपत्ति दर्ज करा दी गयी थी उसके बाबजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी में तैनात तिगणी शशि कम्प्यूटर प्रभारी, डीसी एमआईएस मनीष परिहार ने अपना काम कर दिया उन्होंने कहा शीघ्र संगठन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता करेगा यदि समायोजन 3.0 में किये गए नियम विरुद्ध समायोजन निरस्त नही किये तो उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ आंदोलन करेगा।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 179 मरीजों का चिकित्सकों ने किया उपचार

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**



शासन की महात्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी, चुर्खी, बाबई, न्यामतपुर तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 179 मरीजों का उपचार करके स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

रविवार को सुबह 10 से 4 बजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 73 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 40 पुरुष व 33 महिला मरीज शामिल रहे। महिला चिकित्सक डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 22 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय बाबई में डा. विनोद कुमार की चिकित्सकीय टीम के द्वारा 21 मरीजों व पीएचसी चुरखी में डा. कौशल कुमार की अगुवाई में आयोजित मेले में 31 रोगियों का उपचार किया गया तथा न्यामतपुर चिकित्सालय में डाक्टर आदर्श गौतम के नेतृत्व में आयोजित मेले में 31 मरीजों का इलाज हुआ। मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

## रेट्रो रिफ्लेक्टिप टेप लगाकर वाहन का संचालन करने की दी सलाह

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**

**"राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह"** के अन्तर्गत रविवार को जालौन मण्डी में बिना रिफ्लेक्टर लगे वाहनों के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाया गया। उक्त उक्त अभियान में प्रवर्तन स्टाफ व भारी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, जनपद-जालौन द्वारा उक्त जागरुकता अभियान में समस्त प्रकार के वाहनों जो बिना रिफ्लेक्टर के संचालित पाये गये उनमें रिफ्लेक्टर लगाया गया तथा कोहरे के दृष्टिगत वाहन चालकों को वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिप टेप लगाकर वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी व सभी को सुरक्षित परिवहन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया तथा सभी से अपील की गयी कि वह समस्त वैध प्रपत्रों के साथ वाहन का संचालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, गलत दिशा में वाहन न चलायें, बिना नम्बर प्लेट के वाहन का संचालन न करें, कोहरे में वाहन की गति सीमा कम रखें, कोहरे में दृश्यता कम होने की दशा में वाहन का संचालन न करें तथा वाहन को किसी सुरक्षित जगह पेट्रोल पम्प आदि पर खड़ी कर लें, जिससे किसी भी अप्रिय दुघर्टनाओं से बचा जा सके। साथ ही सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य नियमों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी व जागरुक किया गया।

# विशेष स्वच्छता अभियान पर डीएम और एसपी ने किया श्रमदान

## महराजगंज पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में चला अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार की अपील

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



महराजगंज पुलिस के तत्वावधान में शनिवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत लोहिया पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी तथा नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता की।

स्वच्छता अभियान के दौरान लोहिया पार्क परिसर के साथ-साथ उसके आसपास के मार्गों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की व्यापक सफाई की गई। पार्क में फैले कचरे, प्लास्टिक अपशिष्ट एवं गंदगी को हटाकर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं कचरा उठाकर श्रमदान किया और आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि जीवन स्तर को भी बेहतर बनाता है। उन्होंने कहा कि जनपद को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने के लिए प्रशासन और जनता को मिलकर निरंतर प्रयास करने होंगे।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी न फैलाएं और अपने आसपास की जगहों को स्वच्छ रखें।

अंत में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने, कचरे का उचित निस्तारण करने, गैर-जैवनिम्नीकरणीय पदार्थों का कम से कम उपयोग करने तथा स्वच्छता अभियानों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनसहयोग से महराजगंज को स्वच्छता के क्षेत्र में एक आदर्श जनपद के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

## 25 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक महिला समेत तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की संग्रामगढ़ थाने की पुलिस ने एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बड़ी कार्यवाही करते हुए रविवार को अवैध देशी शराब के साथ थाना इलाके के अलग अलग जगहों से एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 25 लीटर देशी शराब बरामद किया है। एसआई गौरव त्रिवेदी व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान थाना इलाके के देवारा के समीप एक अभियुक्त प्रभू पुत्र जोधा को दस लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं एसआई आत्मा प्रसाद व उनकी पुलिस टीम ने वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना इलाके के धनगढ़ गांव के समीप एक अभियुक्त बाबूलाल पुत्र गजाधर दस लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। तीसरी अभियुक्ता एक महिला है जिसे एसआई शिवशरण, एसआई गुरदीप सिंह व महिला कांस्टेबल ने चेकिंग के दौरान थाना इलाके के भट्ट का पुरवा चौरंग गांव के समीप पांच लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उनके कब्जे से बरामद अवैध देशी शराब के सम्बंध में पुलिस ने तीनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की गई। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया।

# बॉर्डर पर अवैध साखू लकड़ी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**



इंडो-नेपाल सीमा के ठूठीबारी में तैनात 22वीं वाहिनी एसएसबी के जवानों की स्पेशल टीम ने अवैध लकड़ी तस्करी के एक प्रयास को नाकाम कर दिया। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के भरवलिया चंदन नदी के बंधे के समीप नियमित गश्त के दौरान एसएसबी जवानों ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए दो तस्करों को साखू लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों संदिग्ध व्यक्ति भारतीय सीमा के वन क्षेत्र से साखू की लकड़ी लेकर अवैध रूप से नेपाल राष्ट्र ले जाकर बेचने की फिराक में थे। हालांकि बार्डर पर नियमित गस्त के दौरान एसएसबी जवानों ने तस्करी विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो बोटा साखू की लकड़ी व दो साइकिल के साथ दो कैरियरों को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामदरश चौहान पुत्र मोहर चौहान, निवासी ग्राम बोदना, थाना ठूठीबारी तथा देवी शरण यादव पुत्र जितई यादव, निवासी ग्राम बसंतपुर, थाना ठूठीबारी के रूप में हुई है। मामले में एसएसबी ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों एवं जब्त लकड़ी को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु निचलौल वन्य जीव प्रभाग, निचलौल को सौंप दिया। इस संबंध में बीओपी इंचार्ज शिवपूजन प्रसाद ने बताया कि सीमा क्षेत्र में तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एसएसबी की गश्त लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ऑपरेशन प्रहार : एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, जेल

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले की स्पेशल टीम व रानीगंज पुलिस ने एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा जिलेभर में नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ रानीगंज के कुशल पर्वेक्षण में स्पेशल टीम निरीक्षक अर्जुन सिंह व थाना प्रभारी रानीगंज प्रभात कुमार सिंह ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके के बनरहिया बाग भागीपुर के समीप दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त मो. अनीश व मो. असलम रानीगंज थाना इलाके के गम्भीरपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 18.43 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद करने के साथ ही एक क्रेटा कार भी बरामद किया है। नशीला पदार्थ की बरामदगी के संबंध में पुलिस ने दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही क्रेटा कार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज़ कर दिया है। पुलिस के अनुसार अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं प्रसार की रोकथाम हेतु जिलेभर में पुलिस द्वारा निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को नशामुक्त वातावरण प्रदान करना तथा समाज, विशेषकर युवाओं, को इस गंभीर बुराई से सुरक्षित रखना है। पुलिस ने आमजनमानस से भी अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थों का निर्माण, क्रय-विक्रय या तस्करी होती दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। जिससे जिले को नशामुक्त बनाने का अभियान पूरी तरह सफल हो सके।

## कार्यक्रम स्थल के विवाद की सूचना पर पहुंचा प्रशासन

**देवरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के गुदरी वार्ड में हिंदू महासम्मेलन होने वाला है। इसको लेकर शनिवार की शाम कुछ लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया तथा जिला प्रशासन को स्थायी निर्माण करने की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार शिवेंद्र कुमार कौंडिल्य एवं पुलिस प्रशासन के लोग पहुंच गए। आयोजकों से जानकारी ली तथा स्थायी निर्माण न करने के हिदायत दी। यह भूमि काफी दिनों से बेकार पड़ी थी। जिस पर कुछ लोगों ने अपना कब्जा भी जमा लिया था। हिंदू महासम्मेलन आयोजित करने के लिए क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र चौरसिया एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में एक सप्ताह पूर्व भूमि पर पूजन किया गया था। नगर के लोगों ने जेसीबी से साफ-सफाई करने के बाद रोलर लगवा करके समतलीकरण करा दिया। नगर के आफताब, अफरोज, इरफानुल्लाह आदि लोगों ने जिला प्रशासन को सूचना दिया कि हिंदू महासम्मेलन के बहाने कार्यक्रम स्थल पर स्थाई निर्माण किया जा रहा है। जबकि नानजेड की भूमि है। जिस पर न्यायालय में मुकदमा दायर है।

# संगठित और जागरूक समाज से ही बनेगा सशक्त राष्ट्र : अजीत

## पनियरा के दुर्गा मंदिर दरगाहे धाम में हिन्दू सम्मेलन संपन्न, राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत रहा वातावरण

**जन एक्सप्रेस । पनियरा/महराजगंज**




पनियरा क्षेत्र के औसानी स्थित दुर्गा मंदिर दरगाहे धाम के प्रांगण में रविवार को आयोजित हिन्दू सम्मेलन गरिमामय एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता अजीत (सह विभाग प्रचारक, सिद्धार्थनगर विभाग) ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि संगठित और जागरूक समाज ही किसी भी राष्ट्र को सशक्त और समृद्ध बना सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे त्यागी जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि धर्म, संस्कृति और सेवा का मार्ग ही समाज को सही दिशा दिखा सकता है। उन्होंने आपसी सद्भाव, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के संरक्षण पर विशेष बल दिया। दीपक जी के कुशल संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से योगेन्द्र, हेमन्त, अरविंद, अशोक, विनय, जीवेश, उमेश, ओमप्रकाश, रामकेश, ओम प्रकाश निषाद, अदालत साहनी, मोहन लाल मौर्य, अरुण और संदीप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

# किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त व कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि 30 जनवरी तक अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें। उक्त योजना की आगामी किश्त का भुगतान उन्ही लाभार्थी को प्राप्त होगा, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री 31 जनवरी तक तैयार हो जायेगी। वर्तमान में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कृषि विभाग, राजस्व विभाग के कर्मचारियों और जन सेवा केंद्रों के माध्यम से किया जा रहा है। किसान स्वयं भी ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल ऐप के जरिए पंजीकरण कर सकते हैं। इसके अलावां जन सुविधा केंद्रों पर निर्धारित शुल्क देकर भी यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी जनसुविधा केन्द्र और सम्बद्ध एजेंसियो द्वारा फार्मर रजिस्ट्री करने का कार्य नही किया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद मुख्यालय पर उप कृषि निदेशक कार्यालय (कृषि भवन) में तथा जिले के समस्त विकास खण्डो में स्थापित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर नियमिति रूप से कर्मचारियों की तैनाती कर कैम्प का आयोजन कराया जा रहा है जहां पर पीएम किसान योजना के लाभार्थियो की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य निःशुल्क किया जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री होने की दशा में कृषि संबधी समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त करने तथा अन्य कार्यों में भी सुगमता होगी। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या के लिए जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी वीर विक्रम सिंह व अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अलावां एसडीएम एवं तहसीलदार से सम्पर्क करके भी अपनी समस्या का निदान करवा सकते हैं।

## अटल जी के व्यक्तित्व से मिलता रहेगा मार्गदर्शन

**देवरिया।** पकड़ी वीरभद्र चौराहा स्थित एक कॉलेज में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की तरफ से अटल स्मृति सम्मेलन और एसआईआर-2 कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी उल्लास के साथ मनाया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सम्मेलन की शुरुआत हुई। पार्टी नेताओं ने संगठन की मजबूती पर भी बल दिया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री, गोरखपुर क्षेत्र के प्रभारी व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल ने अटल बिहारी वाजपेयी को दृढ़ प्रतिज्ञ, दूरदर्शी, महान व्यक्तित्व का धनी बताया। कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी कवि, लेखक, पत्रकार, प्रखर वक्ता, कुशल शासक के रूप में उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी। इनकी कालजयी कविताएं आने वाली पीढ़ियां का मार्गदर्शन करती रहेंगी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्य अद्वितीय हैं। जारी हुई एसआईआर सूची को लेकर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर मिलान करें।

# गैंगस्टर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले की कुण्डा कोतवाली पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त तूफान पटेल पर जिले में हत्या, गैंगस्टर एक्ट व विस्फोटक अधिनियम जैसे गंभीर मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना कुण्डा प्रभारी निरीक्षक अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में एसआई मृत्युंजय पांडेय व उनकी पुलिस टीम ने थाना इलाके के काजीपुर महराजगंज गांव निवासी गैंगस्टर अभियुक्त तूफान पटेल को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र अन्तर्गत शेखूपुर से झारखण्ड मंदिर जाने वाले रास्ते के पास से दो देशी बम व मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया। पुलिस ने मोटर साइकिल को एमवी एक्ट में सीज करने के साथ ही अवैध देशी बम की बरामदगी पर उसके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज किया है। आरोपी के विरुद्ध कुण्डा थाने में पहले से भी गम्भीर धाराओं में दो मुकदमे दर्ज हैं।

# कड़ाके की ठंड में अलाव के बिना ठिठुरता ठूठीबारी

## साहब : कड़ाके की ठंड और हवाओं के आगे जनता बेहाल, राहत व्यवस्था फेल

**जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज**

निचलौल विकास खंड के ग्रामसभा ठूठीबारी में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं है। कड़ाके की ठंड से तराई के लोग ठिठुर रहे है, गलन के साथ चल रही बर्फीली हवाएं करंट की तरह लग रहीं हैं। आसमान में बादल छाए रहने से धूप भी नही हो रहा है। इसके बाबजूद जिम्मेदारों के उदाशीनता से कस्बे के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था न होने से लोग ठिठुरते नजर आ रहे है।

मिली जानकारी के मुताबिक कड़ाके की ठंड व शीतलहर के चलते महराजगंज से ठूठीबारी तथा नौतनवा रोड पर चलने वाली गाडियों की रफ्तार भी धीमी हो गई। वह दिन में भी लाइट जलाकर चल रहीं है। बीते दिनों से हड़कपाती ठंड व गलन से लोग ठिठुर रहे है, लेकिन जिम्मेदारों के लापरवाही के चलते से निचलौल विकास खंड के ग्रामसभा ठूठीबारी में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ठूठीबारी के चौक चौराहे समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कहीं भी नजर दौड़ाइए तो अलाव की आंच की धरातल पर नहीं दिख रही है। बाजारों में रोजमर्रा कमाने- खाने वाले रिक्शा चालक शरीर को गरम करने की कोशिश में टायर, रद्दी, पुराने कपड़ों व बोरों को जलाकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। कस्बा हो या गांव हर जगह लोग ठंड से ठिठुरते नजर आ रहे हैं। कस्बा निवासी व वार्ड सदस्य उमाकांत पाण्डेय, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष भवन प्रसाद गुप्ता, गुड्डू मिर्जा, अजय जयसवाल ने बताया कि हड़कपाती ठंड में ग्रामसभा ठूठीबारी में जिम्मेदारों द्वारा अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, ऐसे में ठंड से ठिठुरना मजबूरी है।

इस बाबत सचिव पिंटू गुप्ता ने बताया कि ठंड में अलाव व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारियों का निर्देश प्राप्त हुआ है, ठूठीबारी में जल्द ही अलाव की व्यवस्था कराई जा रही है।

## चेकिंग अभियान में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश

**कुशीनगर।** जनपद में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से शुक्रवार की रात को जिलेभर में सघन चेकिंग एवं भ्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारी तथा दो थाना प्रभारियों द्वारा देर रात तक विभिन्न थाना क्षेत्रों, पीआरवी वाहनों और प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया गया। सीओ उमेशचंद भट्ट ने थाना रामकोला व कसया क्षेत्र में रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की चेकिंग की। उन्होंने भ्रमणशील पीआरवी वाहनों का निरीक्षण किया, जो अपने निर्धारित रूट चार्ट पर सतर्क एवं सक्रिय पाए गए। इस दौरान प्रमुख बैरियरों, पिकेट प्वाइंट्स तथा बिहार बॉर्डर प्वाइंट पर तैनात कर्मियों को प्रभावी गश्त, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। थाना खड्डा के प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय ने थाना हनुमानगंज, खड्डा में रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों और पीआरवी वाहनों की जांच की।

# समाजसेवी ने ग्रामीणों को वितरित किया कम्बल, ग्रामीणों के चेहरे पर दिखी खुशी

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले की पट्टी तहसील के मंगरौरा विकासखण्ड के शिवपुर गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश कुमार दूबे ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नए साल के अवसर पर रविवार को अपने आवास पर ग्रामवासियों को कम्बल व शॉल वितरित किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरूष मौजूद रहे। इस दौरान वहां मौजूद पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार तिवारी ने राजेश दूबे की सराहना करते हुए कहा कि इस कड़ाके की ठंड व शीतलहर के बीच जरूरतमन्दों को राहत देने के उद्देश्य से कम्बल वितरण का कार्य अत्यंत सराहनीय व पुनीत कार्य है। प्रह्लाद तिवारी ने कहा कि भीषण शीतलहर व ठंड में जरूरतमन्दों के बीच कम्बल का वितरण एक मानवीय कार्य है। कंबल मिलने से इन लोगों को ठंड से बचाव में मदद मिलेगी। वहीं, कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी देखी गई। ग्रामीणों ने इस मानवीय प्रयास के लिए राजेश दूबे के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही धन्यवाद दिया। अंत मे राजेश दूबे ने कहा कि आगे भी जरूरतमंदों के लिए इस तरह के राहत कार्य मेरे द्वारा यथासंभव जारी रहेंगे। इस दौरान चिंतामणि तिवारी, अशोक तिवारी, कल्लू, पारसनाथ सरोज, सुशील दूबे, विजय सरोज, विष्णुमणि तिवारी, रामयश तिवारी, उत्तम ओझा, अमरेश गुप्ता समेत काफी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# सरयूखंड-तीन की लापरवाही से सैकड़ों बीघा जलमग्न, ग्रामीण किसानों पर टूटा जल कहर

- सरयूखंड-तीन बना किसानों के लिए आफत, मजगवा पाठक गांव मे बेकाबू पानी ने मचाई तबाही
- नहर की लापरवाही से फसलें चौपट, किसान सड़क पर उतरने को मजबूर

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



सरयूखंड-तीन से आई तबाही, डूबे खेत दिखाते ग्रामीण किसान



सरयूखंड-तीन से छोड़ा पानी बना आफत, खेत तालाब में तब्दील

**परसरामपुर।** हरैया तहसील के मजगवा पाठक सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में सरयूखंड-तीन, नहर खंड-3 की कार्यप्रणाली एक बार फिर कठघरे में खड़ी है। नहर संचालन में बार-बार सामने आ रही नाकामी, समय पर निर्णय न लेना, जमीनी हालात की अनदेखी और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता ने किसानों के लिए भारी संकट खड़ा कर दिया है। नहर विभाग की लापरवाही केवल तकनीकी चूक नहीं, बल्कि प्रशासनिक असफलता का उदाहरण बनती जा रही है। वर्षों से चेतावनी और शिकायतों के बावजूद सुधार न होना, नहर की सफाई और मरम्मत को टालते रहना तथा पानी छोड़ने से पहले जोखिम का आकलन न करना—यही वे कारण हैं जिनकी वजह से आज सैकड़ों बीघा उपजाऊ भूमि जलमग्न हो गई। यह स्थिति बताती है कि नहर प्रबंधन केवल कागजों में सिमटकर रह गया है, जबकि जमीनी सच्चाई किसानों की बर्बादी के रूप में सामने है। नहर संचालन में बरती गई लापरवाही, कमजोर तटबंधों की अनदेखी और बिना समुचित सूचना पानी छोड़े जाने जैसी गंभीर कमियों ने किसानों के लिए तबाही का रास्ता खोल दिया। नहर विभाग की यही नाकामी और अव्यवस्था सैकड़ों बीघा उपजाऊ कृषि भूमि के जलमग्न होने का कारण बनी। महीनों की मेहनत से खड़ी फसलें कुछ ही घंटों में पानी में समा गई और ग्रामीण किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया। खेतों में पानी भर जाने से न केवल वर्तमान फसल नष्ट हुई, बल्कि आगे की खेती भी खतरे में पड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि नहर खंड-3 के अंतर्गत आने वाले कई हिस्सों में लंबे समय से सफाई नहीं कराई गई थी। सिल्ट जमा होने से पानी का प्रवाह पहले से ही बाधित था, लेकिन इसके बावजूद विभाग ने बिना आवश्यक तैयारी के पानी छोड़ दिया। परिणामस्वरूप पानी का दबाव बढ़ा और वह खेतों की ओर फैल गया। गेहूं, सरसों, चना और सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई किसानों के खेत तालाब में तब्दील हो गए, बीज सड़ने लगे और किसान कर्ज के डर से परेशान हैं। स्थिति बिगड़ते देख ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। मौके पर हालात का जायजा लिया गया, लेकिन नहर विभाग की ओर से त्वरित तकनीकी कार्रवाई न होने के कारण हालात और बिगड़ते चले गए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते विभाग सक्रिय होता, तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था।

### सरयू नहर खंड-3 की अव्यवस्था उजागर?

किसानों का आरोप है कि नहर खंड-3 में नियमित निरीक्षण और रखरखाव केवल कागजों तक सीमित है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। पिछले साल की शिकायतें भी बेअसर ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष भी इसी तरह खेतों में पानी भर गया था। शिकायतों के बाद भी स्थायी समाधान नहीं हुआ।

### फोन करते रहे किसान, जिम्मेदार रहे खामोश?

किसानों का कहना है कि कल से लगातार संबंधित अधिकारियों को फोन किया गया, लेकिन समय पर कोई ठोस जवाब नहीं मिला।

### डायल 112 को दी गई सूचना

हालात बेकाबू होते देख ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दी, ताकि प्रशासन तक समस्या तुरंत पहुंचे।

### किसानों में आक्रोश, एसडीएम से करेंगे शिकायत

फसल बर्बादी से आक्रोशित किसानों ने निर्णय लिया है कि वे एसडीएम हरैया से मिलकर लिखित शिकायत करेंगे। मांग है कि संयुक्त सर्वे कराया जाए, वास्तविक नुकसान का आकलन हो, उचित मुआवज़ा मिले और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

इस संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर नहर विभाग के अधिकारियों को तत्काल अवगत करा दिया गया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे मौके पर पहुंचकर स्थलीय जांच करें, फसल क्षति का वास्तविक आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावित किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। –सत्येन्द्र सिंह, एसडीएम हरैया

### पीड़ित किसान बोले, छलका दर्द और फूटा आक्रोश!

नहर से अचानक छोड़े गए पानी ने उनकी पूरी गेहूं की फसल डुबो दी। खेत में अब भी पानी भरा है, जिससे अगली बुआई की कोई संभावना नहीं बची।
–परमात्मा प्रसाद पाठक

खेत में केवल गेहूं की फसल जलमग्न होकर पूरी तरह नष्ट हो गई है। अचानक हुए जलभराव से उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया।
–अशोक पाठक

कल से लगातार नहर विभाग के अधिकारियों को फोन किया जा रहा है, लेकिन किसी ने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा। यदि समय रहते संपर्क होता और अधिकारी मौके पर पहुंचते, तो नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता था।
–धनुषधारी पाठक

मजबूरी में ग्रामीणों को डायल 112 पर सूचना देनी पड़ी, लेकिन नहर विभाग की ओर से मौके पर कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।
–राजेश कुमार पाठक

पिछले वर्ष भी इसी तरह खेतों में पानी भर गया था। शिकायत करने के बाद भी कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिसका खामियाजा इस बार फिर भुगतना पड़ा।
–सुमित्रानंदन पाठक

*पीड़ित किसानों ने एक स्वर में मांग की कि प्रशासन तत्काल संयुक्त सर्वे कराए, वास्तविक नुकसान का आकलन करे और उन्हें शीघ्र एवं उचित मुआवज़ा प्रदान किया जाए।*

# अमकोलवा में मिशन शक्ति कार्यक्रम एवं सास बहु सम्मेलन का आयोजन

- ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चियों को साइबर अपराध ,महिला सुरक्षा एवं स्वस्थ सुविधाओं के बारे में जानकारी दी

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**



**विशेश्वरगंज।** विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमकोलवा में रविवार को मिशन शक्ति एवं सास बहु सम्मेलन के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस टीम ने महिलाओं और बच्चियों को सुरक्षा, आत्मरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे उपनिरीक्षक तनवीर अहमद ने कहा, 'अब हर बेटी बेखौफ़ है, पुलिस उनकी ताकत है।' म का नेहा द्विवेदी ने महिलाओं बच्चियों को साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने एंटी रोमियो स्क्वाड की भूमिका और महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर (1090, 112, 181) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि बेटियों को अपने अधिकारों की पूरी जानकारी होनी चाहिए ।उन्होंने सास बहु के बीच होने वाले मतभेद के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि अमकोलवा राम छवि गोस्वामी के साथ गांव की दर्जनों महिलाएं बच्चियां एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती में आयु सीमा बढ़ाने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा किसान मोर्चा सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने पुलिस भर्ती परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यार्थियों की आयु सीमा बढ़ाने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सिपाही भर्ती-2026 में आयु सीमा में न्यायोचित संशोधन करने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने उल्लेख किया है कि सिपाही भर्ती-2026 में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 18 से 27 वर्ष निर्धारित है, जबकि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण नियमावली के तहत आयु सीमा 18 से 22 वर्ष तय की गई है। उन्होंने कहा कि यह अंतर लंबे समय से लंबित भर्तियों और विशेष परिस्थितियों को देखते हुए असंतुलित प्रतीत होता है। उन्होंने आगे लिखा कि पुलिस भर्ती के अंतर्गत आने वाले कई पदों पर भर्ती प्रक्रिया कोरोना महामारी सहित अन्य कारणों से बीते कई वर्षों तक प्रभावित और विलंबित रही है। इस अवधि में बड़ी संख्या में सामान्य वर्ग के योग्य अभ्यर्थी आयु सीमा पार कर चुके हैं, जिससे उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सामान्य वर्ग के युवाओं के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए आयु सीमा में रियायत आवश्यक है। सत्येन्द्र सिंह 'भोलू' ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की आयु सीमा बढ़ाकर 18 से 25 वर्ष करने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए, ताकि योग्य युवाओं को समान अवसर मिल सके। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक और न्यायसंगत निर्णय लेगी।

# पुलिस जनता की मदद को हमेशा तैयार: सीओ सिटी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर जफराबाद पुलिस आम जनता की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती है।कोई भी समस्य हो उसकी जानकारी पुलिस को दें।यह बातें क्षेत्र के जमैथा गांव में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता आईपीएस ने कही। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की अराजकता तथा गड़बड़ी फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। गोल्डी गुप्ता ने कहा कि आगामी कुछ महीने बाद पंचायत चुनाव होने वाले है।चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार का आपसी व्यवहार खराब नही करें।इसके अलावा अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का संदिग्ध कार्य करता हो तो उसकी सूचना पुलिस को दें।जानकारी देने वाले कि सूचना गुप्त रखी जायेगी।थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने लोगों को अपना सीयूजी नम्बर देते हुए कहा कि कभी भी कोई समस्या हो तत्काल अवगत कराएं।बदमाशों तथा मनबढ़ों पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह,प्रधान अमरसेन यादव विनीत सिंह सहित अन्य गांव के लोग मौजूद रहे।

# वशिष्ठ रामायण कथा में हिस्सा लेंगे हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल



**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

आगामी फरवरी माह में आयोजित महर्षि वशिष्ठ मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सम्मिलित होंगे। वशिष्ठ रामायण कथा के मुख्य यजमान और दिग्गज उद्योगपति चंद्र भूषण मिश्र ने उन्हें वशिष्ठ आश्रम बढ़नी मिश्र आने का न्यौता दिया है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आयोजन समिति के सदस्य राजेश त्रिपाठी सहित तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने हिमाचल प्रदेश स्थित शिमला के लोक भवन में राज्यपाल से रविवार को मुलाकात किया। महामहिम को बताया गया कि महर्षि वशिष्ठ आश्रम परिसर में 18 से 26 फरवरी तक गुरु वशिष्ठ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और वशिष्ठ रामायण कथा प्रस्तावित है। यह भी बताया कि तुलसी पीठाधीश्वर जगत गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज द्वारा विश्व में पहली बार प्रभु श्रीराम के कुल गुरु महर्षि वशिष्ठ पर 09 दिवसीय कथा होनी है। जिस प्रकार वर्षो की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या धाम के जन्मभूमि में भगवान श्रीराम प्रतिष्ठित हुए हैं उसी प्रकार गुरु वशिष्ठ भी शिष्यों और माता अरुंधति के साथ अपने पौराणिक आश्रम में प्रतिष्ठा पूर्वक स्थापित होंगे। श्री राना ने बताया कि राज्यपाल श्री शुक्ल ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए समारोह में आने का आश्वासन दिया है।

# फिल्म निर्देशक सचिन यादव को जान से मारने व रंगदारी की धमकी, मुख्यमंत्री योगी से सुरक्षा की गुहार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के जलालपुर क्षेत्र अंतर्गत नहोरा गांव निवासी तथा फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े **फिल्म निर्देशक और पत्रकार सचिन यादव** को जान से मारने और पैसे की वसूली की धमकी मिलने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित निर्देशक ने आरोप लगाया है कि उन्हें लगातार व्हाट्सएप के माध्यम से धमकी भरे संदेश भेजे जा रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा बना हुआ है। इस पूरे मामले को लेकर सचिन यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### व्हाट्सएप पर दी जा रही धमकियां

सचिन यादव का आरोप है कि जौनपुर से जुड़े आर्या डिजिटल कंपनी के ऑनर दुर्गेश सिंह द्वारा उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं। पीड़ित के अनुसार, आरोपी न सिर्फ उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहा है, बल्कि पैसे की वसूली की भी बात कर रहा है। सचिन यादव का कहना है कि 'मेरा आज तक दुर्गेश सिंह से किसी भी प्रकार का कोई आर्थिक लेन-देन नहीं हुआ है। न मैंने उससे कोई फिल्म खरीदी है और न ही बेची है। इसके बावजूद वह मुझसे पैसे मांग रहा है, जो सीधे तौर पर रंगदारी की श्रेणी में आता है।' निर्देशक सचिन यादव ने दुर्गेश सिंह पर फिल्म इंडस्ट्री में धोखाधड़ी और फिल्मों की चोरी जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी नए और गरीब फिल्म निर्माताओं को फिल्म खरीदने के नाम पर ठगता रहा है, जिससे कई निर्माता आर्थिक और मानसिक रूप से बर्बाद हुए हैं। सचिन यादव का दावा है कि 'मैंने इस व्यक्ति के काले कारनामों का पर्दाफाश किया है।

# अराजकतत्वों ने बाड़ उखाड़कर विद्यालय परिसर की हरियाली को पहुंचाया नुकसान

- शीतावकाश का उठाया फायदा, पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कोहड़ा में रोपे गए पौधे किए नष्ट, कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**शाहगंज।** शिक्षा क्षेत्र के कोहड़ा स्थित पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय में हरियाली युक्त परिसर विकसित करने के उद्देश्य से लगाए गए पौधों को अराजकतत्वों ने नुकसान पहुंचाकर सरकारी प्रयासों पर पानी फेर दिया। रविवार को विद्यालय परिसर में लगी बाड़ को उखाड़कर भीतर रोपे गए पौधों को नष्ट कर दिया गया। इस घटना से विद्यालय प्रशासन के साथ-साथ शिक्षकों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प कार्यक्रम के तहत इन दिनों विद्यालय परिसरों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरियाली युक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कोहड़ा में भी बाड़ लगाकर पौधरोपण किया गया था, ताकि बच्चों को स्वच्छ वातावरण मिल सके और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा सके। आरोप है कि शीतावकाश के चलते विद्यालय बंद होने का लाभ उठाते हुए गांव के ही कुछ अराजकतत्वों ने रविवार को इस घटना को अंजाम दिया। अराजकतत्वों ने न केवल सुरक्षा के लिए लगाई गई बाड़ को उखाड़ फेंका, बल्कि परिसर में लगाए गए पौधों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे विद्यालय की हरियाली योजना को गंभीर नुकसान पहुंचा है। घटना की जानकारी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक गिरीश चंद्र यादव को मोबाइल के माध्यम से मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने मौके का जायजा लिया और पूरे प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने विभागीय अधिकारियों को लिखित सूचना देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस घटना को लेकर विद्यालय के शिक्षकों में रोष देखा गया। शिक्षकों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को इस तरह नुकसान पहुंचाना बेहद निंदनीय है। यह न केवल सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने का मामला है, बल्कि बच्चों के भविष्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों के साथ भी खिलवाड़ है। ग्रामीणों के एक वर्ग ने भी इस कृत्य की निंदा करते हुए दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे अराजकतत्वों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो सरकारी योजनाओं को सफल बनाना मुश्किल हो जाएगा। विद्यालय प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि विभागीय स्तर पर शीघ्र संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि दोबारा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और विद्यालय परिसर को पुनः हरियाली युक्त बनाया जा सके।

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर केराकत स्थानीय क्षेत्र के हुरुहुरी गांव में स्थित पेट्रोल पंप के समीप शनिवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान संजय उर्फ नाटे पुत्र सनोज 35 वर्ष निवासी शेखजादा मोहल्ला के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संजय केराकत नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारी के रूप में तैनात था। परिवार के साथ एमआरएस सेंटर हुरुहुरी में रहता था। शनिवार की रात लगभग 10 बजे हुरुहुरी से नगर पंचायत कार्यालय जा रहा था। जैसे ही सड़क पर पहुंचा तभी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही संजय सड़क के किनारे जा गिरा और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर की आवाज सुन जब तक लोगों की भीड़ इकट्ठा होती कि मौका देख चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। वहीं घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। आनन–फानन में परिजन मौके पर पहुंच चीखने चिल्लाने लगे। बता दें कि मृतक के पास दो पुत्र सोनू, यश व दो पुत्री संजना व पायल हैं। मृतक की पत्नी रोशन का करुण क्रंदन सुन मौजूद लोगों की आंखें भर आई।

# मंदिर में मूर्तियों को क्षति पहुँचाने का मामला, शाहगंज पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शाहगंज पुलिस ने धार्मिक स्थल में क्षति पहुँचाने की घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना शाहगंज क्षेत्र के गोडिला फाटक के पास स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में एक व्यक्ति द्वारा मंदिर में स्थापित भगवान भोलेनाथ एवं भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपी की पहचान कर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0कौश्तुंभ के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के नेतृत्व में की गई। आरोपी के विरुद्ध सुसंगत विधिक धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अनुसार,क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूर्णत सामान्य है तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण भगेलू चौहान, पुत्र बुद्धू चौहान,निवासी ताखा पश्चिम (शिवपुर), थाना शाहगंज, जनपद जौनपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जयंती पर वृद्ध-विधवा माता-पिता समान सम्मान समारोह, सैकड़ों कंबल वितरित

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- बुजुर्गों की सेवा एवं सम्मान करना ही सबसे बड़ा मानव धर्म: रंजीत कुमार राजा व सुधीर कुमार



जौनपुर राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती के अवसर पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार के नेतृत्व में वृद्ध-विधवा माता-पिता समान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आई वृद्ध महिलाओं, विधवाओं एवं बुजुर्ग पुरुषों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा निःशुल्क सैकड़ों कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी मंडल के एमएलसी प्रत्याशी रंजीत कुमार राजा ने कहा कि 'वृद्ध व विधवा माता-पिता का सम्मान करना हम सभी का सामाजिक कर्तव्य है।' उन्होंने आयोजक विनय कुमार द्वारा किए जा रहे निरंतर सामाजिक कार्यों की सराहना की। विशिष्ट अतिथियों में इंजीनियर सुधीर कुमार, विजय लक्ष्मी हॉस्पिटल के मैनेजर देवेंद्र अंबेडकर, स्टार डेंटल क्लीनिक के डॉ. अजीत कुमार, विजय लक्ष्मी हॉस्पिटल के डॉ. विषय पटेल तथा युवा बसपा नेता धर्मेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णा पंचशील के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा बुजुर्गों का सम्मान किया गया। एस.एस. म्यूजिकल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सदैव भारत न्यूज़ के संपादक स्वदेश कुमार ने की, जबकि संचालन प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार राज ने किया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अजीत कुमार व गुड्डू प्रधान ने बुजुर्गों को माला पहनाकर स्वागत किया और कंबल भेंट किए। इस अवसर पर आयोजक विनय कुमार की समाजसेवा की सभी अतिथियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। ज्ञात हो कि विनय कुमार द्वारा वर्षो से निःशुल्क पेयजल, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा कंबल वितरण जैसे पुनीत कार्य लगातार किए जा रहे हैं।कार्यक्रम में लगभग 250 वृद्ध महिलाओं एवं बुजुर्गों का सम्मान किया गया।

उपस्थित प्रमुख लोगों में न्यूज़ भीम इंडिया के संपादक रामचंद्र नागर, मजीत टाइम्स न्यूज़ के संपादक अनिल कुमार गौतम, वरिष्ठ पत्रकार डी.के. अग्रवाल, रंजीत राय बलवानी, मिथुन, पूर्व प्रधान पारसनाथ (जमुनीपुर), जोगिंदर (त्रिलोचनपुर प्रधान), क्षेत्र पंचायत सदस्य राम प्रसाद यादव, समाजसेवी राहुल कुमार चौरसिया, चंद्रकेश प्रजापति, संजीव गुप्ता, अनिल विजय कुमार, नन्हे, अरविंद अस्थाना, डॉ. राकेश, हरिमोहन, विपिन, रवि, अमर, सनी सहित अनेक गणमान्य नागरिक व सहयोगी उपस्थित रहे।

# कृषक समाज इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव मे दिखी देश भक्ति की धूम

- नन्हे मुन्ने बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो को पेश कर लोगो का मन मोहा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला का वार्षिकोत्सव प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज के कुशल संयोजन में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन स्काउट एवं क्रीड़ा प्रभारी देवेंद्र सिंह ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ जगत प्रकाश सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज लखीमपुर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज प्रबंधक पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया इसके उपरांत कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना को अप्रतिम क्लासिकल प्रस्तुति प्रदान कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर पधारे सभी अतिथियों को प्रधानाचार्य एवं लखपति भारती, अशोक कुमार वर्मा, ओम प्रकाश यादव, सुरविंद कुमार, अरविन्द कुमार यादव आदि शिक्षकों ने बुके भेंट कर एवं बैज अलंकरण करके स्वागत एवं अभिनंदन किया। अतिथियों के स्वागत में छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संगीत शिक्षिका आरती गुप्ता सत्यवती गौतम सुप्रिया गुप्ता एवं कौशल किशोर वर्मा के दिशा निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों नर हो न निराश करो मन को , रामधुन लागी , हॉरर शो , मेरे देश की धरती , पहलगाम घटना पर आधारित नाटक ऑपरेशन सिंदूर , जल संरक्षण, नशा उन्मूलन एकांकी और क्रीड़ा विभाग की ओर से पी टी आई कपिल वर्मा के निर्देशन में खिलाड़ियों का योग प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने ओ रे पिया पर कथक नृत्य , झूम बराबर झूम , कभी खुशी कभी गम और सेम टाइम गीतों पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां प्रदान की एनसीसी कैडेट्स के द्वारा नारी सशक्तिकरण और सैनिक की दास्तान एकांकी प्रस्तुत की गई। ग्रांड फिनाले कार्यक्रम में 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर मंच पर धूम मचा दी। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि को प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक ने शाल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2025 की विद्यालय टॉपर रिया पटेल को प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक ने टैबलेट पीसी , प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 की विद्यालय टॉपर अनुष्का भारद्वाज को टैबलेट पीसी , प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में रसायन विज्ञान में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली जौरीन अंसारी को विद्यालय के पुरातन छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ रविंद्र नाथ वर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय पुत्तूलाल वर्मा पूर्व रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष की स्मृति में ?2100 की नकद प्रोत्साहन राशि सम्मान पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की। विशेष आमंत्रित पुरा छात्रों में डॉ मदन लाल वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक , संजय कुमार गौतम असिस्टेंट प्रोफेसर लखनऊ विश्वविद्यालय, कौशल्या क्लीनिक के संचालक डॉ रामनरेश वर्मा , राजा विक्रम प्रताप शाह इंटर कॉलेज सिंगाही के प्रधानाचार्य मदन गोपाल वर्मा एवं डी ओ सी भारत स्काउट एंड गाइड लखीमपुर विष्णुदत्त भार्गव को प्रधानाचार्य , प्रबंधक एवं प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा उप मंत्री विनोद चंद्र मिश्र ने शाल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वर्तमान सत्र के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव और सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी रामकिशोर को घोषित कर पांच- पांच हजार रूपए नकद तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर पधारे विशिष्ट अतिथियों डॉ निर्मल सिंह, डॉ एल आर वर्मा, सुमति नारायण दीक्षित ,जगदंबा प्रसाद , वीरेश वाजपेई, श्याम सिंह वर्मा, विमल कुमार मौर्य और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह आदि को प्रबंधक ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया उन्होंने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा विद्यालय के समस्त स्टाफ के सक्रिय सहयोग से हम राष्ट्र के नवनिर्माण हेतु विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर के नागरिक बनने हेतु शिक्षा एवं दीक्षा प्रदान कर पा रहे हैं यह हमारे लिए ही नहीं पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर जी जी आई सी कुकरा की प्रधानाचार्या अनीता चौधरी को प्रबंध समिति की सदस्या एवं समाजसेवी अनीता वर्मा ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया। अंत में प्रधानाचार्य ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और वार्षिकोत्सव की आयोजक टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## पर्यटन से जुड़ेगा महाभारत कालीन अंतर्वेद आश्रम बदलेगी काया, डेढ़ करोड़ धनराशि हुई मंजूर

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



पढुआ थाना क्षेत्र स्थित महाभारत कालीन अंतर्वेद आश्रम की काया अब बदलने वाली है। पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी ने बताया कि अंतर्वेद को पर्यटन से जोड़ने के लिए सरकार ने डेढ़ करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। द्वापर युग में पांडवों की तपोस्थली के रूप में विख्यात अंतर्वेद वन वर्तमान में प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। इस ऐतिहासिक स्थल तक पहुंचने के लिए न तो पक्का मार्ग है और न ही विद्युतीकरण की सुविधा है। यहां के अधिकांश क्षेत्र पर वन विभाग का कब्जा है, जिसके कारण साधु-संतों और आम लोगों का भी इस धरोहर से मोहभंग हो गया है।मान्यता है कि द्वापर युग में अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां तेरह महीने बिताए थे। शत्रुओं के अचानक आक्रमण से बचाव के लिए महाबली भीम ने तीन किलोमीटर में फैले घने जंगल के चारों ओर एक बड़ी झील बनाई थी। उन्होंने अपने आने-जाने के लिए पूर्व दिशा में एक द्वार भी बनाया था, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं। तेरह माह का अज्ञातवास पूरा करने के बाद पांडव यहां से हस्तिनापुर के लिए प्रस्थान कर गए थे।अंतर्वेद आश्रम के महंत श्री गोकुल दास के अनुसार, एक समय में यहां सैकड़ों साधु-संत निवास करते थे। हालांकि, शासन-प्रशासन की अनदेखी के कारण अब यह ऐतिहासिक स्थल उन्हें भी रास नहीं आ रहा है। आश्रम में स्थित श्री रामजानकी मंदिर में अब इक्का-दुक्का साधु-संत ही दिखाई देते हैं। आश्रम परिसर में रामजानकी मंदिर के अतिरिक्त शिवजी और काली माता के मंदिर भी हैं। इसके चारों ओर कई ऋषि-मुनियों के समाधि स्थल भी मौजूद हैं। महाबली भीम द्वारा खोदी गई झील भी सफाई के अभाव में जलकुंभी से भर गई है।

## डिप्टी सीएम से मिले गोला के भाजपा नेता



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

लखीमपुर-खीरी हृदय रोग के डाक्टर की पोस्टिंग के लिये सौपा ज्ञापन। गोला गोकर्णनाथ खीरी।

भारतीय जनता पार्टी गोला नगर महामंत्री धीरज बाजपेई ने लखनऊ में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर जनपद लखीमपुर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के तैनाती की मांग पत्र सौपा। ओस दौरान गोला विधान सभा क्षेत्र की कुछ समस्याओ से भी अवगत कराया व गोला मे वन रहे शिव कॉरडोर का निर्माण तीव गति से कराये जाने की भी मांग की। इस अवसर पर अनमोल पांडे, विवेक राजपूत, शिव करण मिश्रा, शिवम साहनी आदि लोग मौजूद रहे।

## अन्य किसान खड़े रहे लाइन में 40 बोरी खाद ले गए समिति अध्यक्ष के रिश्तेदार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



सहकारिता विभाग में जब तक समिति के सचिव अध्यक्ष में जब नहीं बनती है तब आपस में गाली गलौज भी करते दिखाई पड़ते हैं लेकिन जब सचिव अध्यक्ष के आपस में बनने लगती है तो सचिव 40 बोरी यूरिया खाद एक ही व्यक्ति को देकर किसानों का गला घोटने के समाचार मिले हैं। मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक फूलबेहड़ के मौजमाबाद किसान सेवा सहकारी समिति सुंदरवल में बीते दिवस खाद बांटी जा रही थी तभी पूजा गांव मुड़िया निवासी एक व्यक्ति जो ब्लॉक बिजुआ के रहने वाले हैं को समिति के सचिव परमानंद तिवारी ने अवैध तरीके से 40 बोरी यूरिया खाद ?270 में दे दिया जबकि क्षेत्रीय किसान खाद के लिए सुबह से लाइन में लगे हुए थे और उन किसानों को बड़ी मुश्किलों से एक या दो बोरी खाद दी जा रही थी। बताया जाता है की एक साथ 40 बोरी लेने वाले किसान दिनेश मिश्र समिति के अध्यक्ष के रिश्तेदार हैं और उनका गांव मुड़िया ब्लॉक बिजुआ की समिति क्षेत्र में लगता है। इस संबंध में एडीओ सहकारिता पवन पटेल से जानकारी लेने पर बताया कि मैं इस प्रकरण की जांच करके उचित कार्यवाही करूंगा यह बात अलग है कि पवन पटेल इस समिति की जांच कई बार कर चुके हैं लेकिन सचिव परमानंद तिवारी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिस कारण क्षेत्रीय किसान इनके कारनामों से परेशान हैं।

## पर्यावरण मित्र समूह का अभिनव अभियान, 'हरियाली मित्र सम्मान' से नवाजे गए पर्यावरण प्रेमी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



पर्यावरण संरक्षण और हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यावरण मित्र समूह द्वारा शुरू किए गए अभिनव अभियान 'हरियाली मित्र सम्मान' के अंतर्गत प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने वाले पर्यावरण प्रेमी सुमन त्यागी को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके आवास की छत पर सुव्यवस्थित रूप से विकसित हरित क्षेत्र, किचन गार्डन तथा पक्षी संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।पर्यावरण मित्र समूह द्वारा 'आओ धरा सजाएं, इसे हरा-भरा बनाएं' के उद्देश्य को लेकर नववर्ष की पूर्व संध्या से इस अभियान की शुरुआत की गई है।अभियान के तहत ऐसे परिवारों को चिन्हित कर सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने अपने घरों की छत, आंगन, किचन गार्डन अथवा लॉन को हरियाली से सुसज्जित कर पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की है। इसी क्रम में जयदेव नगर स्थित युवराज दत्त महाविद्यालय के निकट निवासी सुमन त्यागी को यह सम्मान प्रदान किया गया।सम्मान समारोह के दौरान पर्यावरण मित्र समूह के संयोजक विशाल सेठ ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में छतों और सीमित स्थानों का हरित उपयोग पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकता है। समूह का उद्देश्य लोगों को पौधरोपण, किचन गार्डन, वर्षा जल संरक्षण और पक्षी संरक्षण के लिए प्रेरित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके।इस अवसर पर सम्मानित सुमन त्यागी एवं ऋषभ त्यागी ने बताया कि उनके परिवार की तीन पीढ़ियां पर्यावरण एवं पक्षियों के संरक्षण में सक्रिय हैं। घर के सभी सदस्य, यहां तक कि बच्चे भी, छत पर सब्जियों, फूलों एवं शोभाकार पौधों को लगाने, उन्हें संवारने तथा पक्षियों के लिए दाना-पानी और नीड़ उपलब्ध कराने में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़कर जो आत्मिक संतोष और खुशी मिलती है, वह शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में पर्यावरण मित्र समूह के मीडिया प्रभारी राम मोहन गुप्ता, प्रबंधन प्रमुख मयूरी नागर, कोर कमेटी सदस्य रश्मि महेंद्रा, कुमकुम गुप्ता एवं संजय गुप्ता सहित ऋषी नागर उपस्थित रहे। वहीं सम्मानित हरियाली मित्र परिवार की ओर से ऋषभ त्यागी, अर्चना त्यागी, देविष्ट त्यागी एवं वरेण्य त्यागी की भी उपस्थिति रही।पर्यावरण मित्र समूह ने कहा कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और अधिक से अधिक लोगों को हरियाली अपनाने, प्रकृति से जुड़ने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## सनातन की पहचान बनेगा सुगमेश्वर महादेव मंदिर : अरविंद त्रिपाठी



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा में सुगमेश्वर महादेव मंदिर सनातन की पहचान बनेगा।रविवार को मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के मध्य बोलते हुए पूर्व एम एल सी एवं अध्यक्ष अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू ने यह बात कही सनद रहे कि आगामी शिव रात्रि को मंदिर की ओर शिव शोभा यात्रा निकाली जायेगी तैयारी व सुझाव जानने को मंदिर समिति ने बैठक बुलाई। मौरावां में सुगमेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना के बाद से ही समिति के पदाधिकारी लगातार सांस्कृतिक आयोजनों के जरिए मंदिर की प्रतिष्ठा बढ़ाने को श्रम शील है।आज सम्पन्न बैठक में शिव शोभा यात्रा को भव्य बनाने व यात्रा मार्ग को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ।ज्यादातर सदस्यों ने झांकियों की संख्या बढ़ाने,यात्रा में गांवों की सहभागिता सुनिश्चित किए जाने पर बल दिया जिसे समिति ने स्वीकार कर लिया।अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों एवं सभी पदाधिकारियों के समर्पण को देखते यह स्पष्ट है कि भविष्य में सुगमेश्वर मंदिर सनातन की पहचान बनेगा।बैठक को प्रमोद कुमार दीक्षित,देवेंद्र तिवारी अध्यक्ष भारत गौ सेवा परिषद,श्यामू द्विवेदी,भूपेश कुमार,दिनेश साहू,पुत्तन सोनी जगदीश सिंह,नंगू सिंह आदि ने संबोधित किया व सुझाव दें बताते चलें कि मंदिर की प्रस्तावित योजनाओं ने वेद विद्यालय संचालित करना है जिसकी तैयारी चल रही है प्रबंधक एस बी शर्मा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सदस्यों के सुझावों पर पूरी तरह अमल किया जाएगा।इस अवसर पर आर के सिंह, मोती लाल, निखिल शर्मा, दुर्गी सिंह, शिवशरण सिंह,दिनेश त्रिपाठी, शिवकंठ त्रिपाठी, त्रिभुवन दीक्षित, कपिल तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## समाज के अभिन्न अंग होते हैं समाचार पत्र विक्रेता : संतोष शुक्ला



जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

समाचार पत्र विक्रेता समाज का एक अभिन्न अंग होते हैं। हर मौसम में वह प्रातः काल अपने काम में लग जाते हैं। उनके लिए ठण्डी हो या बरसात इससे कोई मतलब नही होता है। उक्त बात रविवार को विकास खण्ड बनीकोडर की ग्राम पंचायत बेलिया गजपतिपुर में स्थित बाबा जागेश्वर धाम शिव मंदिर परिसर में कम्बल वितरण के दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने कही। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि हर वर्ष ठण्डी में जिला प्रशासन से लेकर समाजसेवी और समाजसेवक गरीबों, दिव्यांगो और बेवा महिलाओं व बेसहारा लोगों को चिन्हित करके कम्बल और रजाई तक बांटते हैं। लेकिन जिला प्रशासन हो या समाजसेवक हो किसी की नजर समाचार पत्र विक्रेताओं पर नही पड़ती है। मेहनत करके समाचार पत्र विक्रेता किसी तरह से अपनी व अपने परिवार की जीविका चलाते हैं। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जनपद के सांसद और विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को यह सोचना चाहिए कि समाचार पत्र विक्रेताओं को भी जो समाज के एक अंग हैं उनको भी सरकारी योजनाओं के लाभ के साथ में समय-समय पर उनका हौसला बढ़ाना चाहिए और कुछ न कुछ पुरस्कार देना चाहिए। लेकिन अधिकांश समाजसेवी सिर्फ गिने चुने लोगों में ही कम्बल वितरित करके वाहवाही लूट लेते हैं। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने विकास खण्ड बनीकोडर और विकास खण्ड सिद्धौर के समाचार पत्र विक्रेताओं को कम्बल वितरित करके उनको नये साल की बधाई दी। समाचार पत्र विक्रेता रामतीरथ गुप्ता कम्बल पा करके इतने भावुक हो गये कि उन्होने कहा कि पिछ्ले दो दशकों से मैं समाचार पत्र बांटने का काम करता हूं लेकिन आज तक किसी ने भी हम लोगों की तरफ नही देखा। यह पहली बार है कि मुझे यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रंजीत गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, तहसील रामसनेहीघाट के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, विजय शंकर मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजसेवियों ने बचायी नील गाय के बच्चे की जान

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

**रामसनेहीघाट।** कोतवाली रामसनेहीघाट के अमरगंज गांव में रविवार दोपहर अवारा कुत्तों ने एक नीलगाय के बच्चे पर हमला बोल दिया। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने किसी तरह से घायल नीलगाय के बच्चे को उठाकर घर ले आये। जब इसकी सूचनाइस घटना की सूचना श्री गोपाल जी गौसेवा नारायण सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय तिवारी को हुई तो उन्होने इसकी सूचना स्थानीय पशु चिकित्सा अधिकारियों और वन विभाग को जानकारी दी। उन्होंने नीलगाय के बच्चे के तत्काल उपचार और मदद की मांग की।हालांकि, सूचना के घंटों बाद भी स्थानीय पशु चिकित्सा से जुड़े अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। इस लापरवाही के कारण घायल बच्चे की जान को खतरा हो सकता था।इसके बाद,श्री गोपाल जी गौसेवा नारायण सेवा ट्रस्ट टीम के पदाधिकारियों ने उच्च अधिकारियों को इस मामले की सूचना दी। कुछ ही देर बाद,भारत सरकार द्वारा पशुओं के लिए संचालित 1962एम्बुलेंस मौके पर पहुंची।एम्बुलेंस पर मौजूद कर्मियों ने घायल नीलगाय के बच्चे का प्राथमिक उपचार किया।सूचना मिलने पर वन विभाग की ओर से वन कर्मी राजेश मौके पर पहुंचे।उन्होंने घायल नीलगाय के बच्चे को उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने कब्जे में ले लिया।स्थानीय निवासी अमरेश ने बताया कि गांव के पास नीलगाय के बच्चे पर कुत्ते हमला कर रहे थे। पास में खेल रहे बच्चों ने उसे कड़ी मेहनत से बचाया,लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था।बच्चों ने ही उसे अपने घर लाये, बाद में गौसेवा ट्रस्ट को सूचित किया गया। कपिल, सोहनलाल,विकास और राम गणेश सहित अन्य लोगों ने उसे बचाने में मदद की।स्थानीय निवासी अमरेश ने बताया कि गांव के पास नीलगाय के बच्चे पर कुत्ते हमला कर रहे थे। पास में खेल रहे बच्चों ने उसे कड़ी मेहनत से बचाया,लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से घायल हो चुका था।बच्चों ने ही उसे अपने घर लाये, बाद में गौसेवा ट्रस्ट को सूचित किया गया। कपिल, सोहनलाल,विकास और राम गणेश सहित अन्य लोगों ने उसे बचाने में मदद की।

## आदर्श बस्ती ने आयोजित किया विराट हिन्दू सम्मलेन कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

नगर शुक्लागंज गंगाघाट श्रेत्र कंचन नगर स्थित महर्षि दयानन्द सरस्वती इंटर कालेज परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा उसी परिपेक्ष में आज आदर्श बस्ती के तत्वाधान में विराट हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉक्टर अशोक जी प्रान्त प्रचार प्रमुख द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया आयोजित किया गया एंव गायत्री मिशन से जुड़े गायत्री शक्ति पीठ भातू फार्म के शिव प्रसाद शर्मा जी मुख्य वक्ता रहे जिनका पाथेय सभी आये हुए प्रबुद्ध जनो को प्राप्त हुआ और सामाजिक कार्यकत्री संगीता रस्तोगी भी उपलब्ध रही एंव कंचना माई मन्दिर के पुजारी करुणा शंकर मिश्र का माल्यार्पण कर सम्मानित किया जहाँ डॉक्टर अशोक जी ने अपने उदबोधन में बताया की हिन्दू पंच परिवर्तन कर देश और हिन्दू समाज को समृद्धशाली बना सकता है जिसमे पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जागरण,सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, और कुटुंब प्रबोधन है पेंड़ लगा कर पर्यावरण संरक्षित किया जा सकता है स्वदेशी अपना कर स्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है और सभी को जातियों के भेद मिटा कर सामाजिक समरसता पर लाने के साथ अपने नागरिक कर्तब्यो को ध्यान में रखते हुए हमें संवैधानिक नियमो का पालन करना चाहिए और कुटुंब प्रबोधन के तहत हमें अपने परिवार के साथ समय ब्यतीत करना चाहिए आज मोबाईल के दौर में हम अपने परिवार के साथ रहकर भी दूर हैं तो हम संकल्प लें की हमें कम से कम दो घंटे मोबाईल छोड़ कर अपने परिवार के साथ भोजन करना और एक दूसरे का हाल चाल लेकर एक दूसरे के कुशलक्षेम की चिन्ता करनी चाहिए हमारी पारिवारिक ब्यवस्था आज भी विश्व पटल पर उदाहरण प्रस्तुत करती है इस उदबोधन के साथ भारत माता की जय के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया मंच संचालन आकाश ने किया इस मौके पर अंजनीअग्निहोत्री, शिवम,सचिन,प्रधानाचार्य श्रवण सिंह,आचार्य रमेश और अजय मिश्रा सुभाष शुक्ला आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश ने नवाबगंज में की नई नियुक्तियाँ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश ने संगठन के सशक्तीकरण को आगे बढ़ाते हुए नवाबगंज इकाई में नए पदाधिकारियों की घोषणा की है। अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिश्रा ने विजय प्रताप और कृपाशंकर त्रिपाठी को संगठन की निष्ठा और कार्यकुशलता को देखते हुए *महामंत्री, नवाबगंज* के पद पर मनोनीत किया है। अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों की आवाज़ है और इसकी मजबूती पत्रकार एकता में निहित है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि दोनों पदाधिकारी अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करेंगे, पत्रकारों को जोड़ेंगे और समाजहित में निष्पक्ष पत्रकारिता को प्रोत्साहित करेंगे। विजय प्रताप और कृपाशंकर त्रिपाठी ने इस जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने और पत्रकारों के हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश पत्रकारों की एकता, सुरक्षा और कल्याण से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्यरत है। नवाबगंज इकाई की नई नियुक्तियाँ संगठन की विस्तार योजना का हिस्सा हैं, जिसके तहत राज्य के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय नेतृत्व को सशक्त किया जा रहा है।

## सच्चे समाजसेवी थे स्व. रामचन्द्र : महेन्द्र राय

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

रविवार को गांधी भवन सभागार में कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. रामचन्द्र बक्श की जयंती मनायी गयी। स्थानीय पदाधिकारियों ने उनको श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर बोलते हुएभारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र राय ने कहा कि वह अच्छे वक्ता अधिवक्ता, अच्छे अनुवादक भी थे। पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि 1974 में समाजवादी मंत्री को चुनाव हराकर विधायक हुए थे।उनका सम्मान था।पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि रामचन्द्र बक्श सिंह प्रदेश के किसानों,मजदूरों की समस्याओं को हल कराने के आंदोलनकारी थे। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार वर्मा ने कहा कि बाबूजी बाराबंकी के जननेता थे। कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि कम्युनिस्ट के दिग्गज नेता रामचन्द्रबक्श सिंह जन समस्याओं को हल करने में आगे थे। बिजली कर्मचारियों के नेता के.एस. रावत ने कहा कि रामचन्द्र बक्श सिंह जैसे विधायकों की आवश्यकता है। गांधी भवन के संस्थापक पंडित राजनाथ शर्मा ने भी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को आसिफ, जमील, आशाराम वर्मा बाल कृष्ण वर्मा एडवोकेट विनय कुमार सिंह,पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामप्रताप मिश्रा व समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह बब्लू ने भी संबोधित किया। इस मौके पर आनंद सिंह, प्रेमचंद वर्मा, संजय कृष्ण मोहन, पवन कुमार वर्मा रामनरेश वर्मा, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

## युवाओं को राष्ट्र से जोड़ने का काम करता है हिन्दू संगठन : स्वामी चेतना नन्द

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

रविवार को दशहराबाग बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वामी चेतनानंद महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे भारत में हिन्दू सम्मेलन आयोजित कर रहा है, जिनका मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है, जिसमें सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर चर्चा होती है, तथा यह आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण में जोड़ने पर केंद्रित है। इसी क्रम में साध्वी श्रद्धा चैतन्य ने कहा आज हिंदुओं के लिए, सनातन धर्म का पालन करने का अर्थ है।

# 'मुंबई का मेयर हिंदू-मराठी होगा'

## फडणवीस का एलान, निकाय चुनाव के लिए महायुति ने भरी हुंकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार (03 जनवरी) से बीएमसी चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का बिगुल बजा दिया है। भाजपा-शिव सेना (एकनाथ शिंदे)-आरपीआई महायुति गठबंधन ने बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) और अन्य नगर निगम चुनावों के लिए वर्ली स्थित एनएससीआई डोम में एक भव्य रैली के साथ आधिकारिक तौर पर अपना अभियान शुरू किया।

### बीएमसी चुनाव अभियान का शुभारंभ

इस दौरान महायुति कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज (शनिवार) मुंबई में हमने नारियल फोड़कर अपने बीएमसी चुनाव अभियान का शुभारंभ किया। यह चुनाव मुंबई की जनता और मुंबई के लिए जीवन बदलने वाला साबित होगा। विरोधियों को घेरते हुए फडणवीस ने कहा कि हमें उन लोगों को सबक सिखाना होगा, जो सिर्फ अपने स्वार्थ की परवाह करते हैं। ये लोग (विपक्ष) सिर्फ बातें करते हैं, काम नहीं करते, लेकिन अब जनता उन्हें चुनेगी, जो अपने वादे पूरे करते हैं, यानी महायुति गठबंधन को।

### मुंबई का मेयर हिंदू और मराठी होगाः सीएम

बिना नाम लिए फडणवीस ने कहा कि वंश तो जन्म से ही मिलता है, लेकिन विचारधारा विरासत में नहीं मिलती। इसे गढ़ना पड़ता है। इस चुनाव में श्रेय चुराने का काम चल रहा है। कुछ और न मिलने पर उन्होंने यह एजेंडा शुरू कर दिया है कि मुंबई का मेयर मराठी होगा। मैं स्पष्ट कर दूं, मुंबई का मेयर महायुति गठबंधन से होगा। वह हिंदू और मराठी होगा।

### 'रैलियों में वंदे मातरम का जाप भी बंद', साधा निशाना

उन्होंने आगे कहा कि कुछ नेताओं ने कुछ दिन पहले कहा था कि बुर्का पहनने वाली मेयर चुनी जाएगी। मुझे लगा था कि जो लोग मराठी मेयर की बात कर रहे हैं, वे जरूर जवाब देंगे, लेकिन, उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा। इतना ही नहीं, उनकी रैलियों में वंदे मातरम का जाप भी बंद हो गया है। उनका रंग बदल गया है। बता दें कि एआईएमआईएम नेता वारिस पठान ने बयान दिया था कि मुंबई की मेयर बुर्का पहनने वाली महिला होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया कि 16 जनवरी को महायुति की महाविजय होगी।

## वेनेजुएला पर अमेरिका के कब्जे से भारत को हो सकता है अरबों डॉलर का फायदा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका ने वेनेजुएला में सैन्य कार्रवाई कर वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया। इस घटनाक्रम पर भारत सरकार ने बयान जारी कर चिंता जताई है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस बदले घटनाक्रम से भारत को बड़ा फायदा हो सकता है। दरअसल लंबे समय से अटका भारत का करीब एक अरब डॉलर का बकाया भुगतान वापस मिल सकता है। साथ ही वेनेजुएला में भारत द्वारा तेल उत्पादन शुरू किया जा सकता है।

### वेनेजुएला में तेल उत्पादन बढ़ा सकती है ओएनजीसी

भारत कभी वेनेजुएला में कच्चे तेल का प्रमुख उत्पादक देश था, जो एक समय वेनेजुएला से रोजाना करीब चार लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल का आयात करता था। हालांकि वेनेजुएला पर कड़े अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने 2022 में लैटिन अमेरिकी देश से तेल खरीद बंद कर दी। भारत की प्रमुख विदेशी उत्पादक कंपनी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड , पूर्वी वेनेजुएला में सैन क्रिस्टोबल तेल क्षेत्र का संयुक्त रूप से संचालन करती है, लेकिन लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी, उपकरण और सेवाओं तक पहुंच बाधित हो गई। इससे वेनेजुएला में तेल भंडारों में उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ और अब यह घटकर सिर्फ पांच हजार से लेकर 10 हजार बैरल प्रतिदिन तक घट गया है।

### रूस के लिए भी बढ़ सकती हैं मुश्किलें

वेनेजुएला के घटनाक्रम का असर रूस पर भी पड़ सकता है। दरअसल अमेरिका की नाराजगी के बाद भारत अपने तेल खरीद में विविधता ला रहा है। अब जब वेनेजुएला के तेल भंडार पर अमेरिका का कब्जा हो गया है, तो भारत वेनेजुएला से तेल खरीद बढ़ा सकता है। इससे भारत की रूस से तेल खरीद कम हो सकती है। ओएनजीसी और दूसरी भारतीय कंपनियां वेनेजुएला में और भी तेल फील्ड ले सकती हैं और वहां तेल उत्पादन शुरू कर सकती हैं। कैराबोबो-1 एरिया वेनेजुएला का भारी तेल क्षेत्र है जिसमें भारत की दिलचस्पी है। विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका, वेनेजुएला की सबसे बड़ी तेल कंपनी पुनर्गठन हो सकता है और अमेरिका की इसमें अहम भूमिका होगी।

### भारत को मिल सकता है अरबों डॉलर का बकाया

वेनेजुएला 2014 तक इस क्षेत्र में अपनी 40 प्रतिशत हिस्सेदारी पर देय लाभांश के रूप में ओएनजीसी को 53 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करने में विफल रहा। बाद में भी लगभग इतनी ही राशि का भुगतान नहीं किया गया। काराकास ने ऑडिट की अनुमति नहीं दी, जिससे दावों का निपटान रुका हुआ है। अब विश्लेषक और ऊर्जा अधिकारी मान रहे हैं कि अब अमेरिका के वेनेजुएला के तेल भंडार पर कब्जे के बाद प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि एक बार प्रतिबंधों में ढील मिलने के बाद, ओएनजीसी, वेनेजुएला के सैन क्रिस्टोबल में तेल उत्पादन के लिए जरूरी उपकरण ले जा सकता है। इससे उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद है। साथ ही ओएनजीसी, सैन क्रिस्टोबल से होने वाले ऐसे राजस्व से अपने पिछले करीब एक अरब अमेरिकी डॉलर के बकाए की वसूली कर सकता है।

### वेनेजुएला की स्थिति पर भारत की चिंता, शांति और संवाद की अपील

वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम भारत के लिए चिंता का विषय है। भारत सरकार वहां की बदलती स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। भारत ने वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और भलाई के प्रति अपना समर्थन दोहराया है और सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संवाद के जरिए करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। काराकास स्थित भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करता रहेगा।

## आईसीजी को मिलेगा पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप', रक्षा मंत्री करेंगे राष्ट्र को समर्पित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गोवा**

भारतीय तटरक्षक बल की ताकत में जल्द ही बड़ा इजाफा होने जा रहा है। अधिकारियों ने रविवार को जानकारी दी कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 जनवरी को तटरक्षक बल के पहले स्वदेशी रूप से तैयार प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' को बेड़े में शामिल करेंगे।

### तटरक्षक बल ने क्या कहा?

गोवा शिपयार्ड लिमिटेड ने दिसंबर में औपचारिक रूप से इसे तटरक्षक बल को सौंपा था। तटरक्षक बल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि यह दो प्रदूषण नियंत्रण पोतों में से पहला है। उन्होंने जहाज का एक वीडियो भी साझा किया, जिसे इसे आईजीसी का सबसे बड़ा और उन्नत पोत बताया गया है।

### पोत अत्याधुनिक तकनीक से है लैस

तटरक्षक बल के अनुसार, यह पोत तेल के रिसाव की जांच करने वाली मशीनों और रासायनिक डिटेक्टरों से लैस है। इसमें 30 मिमी की सीआरएन-91 तोप, एकीकृत अग्नि नियंत्रण प्रणाली वाली दो रिमोट-संचालित बंदूकें, स्वदेशी एकीकृत ब्रिज प्रणाली और स्वचालित बिजली प्रबंधन प्रणाली जैसी अत्याधुनिक तकनीक मौजूद है। साथ ही, इसमें आग बुझाने की उच्च क्षमता वाली बाहरी प्रणाली भी लगी है।

### क्या है पोत की खासियत?

इस 114.5 मीटर लंबे विशाल पोत के निर्माण में 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है। 4,200 टन वजनी इस जहाज की गति 22 समुद्री मील से अधिक है और यह बिना रुके 6,000 समुद्री मील तक का सफर तय करने में सक्षम है। यह पोत समुद्री प्रदूषण नियमों को लागू करने, समुद्री कानूनों के पालन, खोज और बचाव कार्यों तथा भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा।

## कांग्रेस ने पांच राज्यों के लिए उम्मीदवार चयन समितियों का किया गठन, प्रियंका गांधी को असम की जिम्मेदारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**



कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा को आगामी असम विधानसभा चुनावों के लिए प्रत्याशी चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने शनिवार रात उन पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चयन समितियों की घोषणा की, जहां इस साल के पहले छह महीनों में चुनाव होने वाले हैं।

### पार्टी ने क्या कहा?

पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार, असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए चार सदस्यीय समितियां बनाई गई हैं। इनका मुख्य कार्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देना होगा। सांसद और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा असम समिति का नेतृत्व करेंगी। वहां कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों के साथ गठबंधन करके भाजपा को सत्ता से हटाने का प्रयास कर रही है। उनके साथ लोकसभा सांसद इमरान मसूद, सप्तगिरी शंकर उलाका और सिरिवेल्ला प्रसाद को असम समिति का सदस्य बनाया गया है।

### किस राज में किसको मिली कामान?

अन्य राज्यों की बात करें तो वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री केरल के लिए चयन समिति के प्रमुख होंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंह देव तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए समिति की अध्यक्षता करेंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए वरिष्ठ नेता बी.के. हरिप्रसाद को चयन समिति का प्रमुख बनाया गया है। संबंधित राज्यों के प्रभारी महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता भी अपने-अपने राज्यों की समितियों के पदेन सदस्य होंगे।

### क्या है असम का मौजूदा चुनावी समीकरण?

असम की 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए चुनाव इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। पिछले महीने कांग्रेस ने वाम दलों और कई क्षेत्रीय पार्टियों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने के लिए एक साझा मंच तैयार किया था। वर्तमान में असम विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के पास 64 सीटें हैं, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के पास 26 विधायक हैं। बाकी बची अन्य सीटें स्थानीय पार्टियों के पास है।

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में बजरिया से निकल गया नगर कीर्तन निकला

■ बजरिया गुरुद्वारा से निकले कीर्तन का जगह-जगह स्वागत किया गया

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



गाजियाबाद के बजरिया क्षेत्र स्थित गुरुद्वारे द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में महान नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन का श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया व पांच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन गुरुद्वारा दशमेश दरबार से प्रारंभ हुआ जो नगर घंटाघर चौक, डसना गेट दिल्ली गेट से होता हुआ शहर निकलते हुए जाएगा गांधीनगर में जाकर समाप्त हुआ। गुरुद्वारा प्रमुख रहे सरदार इंद्रजीत टीटू सरदार सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी व सरदार हरजीत सिंह, सरदार सुखविंदर सिंह ने बताया कि नगर कीर्तन में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। वभिन्न गुरुद्वारों से आई हुई संगत कीर्तन करते हुए शामिल हुई। गतका पार्टी के करतब देखकर सभी हैरान रह गए। पंजाब का बैंड भी आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर प्रसद का वितरण किया गया। नगर कीर्तन व संगत का जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। नगर कीर्तन से पूरा गाजियाबाद शहर मे होते हुए गया। नगर कीर्तन के दौरान सरदार इंद्रजीत टीटू एसपी सिंह, सिख नेता गगन सिंह अरोड़ा ,सरबजोत नैय्यर ,सोनू बग्गा, चेतन शर्मा, लेखराज माहौर, अजय चौपडा, अमन सिंह, हेमराज माहौर आदि सैकडों लोग मौजूद रहे।

## अंडमान-निकोबार को केंद्र की सौगात

### शाह ने 373 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। विजयपुरम**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार (03 जनवरी) को जोर देकर कहा कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह 10 वर्षों में देश के खजाने में एक प्रमुख योगदानकर्ता बन जाएगा। उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की है कि दो वर्षों में भारत वर्तमान में चौथे स्थान से आगे बढ़कर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दरअसल, अमित शाह अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 373 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे, जिसे उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में एक 'तीर्थ स्थल' बताया। द्वीपसमूह में अंतरराष्ट्रीय माल ढुलाई परियोजना, तेल अन्वेषण परीक्षण और अन्य विकासात्मक परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि द्वीपों के इस समूह को कभी देश के खजाने पर बोझ माना जाता था। श्री विजयपुरम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'इन 11 वर्षों में जो परिवर्तन हुआ है, वह भारतीय जनता पार्टी की देश की हर इंच भूमि को भारत माता मानने की अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है। इसी पहल के तहत आज नौ प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और दो अन्य परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। एक ही दिन में 373 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया। इसमें 229 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र भी शामिल है, जो सुरक्षा उद्देश्यों के लिए एक व्यापक एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र होगा, जो भारत के किसी भी विकसित शहर में मौजूद केंद्रों के समकक्ष होगा।'

## ड्रग्स जब्ती मामले में केरल के पूर्व परिवहन मंत्री को तीन साल की जेल, सबूतों से छेड़छाड़ के दोषी

■ बचाव पक्ष कोर्ट में दलील दी थी कि जिस अंतर्वस्त्र में प्रतिबंधित सामग्री छिपाई गई थी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल की एक अदालत ने ड्रग्स जब्ती मामले में पूर्व परिवहन मंत्री एंटनी राजू को तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला 1990 का है। राजू तब एक कनिष्ठ वकील थे और इस मामले में आरोपियों की ओर से पेश हुए थे। वर्तमान में वह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के घटक दल जनधिपत्य केरल कांग्रेस के विधायक हैं। नेदुमंगड न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट ने शनिवार को राजू को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक से 61.5 ग्राम हशीश जब्ती से जुड़े मामले में सबूतों से छेड़छाड़ का दोषी ठहराया। कोर्ट ने मामले में एक अन्य आरोपी केएस जोस को भी दोषी ठहराया। जोस तब तिरुवनंतपुरम की एक कोर्ट का क्लर्क था। कोर्ट ने जोस को दूसरी सजाओं के अलावा, सेक्शन 409 के तहत एक साल की जेल की सजा सुनाई। सत्र न्यायालय ने शुरू में आरोपी आंद्रे साल्वाटोर सेर्वेली को दोषी ठहराया था, लेकिन बाद में 1991 में केरल हाईकोर्ट ने उसे बरी कर दिया। बचाव पक्ष कोर्ट में दलील दी थी कि जिस अंतर्वस्त्र में प्रतिबंधित सामग्री छिपाई गई थी, वह आरोपी के लिए बहुत छोटा था। अभियोजन पक्ष ने बताया कि मामले की जांच में बाद में पता चला कि राजू ने जोस के साथ मिलकर मजिस्ट्रेट की अदालत में रखे गए साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने की साजिश रची थी।

## पिंकी चौधरी ने फरारी में वीडियो बनाकर पुलिस को खुली चुनौती, कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**



शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में खुलेआम तलवारें बांटने के मामले में फरार चल रहे हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी की गतिविधियाँ लगातार कानून व्यवस्था को चुनौती देती नजर आ रही हैं। पुलिस की पकड़ से दूर रहते हुए पिंकी चौधरी सोशल मीडिया पर सक्रिय है । पिंकी चौधरी ने वीडियो जारी कर पुलिस और प्रशासन को खुलेआम चुनौती दिया है। बीती देर रात वायरल हुए एक वीडियो में उसने जिस भाषा और तेवर का इस्तेमाल किया है, वह न केवल भड़काऊ है बल्कि सीधे तौर पर कानून का मज़ाक उड़ाने जैसा प्रतीत होता है। सबसे गंभीर और आपत्तिजनक बयान वह है, जिसमें पिंकी चौधरी पुलिस और प्रशासन को सीधे चुनौती देते हुए कहता है कि 'जब लौट कर आऊंगा तब मुंह तोड़ जवाब दूंगा।' उसने यहां तक कह दिया कि अगर अपने परिवार की सुरक्षा के नाम पर तलवार बांटना अपराध है, तो वह यह अपराध करता रहेगा। यह बयान साफ तौर पर हिंसा को ठहराने और आम जनता को भड़काने वाला है। पूरा मामला तब सामने आया जब हिंदू रक्षा दल ने शालीमार गार्डन में हथियार वितरण के लिए बाकायदा स्टॉल लगाया। स्टॉल पर तलवार, फरसा, गड़ासा जैसे धारदार हथियार खुलेआम रखे गए। सिर्फ हथियार बांटे ही नहीं गए, बल्कि उन्हें इस्तेमाल करने के तरीके भी बताए गए। इस दौरान नारेबाजी होती रही और कार्यक्रम का नेतृत्व स्वयं पिंकी चौधरी ने किया। यह पूरा घटनाक्रम सार्वजनिक शांति और कानून व्यवस्था के लिए सीधी चुनौती था। पुलिस ने मामले में 16 नामजद और 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब तक 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन मुख्य आरोपी पिंकी चौधरी अभी भी फरार है। सवाल यह है कि आखिर फरारी के दौरान वीडियो बनाकर खुलेआम धमकी देने वाले व्यक्ति पर कानून का शिकंजा कब कसेगा ? यह मामला अब केवल एक संगठन या व्यक्ति का नहीं, बल्कि राज्य में कानून के राज की विश्वसनीयता का इम्तिहान बन चुका है।

## बैकफुट पर आए प्रभारी निरीक्षक मशीन लगाने को को बताया मजाक

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

गाजियाबाद के कौशांबी थाना प्रभारी अजय शर्मा के बांग्लादेशी नागरिकों की जांच के क्रम में मशीन से नागरिकता पहचान बताने वाले वायरल वीडियो की सुर्खियां बननें के बाद शासन के निर्देश के बाद जांच बैठ गई है। जबकि खुद थाना प्रभारी इसे मज़ाक बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश में लगे है। कौशांबी थाना प्रभारी का वायरल वीडियो का संज्ञान शासन ने भी किया जिनके निर्देश के बाद गाजियाबाद पुलिस आयुक्त ने एसीपी को इसकी जांच सौंपी है। गाजियाबाद पुलिस का यह वायरल वीडियो पूरे भारत में उत्तर प्रदेश की पुलिसिंग व्यवस्था को लेकर व्यंग्य का कारण बना। जिसके कारण शासन से इसकी रिपोर्ट तलब किया गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे बांग्लादेशी नागरिकों सहित गैर भारतीय नागरिकों की पहचान वृहद स्तर पर जारी है। इसके क्रम में हर थाना क्षेत्र। झुग्गियों और सार्वजनिक स्थलों पर रहने वालों की जांच शुरू किया गया है। जिसके क्रम में गाजियाबाद पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत कौशांबी थाना प्रभारी का वीडियो वायरल हुआ। अपने को बिहार के।अररिया जिले का निवासी बताने वाले व्यक्ति के पीठ पर मशीन लगाने की बात कहकर उसे बांग्लादेशी बताया जबकि व्यक्ति अपने को बिहार का निवासी बताता रहा। यह वीडियो वायरल होने के बाद गाजियाबाद पुलिस के कार्य प्रणाली को लेकर मीम खूब वायरल हुए।

# उत्तराखंड टूर यात्रा बना महानगर संगठन के लिए बना गले की हड्डी

**जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद**

■ गाजियाबाद नगर निगम में शुरू हुई भक्ति यात्रा के नाम पर खेमेबंदी का खेल

■ महापौर और पार्षदों के बीच असंतोष में जिम्मेदार नेताओं की इंट्री



गाजियाबाद नगर निगम कुछ वर्षों से अखाड़े में तब्दील हो गया है। कभी महापौर और नगर आयुक्त के बीच कार्याधिकार को लेकर असंतोष तो कभी पार्षदों और महापौर सहित निगम प्रशासन के मनमाने रवैए के खिलाफ सत्ताधारी नेताओं का आक्रोश फूटना। अब जो नया मामला जिले की राजनीति को इस कड़ाके की ठंड में गर्म कर रहा है ,उसमें भाजपा के कुछ पार्षदों की भक्ति के नाम पर उत्तराखंड की वादियों की टूर यात्रा है। जिसको जिले के जिम्मेदार नेताओं और रसूखवाले नेताओं की भी अंदरखाने मूक सहमति है। जिसका असर भाजपा के आगामी आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। महानगर संगठन और ट्रिपल इंजन की अगुवाई करने वाली महापौर के बीच खटास जग जाहिर है। निगम कार्यकारिणी चुनाव में घटित एकाधिकार के फैसले पर जिस प्रकार महानगर अध्यक्ष की किरकिरी हुई वह लगता है संगठन और सियासत के डोर के बीच गांठ पैदा कर दिया। जिसका असर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष के रूप जनपद में आए पंकज चौधरी के स्वागत समारोह में ही दिखा। जिस प्रकार से महापौर सुनीता दयाल अलग थलग दिखी उससे संगठन और सियासत के चर्चाओं को और भी मजबूत कर दिया। अब निगम की सियासत कई गुटों में हो रही है। निगम कार्यकारणी में हाउस टैक्स वृद्धि प्रस्ताव के सर्व सम्मति से निरस्त होने के बाद भी भाजपा पार्षद आज भी उस लड़ाई में अपने महापौर , विधायक , सांसद और कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद प्रशासनिक हटवादिता का शिकार हुए। जिसका मलाल कुछ पार्षदगणों को अभी भी है। जिस प्रकार हाउस टैक्स मुद्दे और कार्यकारिणी चुनाव में संगठन और नेताओं की फजीहत हुई उससे जिला गाजियाबाद में सत्ता के कई केंद्र बिंदु बन गए हैं। जिसके कारण कार्यकर्ताओं को अपने कार्य कराने हेतु परिक्रमा के साथ नजरें बचाकर अपने ही नेताओं की परिक्रमा करने विवश हैं। असंतोष की चिंगारी ऐसी अंदर ही अंदर सुलग रही है। जिसकी गर्मी लेने के लिए कुछ दरबारी नेताओं के गुट पार्षदों की भक्ति के नाम पर टूर की सियासत में अपनी गोटियां फिट करने में लग गए हैं। अब देखना है कि जनपद के जनप्रतिनिधियों की सियासत में कौन झुलसता है अथवा कौन इस तपिश में अपने कार्यसिद्धि में सिद्धहस्त साबित होता है।

### भाजपा के नाम पर चल रही सियासत में कोई मुखर नहीं होना चाहता

भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद में महानगर संगठन के विस्तार और बूथ लेवल तक सशक्त करने का जो कार्य सदर विधायक और पूर्व महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने किया उसका लाभ सभी उठा रहे हैं। निगम चुनाव में महापौर प्रत्याशी के रूप में पत्नी की दावेदारी खारिज होने के बाद भी निगम चुनाव में प्रचंड जीत के बाद जिस प्रकार संजीव शर्मा का कद बढ़ा उसका इनाम इन्हें विधायक के रूप मिला। निगम चुनाव के समय से ही जिले की राजनीति गुटों में बंट गई थी। उस समय के सांसद बी के सिंह बनाम विधायकों की लड़ाई खुलकर सामने आई निगम के टिकट बंटवारे से लेकर सांसदी चुनाव तक वह सतह पर आ गई। उसके बाद भी भाजपा ने हर चुनाव में भारी सफलता प्राप्त करके कमजोर विपक्ष को और कमजोर के दिया। गाजियाबाद में गुटों की लड़ाई की कहानी प्रदेश संगठन से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक के नेताओं को पता है। लेकिन वहां भी आशीर्वाद और स्नेह की अंदरखाने नीति उसी प्रकार चल रही है जैसे प्रदेश के संगठन में जिम्मेदार नेताओं ने संभाल रखी थी। अनुशासन के नाम पर आश्वासन की जरूरत को आगे करके बड़े नेता भी जनपद के रसूख वाले नेताओं के द्वारा दिए जाने सम्मान से गदगद हैं। जिले में ।संगठन के गुट भले कितने बन जाए लेकिन उसका असर संगठन और सियासत करने वालों को पता है। चुनाव चिन्ह कमल के नाम पर राजनीतिक रसूख और नेतागिरी चल रही यह बात सबको पता है। इसलिए कोई लीक से हटकर आवाज़ बुलंद करने से घबराते हैं। भले टूर हो या भक्ति यात्रा यह शिगूफा ही साबित होगा। दबाव की राजनीति का कोई असर होगा यह भविष्य बतायेगा।